माघ शुक्ल पक्ष, पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 14 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 20, पृष्ठ-14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पहली बार हुई चपटे आकार के एक्सोप्लैनेट ग्रह की खोज 14

लाहौर 1947 में सनी देओल संग काम करेंगी प्रीति 13

एक नजर

तेजस्वी ने माफी मांगी मानहानि का मुकदमा रद

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राजद नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ उनकी विवादास्पद टिप्पणी को लेकर अहमदाबाद की एक अदालत में दायर मानहानि का मुकदमा उनके माफी मांगने के साथ ही रद कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले में राजद नेता के माफीनामे को स्वीकार करने के बाद उन्हें राहत प्रदान की। तेजस्वी ने पिछले साल मार्च में एक बयान में कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। इसके बाद गुजरात के अहमदाबाद के निवासी व्यवसायी हरेश मेहता ने उनके खिलाफ अदालत में मानहानि शिकायत की थी।

प. बंगाल में वायुसेना का हॉक विमान दुर्घटनाग्रस्त

कोलकाता। भारतीय वायुसेना का हॉक ट्रेनर विमान पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा एयरबेस पर एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। फिलहाल इस दुर्घटना में जानमाल के नुकसान के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भारतीय वायुसेना ने एक बयान में कहा कि विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) का गठन किया है, जो संभावित तकनीकी खराबी या मानवीय त्रुटि सहित घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच करेगी।

दिल्ली जाने पर अड़े किसान, शंभू बॉर्डर पर बवाल

सुरक्षाकर्मियों ने ड्रोन से दागे आंसू गैस के गोले डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी-किसान घायल

चंडीगढ़, एजेंसी

हरियाणा पुलिस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून बनाने की मांग कर रहे किसानों के दिल्ली कूच करने के बीच अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। यहां किसान बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान अंबाला कैंट के डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी-किसान घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि कुछ किसानों को हिरासत में भी लिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च में शामिल युवाओं के एक समूह ने अंबाला में शंभू सीमा पर लगाए अवरोधक तोड़ने की कोशिश की, जिसके बाद हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। जब कुछ युवाओं ने लोहे के अवरोधक तोड़े और इसे घग्घर नदी पुल से फेंकने की कोशिश की तो पुलिस को आंसू गैस के कई गोले छोड़ने पड़े। उन्होंने बाद में आंसू गैस का गोला गिराने के लिए एक ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। किसानों ने फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी देने समेत अन्य मांगों को लेकर दो केंद्रीय नेताओं के साथ बैठक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली की ओर कूच करने का फैसला किया है।

कई किसानों ने अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ फतेहगढ़ साहिब से सुबह करीब 10 बजे मार्च शुरू किया और वे शंभू सीमा के जरिए दिल्ली की ओर बढ़ रहे हैं। फतेहगढ़ साहिब और शंभू सीमा के बीच दूरी करीब 35-40 किलोमीटर है। किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉली काफिले को शंभू सीमा की ओर बढ़ते हुए देखा गया। ट्रॉली में बुजुर्ग, युवा और महिलाओं को बैठे हुए देखा गया। हरियाणा की ओर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने पंजाब की ओर से सीमा पर आ रहे युवाओं के एक समूह को शंभू सीमा के समीप अवरोधकों से दूर रहने को भी कहा। हरियाणा में प्राधिकारियों ने कंक्रीट के अवरोधक, लोहे की कीलों और कंटीली तारों का इस्तेमाल कर अंबाला, जींद, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र और सिरसा में कई स्थानों पर पंजाब के साथ राज्य की सीमाओं की किलेबंदी कर दी है।

पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले दागे जाने के बाद तितर-बितर किसान। ● एजेंसी

पंजाब और हरियाणा बॉर्डर पर पुलिस ने रबर की गोलियां चलाईं, खनौरी बॉर्डर पर लाठियां भांजी

शंभू बॉर्डर के पास लगाए गए कंक्रीट बैरिकेड को हटाने की कोशिश करते किसान।

किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए सरकार तैयार

नई दिल्ली। किसानों के दिल्ली कूच के बीच केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरकार किसानों की हर समस्या पर बात करने को तैयार है। मुंडा ने कहा कि कृषि और किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ बातचीत चल रही है और सरकार हर मुद्दे पर बात करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जनता को परेशानी में नहीं डालना चाहिए और किसान संगठनों को इसे समझना चाहिए। मुंडा ने कहा कि सरकार बातचीत के लिए तैयार है।

वार्ता में फिर शामिल हों, तोड़फोड़ समस्याओं का हल नहीं : अनुराग

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदर्शनकारी किसानों से अपनी मांगों को लेकर सरकार के साथ फिर से बातचीत में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की हिंसा या टकराव उनकी समस्याओं का समाधान नहीं है। अनुराग ने कहा कि सरकार ने किसान संगठनों की कुछ मांगें मान ली हैं।

हाईकोर्ट का हरियाणा, पंजाब और केंद्र को नोटिस

चंडीगढ़। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च से संबंधित दायर दो अलग-अलग याचिकाओं पर केंद्र के अलावा हरियाणा और पंजाब राज्यों को नोटिस जारी किए। याचिकाकर्ताओं में से एक ने अदालत से किसानों के विरोध-प्रदर्शन के खिलाफ हरियाणा और पंजाब तथा केंद्र सरकार की सभी 'अवरोधक' कार्रवाइयों पर रोक लगाने का अनुरोध किया है, जबकि दूसरे याचिकाकर्ता ने यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है कि प्रदर्शनकारियों द्वारा कोई राजमार्ग अवरुद्ध न किया जाए, क्योंकि इससे आम जनता का दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 15 फरवरी तय की है।

फौजी ने दूल्हे समेत 7 लोगों को मारी गोली, एक की मौत

गोंडा कार्यालय

- जमीनी विवाद में 10-12 राउंड फायरिंग की, 6 लोग घायल
- छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के पांडेयपुरवा में हुई वारदात

अमृत विचार: छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के पांडेयपुरवा में मंगलवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर एक फौजी ने दूल्हे समेत सात लोगों को गोली मार दी। गोली लगने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मृतक महिला अपने भांजे की शादी में शामिल होने के लिए आई थी। फायरिंग करने वाले आरोपी सीताराम पुलिस गिरफ्त में है।

पुलिस के अनुसार छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के मजरे पांडेयपुरवा के रहने वाले बाबू राम जायसवाल व सीताराम यादव के परिवार के बीच जमीन को लेकर रंजिश चल रही है। बाबूराम जयसवाल के मुताबिक मंगलवार को उसके बेटे अमनदीप की बारात जानी थी। रिश्तेदारों की सहूलियत के लिए बाबू राम गली में टिन लगा रहे थे। इससे नाराज फौजी सीताराम यादव भड़क गया और उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी।

रामलला को मिले छह अंगरक्षक

अयोध्या, अमृत विचार। राम मंदिर में विराजमान बाल्य स्वरूप रामलला की सुरक्षा के लिए अब विशेष व्यवस्था भी पूर्ण हो गई है। दर्शन के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रामलला की सुरक्षा में छह अंगरक्षक तैनात कर दिए गए हैं। हर वक्त दो अंग रक्षक आठ-आठ घंटे रामलला की सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। बताया जाता है कि ये अंगरक्षक गर्भगृह और रामलला के श्रृंगार के आभूषण और वस्त्र की निगरानी भी करेंगे। बता दें कि बीते दिनों राम मंदिर स्थाई सुरक्षा समिति की बैठक में श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए अंगरक्षक नियुक्त किए जाने पर सहमति बनी थी। इसके बाद अब जिला प्रशासन की ओर से रामलला की सुरक्षा को लेकर छह अंगरक्षक प्रदान किए गए हैं।

अंतरिक्ष में भी भारत-यूएई की दोस्ती का परचम

अबू धाबी, एजेंसी

- अबू धाबी में प्रवासी भारतीय समुदाय के बीच बोले प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे। यहां अबू धाबी में एयरपोर्ट पर खुद यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद दोनों नेताओं ने मुलाकात की और दोनों नेताओं के बीच कई अहम समझौते हुए।

इसके बाद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम 'अहलान मोदी' में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने अबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 'मोदी मोदी' के नारों के बीच 'अहलन मोदी' में शामिल हुए भारतवंशी लोगों का अभिवादन 'नमस्कार' कहकर किया। उन्होंने कहा कि आज मैं अपने परिवार के सदस्यों से मिलने आया है। समुद्र पार जिस देश की मिट्टी में आपने जन्म लिया, उस मिट्टी की खुशबू मैं आपके लिए लेकर आया हूं। भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीय भाई-बहनों को आप पर गर्व है। उन्होंने कहा कि वह भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में इस स्नेह से अभिभूत हैं। मोदी ने कहा, 'भारत और यूएई प्रगति में साझेदार हैं। हमारे संबंध प्रतिभा, नवाचार और संस्कृति के हैं।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि, 'अब अबू धाबी में भव्य दिव्य मंदिर के लोकार्पण का ऐतिहासिक समय आ गया है। भारत-यूएई की दोस्ती जितनी जमीन पर मजबूत है, उतना ही उसका परचम अंतरिक्ष में भी लहरा रहा है। मैं स्पेस में समय बिताने वाले यूएई के पहले अंतरिक्ष यात्री को बधाई देता हूं।'

जायद स्टेडियम में 'मोदी-मोदी' के नारों के बीच प्रवासी भारतीयों का अभिवादन स्वीकार करते पीएम मोदी।

यूएई का सर्वोच्च नागरिक सम्मान करोड़ों भारतीयों का सम्मान

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि हमें भी चार बार शेख नाहयान का भारत में स्वागत करने का अवसर मिला है। पहले वह गुजरात आए थे, तब लाखों लोग उनका आभार व्यक्त करने के लिए सड़क के दोनों ओर जमा हो गए थे। यह भी मेरा सौभाग्य है कि यूएई ने मुझे अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ जायद से सम्मानित किया। यह सिर्फ मेरा सम्मान नहीं है, बल्कि करोड़ों भारतीयों का सम्मान है।

कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या

- जेईई परिणाम आने के बाद उठाया कदम बीते 20 दिनों में चौथी घटना

कोटा, एजेंसी। कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा में जेईई का परिणाम आने के साथ ही एक और कोचिंग छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बीते 20 दिनों में कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की चौथी घटना है। जानकारी के अनुसार कोटा में रहकर एक निजी कोचिंग संस्थान से जेईई के लिए कोचिंग कर रहे छत्तीसगढ़ के एक कोचिंग छात्र शुभ कुमार चौधरी ने सोमवार रात किसी समय फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसका पता मंगलवार सुबह लगा। सोमवार रात ही जेईई मेंस की परीक्षा का परिणाम आया था। परिणाम आने की जानकारी मिलने के बाद उसके माता-पिता ने उसे मंगलवार की सुबह फोन किया। उसने फोन नहीं उठाया तो उन्होंने हॉस्टल के वार्डन को फोन किया। हॉस्टल के वार्डन ने शुभ के कमरे का दरवाजा धक्का देकर खोला तो वह फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला।

स्वामी प्रसाद का सपा महासचिव पद से इस्तीफा

लखनऊ। स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को संबोधित एक पत्र में न केवल इस्तीफा देने के कारणों की चर्चा की है, बल्कि यह भी स्पष्ट किया है कि उन्होंने केवल पद से इस्तीफा दिया है, पार्टी से नहीं। वह पार्टी को सशक्त बनाने के लिए तत्पर रहेंगे। स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख को लिखे पत्र में जहां स्वयं को विधान परिषद भेजने और राष्ट्रीय महासचिव का पद देने के लिए अखिलेश का आभार जताया, वहीं गंभीर आरोप भी लगाए हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए इस पत्र में उन्होंने अपने हिंदू धर्म एवं कर्मकांड को लेकर की गई विवादित टिप्पणियों के कारण भी बताते हुए अपने बयानों को जायज ठहराया है। माना जा रहा है कि स्वामी प्रसाद को अपने राज्यसभा भेजे जाने की उम्मीद थी, न पूरी होने पर इस्तीफा दिया है।

सपा को पल्लवी पटेल ने दिया झटका, उसे वोट न देने की अपील

लखनऊ। सपा को मंगलवार को एक साथ दो झटके मिले। एक ओर राष्ट्रीय महासचिव पद से जहां स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस्तीफा दिया वहीं, पार्टी की सहयोगी दल अपना दल कमेरावादी की नेता व विधायक पल्लवी पटेल ने राज्यसभा चुनाव में सपा उम्मीदवार को वोट ना देने की बात मीडिया से साझा की है। विधायक पल्लवी पटेल ने मंगलवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। राज्यसभा में जया बच्चन और आलोक रंजन को भेजने नाराज पल्लवी पटेल ने कहा कि, पीडीए का मतलब मैं पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक समझती हूं, लेकिन इसे इसे बच्चन और रंजन से जोड़ कर देखा जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि, जब लड़ाई पिछड़ा दलित खेत-खलिहान की हो रही है तो फिर पीडीए कहां गया।

निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का मामला

नए कानून पर रोक से कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति से संबंधित नए कानून के अमल पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। नए कानून में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति ऐसी समिति द्वारा किये जाने का प्रावधान है, जिसमें प्रधान न्यायाधीश शामिल नहीं होंगे।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एक गैर-सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से दायर याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया और इस याचिका को इसी विषय पर लंबित अन्य याचिकाओं के साथ अप्रैल में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिका में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। एनजीओ की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि यह कानून शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के उस फैसले के विपरीत है, जिसने निर्देश दिया था कि सीजेआई उस समिति का हिस्सा होंगे, जो सीईसी और ईसी की नियुक्ति करेगा। जब भूषण ने कानून के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगाने पर जोर दिया, तो पीठ ने कहा, 'माफ करें, हम आपको इस मामले में अंतरिम राहत नहीं दे सकते।'

सोनिया गांधी राजस्थान से होंगी राज्यसभा के लिए उम्मीदवार

नई दिल्ली/जयपुर। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी राज्यसभा चुनाव में राजस्थान से पार्टी की उम्मीदवार होंगी और वह बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। पार्टी सूत्रों ने ने बताया कि सोनिया गांधी बुधवार को जयपुर में नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रह सकते हैं। कांग्रेस राज्यसभा चुनाव के लिए बहुत जल्द अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तिथि 15 फरवरी है। सोनिया गांधी वर्ष 1999 से लगातार लोकसभा सदस्य हैं। यह पहली बार होगा कि वह संसद के उच्च सदन में जाएंगी। कांग्रेस कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल से राज्यसभा की सीट जीतने की स्थिति में है। राजस्थान कांग्रेस ने पार्टी नेतृत्व से राज्य से सोनिया गांधी को नामित करने का आग्रह किया था।

शोहदों की छेड़खानी से तंग आकर भाजपा नेत्री की बेटी ने दी जान

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

- मां की तहरीर पर चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

अमृत विचार: छेड़खानी से तंग आकर भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री की पुत्री ने मंगलवार को पंखे के सहारे रस्सी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। बेटी की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। भाजपा नेता ने आरोपी युवकों के खिलाफ तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

पनवड़िया के पास हाइडिल कॉलोनी में विद्युत निगम के कर्मचारी विवेक सक्सेना की पत्नी सविता सक्सेना भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री हैं। उनके दो पुत्र और एक पुत्री हैं। 13 वर्षीय पुत्री आठवीं की छात्रा थी। भाजपा नेत्री किसी काम से कहीं गई थीं। इस बीच किसी समय उनकी पुत्री ने फंदे पर लटककर जान दे दी। मृतका की मां ने कुछ युवकों के खिलाफ शिकायत की। इसमें कहा गया है कि इन युवकों ने उसका स्कूल जाना भी दुश्वार कर दिया था। परेशान हो जाने के बाद मामला युवकों के परिजनों को बताया गया तो युवक परिजनों के दबाव में लिखित में माफीनामा लिखकर दे गए थे। किशोरी के परिजनों का आरोप है कि मंगलवार दोपहर युवकों ने घर में घुसकर बेटी को परेशान किया था।

गुजरात में घोड़े पर चढ़ने को लेकर दलित दूल्हे से मारपीट

गांधीनगर। अपनी शादी के दौरान बारात में घोड़े पर चढ़ने को लेकर एक दलित दूल्हे पर हमला करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना चाडसना गांव में हुई। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने दलित दूल्हे विकास चावड़ा को जातिसूचक गालियां भी दीं। दूल्हे के रिश्ते के भाई द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत में बताया गया कि दूल्हा घोड़े पर सवार होकर गांव में दुल्हन के घर जा रहा था, तभी मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति ने उसे घोड़े से नीचे खींच लिया और थप्पड़ मार दिया। आरोपी के साथ तीन और लोग शामिल हो गए।

75 जिलों में शुरू होंगी 10.11 लाख करोड़ की परियोजनाएं: योगी

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

मुख्यमंत्री ने की तीन दिवसीय जीबीसी 4.0 की तैयारियों की समीक्षा, आएंगे 35 सौ निवेशक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौथी ग्राउंड ब्रेक्रिंग सेरेमनी के जरिए प्रदेश के औद्योगिकरण को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने मंगलवार को विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विकास प्राधिकरणों के सीईओ के साथ हुई विशेष बैठक में कहा कि 19 फरवरी को एक साथ प्रदेश के सभी 75 जिलों में 10.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं जमीन पर उतरेंगी। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। कई केंद्रीय मंत्री, बड़े उद्योगपति, पार्टनर देशों के प्रतिनिधि समेत देशी-विदेशी 35 सौ निवेशक इसके गवाह बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने तीन दिवसीय प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 को लेकर विभागवार और जनपदवार निवेश प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा एक साथ 14 हजार से अधिक निवेश प्रस्तावों के जमीनी क्रियान्वयन की शुरुआत होगी। इस अवसर पर उद्योग जगत के अनेक प्रतिष्ठित समूह, सीईओ, निवेशकों आदि की उपस्थिति होगी। यह समारोह प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश के औद्योगिक विकास को गति देने का माध्यम होगा। निर्देश दिए कि समारोह की गरिमा और महत्ता के दृष्टिगत सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए जाएं।

> नया उत्तर प्रदेश 'उद्यम प्रदेश' बनकर, भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में देश के विकास को सतत गति दे रहा है। प्रदेश आज 6 वर्ष बाद चतुर्थ जीबीसी में 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार है।
> **-योगी आदित्यनाथ**, मुख्यमंत्री

वीवीआईपी मेहमानों को लेकर खास इंतजाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीबीसी में अनेक केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राजदूतों, जनप्रतिनिधिगणों की सहभागिता भी होनी है। निर्देश दिया कि अति विशिष्ट जनों के सुरक्षा व सत्कार प्रोटोकाल का पूर्णत: अनुपालन किया जाना चाहिए। सीएम फेलो की काउंसिलिंग/ट्रेनिंग करके उन्हें इन अतिविशिष्ट जनों के साथ संबद्ध किया जाए। औद्योगिक जगत के शीर्षस्थ उद्यमियों, निवेशकों आदि की आवासीय व्यवस्था, भोजन, आवागमन, पार्किंग आदि के समुचित प्रबंध किए जाएं।

सभी जिलों में होगा सीधा प्रसारण : मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री संबोधन का सभी जिलों में सीधा प्रसारण कराया जाए। इसके लिए स्क्रीन लगाई जाए। जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय उद्यमियों/व्यापारियों को आमंत्रण पत्र भेजा जाए। यहां जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति हो।

एक नजर

आज आएंगे भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी पांडा

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में भाजपा लोकसभा चुनाव संगठन का प्रदेश प्रभारी बनने के बाद बुधवार को पहली बार पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा लखनऊ आएंगे। सुबह 8:45 बजे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित उनका स्वागत करेगें।

जिलास्तर से रूर्बन मिशन कार्यों का होगा सत्यापन

अमृत विचार, लखनऊ : श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना के कार्यों का सत्यापन मंडल व जिला स्तर से गठित कमेटी करेगी। ग्राम्य विकास आयुक्त ने जिलाधिकारी को मंडल व जिला स्तर की संयुक्त कमेटी बनाकर सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं।

फर्जी शिक्षकों को बचाने में मदरसा बोर्ड के पूर्व रजिस्ट्रार निलंबित

दो मदरसा शिक्षकों के फर्जी अंक पत्रों के सत्यापन में दी गलत रिपोर्ट, विधायक ने मुख्यमंत्री से की थी शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कुशीनगर के मदरसे में दो शिक्षकों ने नियुक्ति के लिए लगाए थे फर्जी अंक पत्र
- शैक्षिक अभिलेख फर्जी पाये जाने के बाद भी तत्कालीन रजिस्ट्रार ने नहीं की कार्रवाई

अमृत विचार : मदरसा शिक्षा परिषद के पूर्व रजिस्ट्रार जगमोहन सिंह को शासन ने निलंबित कर दिया है। जो वर्तमान में प्रयागराज में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में उप निदेशक पद पर तैनात हैं, उनके खिलाफ विभागीय जांच का भी आदेश दिया गया है। सोमवार देर शाम को यह कार्रवाई कुशीनगर के हाटा से भाजपा विधायक मोहन वर्मा की शिकायत पर की गई है। विधायक ने मुख्यमंत्री से दो शिक्षकों के फर्जी अंक पत्र के सत्यापन में गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया था। इस मामले की जांच पूरी होने पर उनको बर्खास्त भी किया जा सकता है।

कुशीनगर जनपद के मदरसा तेगिया शरीफिया नुरूल उलूम शाहपुर के दो शिक्षक साबिर अली अंसारी एवं जाकिर हुसैन अंसारी ने फर्जी अंक पत्र के आधार पर नौकरी हासिल की। दोनों शिक्षकों के अंक पत्र का

जगमोहन सिंह

सत्यापन कराने की मांग मदरसा गौसिया फैजुल उलूम महियरवां, दुदहीं के लिपिक अनवर हुसैन द्वारा की गई। तत्कालीन रजिस्ट्रार जगमोहन सिंह ने अपने कार्यालय द्वारा जारी पत्र संख्या-916 में जाकिर हुसैन की कामिल वर्ष 2014 व साबिर अली की आलिम वर्ष 2014 के अंक पत्रों का मिलान मुख्य परीक्षा अभिलेख से कराया जो पूर्णतया असत्य एवं फर्जी पाया गया। इसके बाद भी इन शिक्षकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

हाटा के विधायक ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

इसकी जानकारी होने पर कुशीनगर जनपद के हाटा से भाजपा विधायक मोहन वर्मा ने वर्ष 2023 मई में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। जिसमें पूर्व रजिस्ट्रार व इस मामले से संबंधित सभी तथ्यों की जांच एसआईटी से कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री कार्यालय से जांच का आदेश जारी हुआ। शुरुआती जांच में पूर्व रजिस्ट्रार दोषी पाए गए। इस आधार पर तत्काल प्रभाव से उनको निलंबित कर दिया गया।

शासन को भटकाने का किया था प्रयास : दोनों शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेख फर्जी पाये जाने के बाद भी तत्कालीन रजिस्ट्रार जगमोहन सिंह ने कार्रवाई नहीं की। न ही दोनों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया।

विधायक का आरोप है कि दोनों मदरसा शिक्षकों से मोटी रकम लेकर अपने कार्यकाल में 26 जुलाई 2022 को दस्तावेज को सही बता दिया गया। साथ ही शासन का ध्यान भटकाने के लिए बिना कोई कारण बताए अपने कार्यालय में तैनात लिपिक अरुण कुमार तिवारी और राकेश को 27 जुलाई 2022 को निलंबित कर दिया। मामला शांत होने के बाद रजिस्ट्रार ने दोनों को बहाल भी कर दिया था।

पुरस्कार से स्मार्ट बनेंगे तीन डीपीआरओ कार्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 15 जिले दौड़ में, तीन कार्यालयों को मिलेगा पुरस्कार

अमृत विचार : स्मार्ट जनपद कार्यालय की दौड़ में 15 जिले शामिल हैं। इनमें से तीन जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय का चयन कर डॉ. राम मनोहर लोहिया पंचायत सशक्तीकरण पुरस्कार 2023-24 से स्मार्ट बनाया जाएगा। इसके लिए पंचायती राज निदेशालय ने अभिलेख मांगे हैं।

पुरस्कार के तहत में दो, ढाई व तीन लाख रुपये पुरस्कार के तौर पर मिलेंगे। जो कार्यालय को स्मार्ट बनाने में खर्च किए जाएंगे। कुल 26 जिलों ने आवेदन किए थे और सभी ने 50 अंक वाली 19 प्रश्नों की प्रश्नावली ऑनलाइन फीड की थी। इनमें बरेली, बदायूं, पीलीभीत, हमीरपुर, बहराइच, श्रावस्ती, ललितपुर, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर व सहारनपुर पुरस्कार की कतार में हैं।

इन सभी जिलों से प्रश्ननों से संबंधित निदेशक राज कुमार ने दस्तावेज मांगे हैं। इस आधार पर चयन किया जाएगा। इसी तरह 18 मंडल में एक-एक ग्राम पंचायत स्मार्ट के अभिलेख मांगे हैं।

जया समेत सपा के तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्यसभा चुनावः अखिलेश -शिवपाल रहे मौजूद, सपा को अपना तीसरा प्रत्याशी जिताने के लिए रहेगी एक वोट की जरूरत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः पार्टी के तीनों उम्मीदवारों जया बच्चन, रामजी लाल सुमन और आलोक रंजन ने मंगलवार को नामांकन किया। विधानभवन के कमरा नंबर 48 में इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पार्टी महासचिव शिवपाल यादव, समेत अन्य विधायक मौजूद रहे।

मंगलवार को विधानभवन में निर्वाचन अधिकारी ब्रजभूषण दुबे के समक्ष सपा के तीनों उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दस-दस प्रस्तावकों के हस्ताक्षर के साथ दाखिल किया। निर्वाचन अधिकारी व विधानसभा के विशेष सचिव ने बताया कि तीनों प्रत्याशियों ने दो-दो सेट में अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। सभी उम्मीदवारों ने दोपहर 12 बजे नामांकन दाखिल किये।

तीनों उम्मीदवारों को जिता सकती है सपा : सपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने सपा ने राज्यसभा में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के लिए दलित नेता रामजी लाल सुमन पर भरोसा जताया है। चौधरी ने कहा कि रालोद के एनडीए में जाने से राज्यसभा चुनाव के नतीजे पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सपा गठबंधन के पास इतना संख्या बल है कि वह अपने तीनों उम्मीदवारों को जिता सकती है।

सपा के पास 108 विधायक हैं और विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) में उसकी सहयोगी कांग्रेस के पास दो विधायक हैं। राज्यसभा में एक उम्मीदवार की सीट सुरक्षित करने के लिए 37 प्रथम वरीयता वोटों की आवश्यकता होगी और इस तरह सपा तीन सदस्यों को राज्यसभा में भेज सकती है।

आलोक रंजन व उनकी पत्नी के पास 12.50 करोड़ की संपत्ति

लखनऊ :पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन ने राज्यसभा के लिए जो नामांकन फार्म भरा उसके मुताबिक, उनके पास नकदी 20,000 रुपये की नकदी है। जबकि पत्नी के पास भी नकदी के रूप में इतने ही रुपये हैं। वहीं, विभिन्न बैंकों में कुल जमा राशि 1,42,77,924 .11 रुपये हैं। पत्नी के नाम बैंकों में जमा 27,27,752 .86 रुपये जमा हैं। पूर्व मुख्य सचिव का शेयर आदि में निवेश का मूल्य 2,67,26,526 .31 रुपये जबकि पत्नी द्वारा शेयर आदि में निवेश का मूल्य 1,09,70,670 .00 रुपये का है। आलोक रंजन के नाम से एक होण्डा सिटी और पत्नी के पास के महिन्द्रा केयूवी कार है। उनके स्वयं के पास ज्वेलरी है जिसकी कीमत करीब 4,00,000 रुपये है। पत्नी के पास करीब 46,88,250 कीमत के गहने हैं। 1976 बैच के एमबीए पूर्व आईएएस के पास 70 लाख कीमत की अस्थायी संपत्ति है जबकि 3 करोड़ 75 लाख की पत्नी के नाम है।

आलोक रंजन का नामांकन पत्र दाखिल करते सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, साथ में प्रत्याशी जया बच्चन व रामजी लाल सुमन।

पांच साल में छह गुना बढ़ी जया की संपत्ति

लखनऊ। सपा की ओर से एक बार फिर राज्यसभा जाने को तैयार जया बच्चन ने मंगलवार को जो नामांकन फार्म भरा उसके मुताबिक उनके पास कुल 1001 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति है। उनकी संपत्ति 5 साल में 6 गुना बढ़ गई है। इनकम टैक्स रिटर्न के मुताबिक, जया बच्चन ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1,63,56,190 रुपये की कमाई की थी। जबकि पांच साल पहले यानी 2018-19 में उनकी कमाई 25,54,410 रुपये थी।जया बच्चन ने नामांकन पत्र में अपने पति और दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन की संपत्ति का ब्योरा भी दिया है। जिसके मुताबिक वित्तीय वर्ष 2022-23 में अमिताभ बच्चन की कमाई 273,74,96,590 रुपये, 2020-21 में 226,30,11,810 रुपये, 2019-20 में 152,19,16,340 रुपये और 2018-19 में 193,66,97,120 रुपये की थी। इसके अलावा जया बच्चन के पास 57,507 रुपये और अमिताभ बच्चन के पास 12,75,446 रुपये नकद हैं। जया बच्चन के पास 9,82,385 रुपये की मोटर व्हीकल है। वहीं अमिताभ बच्चन के नाम पर 17 करोड़ 66 लाख रुपये से ज्यादा की लग्जरी कारें हैं। इसके अलावा जया बच्चन के पास जहां 40 करोड़ 97 लाख रुपये से ज्यादा की ज्वैलरी है। वहीं अमिताभ बच्चन के पास 54 करोड़ 77 लाख रुपये की ज्वैलरी है।

रामजी लाल सुमन के पास 60 हजार की नकदी

लखनऊ : सपा के राज्यसभा उम्मीदवारों में से एक रामजी लाल सुमन के नामांकन फार्म से संबद्ध हलफनामे के मुताबिक, उनके पास मात्र 60 हजार की नकदी है। जबकि उनके कोई आश्रित भी नहीं हैं। उनके पास बैंक में डिपॉजिट एलआईसी और तीन लाख की ज्वेलरी समेत कुल स्थायी संपत्ति 37,18 हजार 189 रुपये हैं। जबकि लॉ ग्रेजुएट सुमन के पास 1 करोड़ 85 लाख कीमत की संपत्ति है।

नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख कलः राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है। नामांकन पत्रों की समीक्षा 16 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से की जाएगी। मतदान 27 फरवरी को होगा और नतीजे उसी दिन घोषित किए जाएंगे।

राज्यसभा सदस्य चुने जाने के लिए 37 विधायकों के वोट चाहिए। सपा के वर्तमान में 108 विधायक हैं, उसे तीन सीटों पर जीत के लिए 111 विधायकों की जरूरत है। चूंकि विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में सपा भी शामिल है, ऐसे में उसे कांग्रेस के दो विधायकों का समर्थन मिल जाएगा। उसे सिर्फ एक वोट की और जरूरत पड़ेगी।

अखिलेश को लिखे पत्र में स्वामी ने जताई नाराजगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः सपा के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा देते हुए पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को संबोधित पत्र में नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने एक राजनीतिक सुझाव का खुलासा करते हुए लिखा है कि, बीते साल जनवरी-फरवरी 2023 में मैंने आपके (अखिलेश) समक्ष सुझाव रखा कि जातिवार जनगणना कराने, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ों के आरक्षण को बचाने, बेरोजगारी व बढ़ी हुई महंगाई, किसानों की समस्याओं व

- राजनीतिक सुझाव का खुलासा करते हुए बताईं महत्वपूर्ण बातें

लाभकारी मूल्य दिलाने, लोकतंत्र व संविधान को बचाने, देश की राष्ट्रीय संपत्तियों को निजी हाथ में बेचे जाने के विरोध में प्रदेशव्यापी भ्रमण कार्यक्रम के लिए रथ यात्रा निकाली जानी चाहिए।

आगे उन्होंने लिखा कि इस पर आश्वासन के बाद भी कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आया। स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस पत्र में अपने हिंदू धर्म एवं साहित्य को लेकर की गई विवादित टिप्पणियों के कारण भी बताए। उन्होंने लिखा कि, मैंने ढोंग-ढकोसला, पाखंड व आडंबर पर प्रहार किया, तो भी कुछ पार्टीजनों ने मुझे निशाना बनाया। मुझे इसका मलाल नहीं, क्योंकि मैं तो भारतीय संविधान के निर्देश के क्रम में लोगों को वैज्ञानिक सोच के साथ खड़ा कर लोगों को सपा से जोड़ने की अभियान में लगा रहा। यहां तक कि मुझे जान से मारने की धमकियां मिलीं।

मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाएगा जेके सीमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : जेके सीमेंट लिमिटेड के उप प्रबंध निदेशक व सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया ने प्रदेश में कंपनी के विकास के लिए दीर्घकालिक रोड मैप तैयार करने और रोजगार सृजन के अवसरों को रेखांकित करने के उद्देश्य से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 में भाग लेंगे। इनका कहना है कि सीमेंट की कई इकाईयों के साथ कानपुर में मल्टी स्पेशेलिटी हॉस्पिटल स्थापित करने की तैयारी में है। माधवकृष्ण सिंघानिया ने कहा कि जीबीसी के माध्यम से अलीगढ़ संयंत्र के लिए 300 करोड़ रुपये का शुरुआती निवेश करेंगे, इसी तरह हमीरपुर संयंत्र के लिए 400 करोड़ रुपये के साथ 500 करोड़ रुपये की लागत के साथ प्रयागराज इकाई के लिए नवीनतम निवेश में परिवर्तित होगा।

पावर सरप्लस स्टेट का रास्ता आसान करेगा जीबीसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट्स (पीएसपी) में विद्युत उत्पादन (नवीकरण उर्जा) के क्षेत्र में देश की छह बहुराष्ट्रीय कंपनियों की आठ परियोजनाओं से प्रदेश को 'पावर सरप्लस स्टेट' बनने का रास्ता आसान हो जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 13250 मेगावाट की सोनभद्र, मिर्जापुर और चंदौली में इन परियोजनाओं का वर्चुवल भूमिपूजन होगा। इन परियोजनाओं के तहत ग्रीनको ग्रुप, टोरेंट पावर ग्रुप, जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी लिमिटेड, एसीएमई क्लीनटेक सॉल्यूशंस, अमुनरा इन्फ्राटेक एवं एग्रीटेक प्रा. लि. तथा अवाड़ा वॉटर बैटरी प्राइवेट जैसी कंपनियां नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा निवेश करने को तैयार है। इन आठ परियोजनाओं में से छह सोनभद्र तथा दो मिर्जापुर व चंदौली जिलों में स्थित हैं। सोनभद्र की परियोजनाओं के लिए जल सोन नदी से लिया जाएगा, जबकि मिर्जापुर तथा चंदौली के लिए जल का स्रोत अदवा डैम तथा मूसाखंड डैम होंगे।

आपदा नियंत्रण को आईआईटी रुड़की से लेंगे मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर राहत आयुक्त और आईआईटी रुड़की के बीच जल्द साइन होगा एमओयू

अमृत विचारः राज्य सरकार प्रदेश में आपदाओं से निपटने के लिए आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों का सहयोग लेगी। सरकार के निर्देश पर राहत आयुक्त कार्यालय और आईआईटी रुड़की के बीच जल्द ही एक एमओयू साइन किया जाएगा।

इसके तहत आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ विभाग के कर्मचारियों को आपदा बचाव के उच्च प्रबंधन का प्रशिक्षण देने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। साथ ही, आपदाओं पर शोध व आंकलन के जरिए प्रदेश में ऐसी स्थिति होने से पहले ही कार्य योजना के विकास व क्रियान्वयन का मार्ग सुनिश्चित करेंगे।

अपर मुख्य सचिव सुधीर गर्ग ने बताया कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में आपदाओं की दृष्टि से उप्र संवेदनशील है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस विषय पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने हाल में ही आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक में इससे निपटने और इसके कारणों पर अध्ययन करने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में, आईआईटी रुड़की से एमओयू को लेकर बातचीत चल रही है। एमओयू को लेकर आईआईटी रुड़की और राहत आयुक्त कार्यालय के बीच सहमति बन गई है जल्दी ही दोनों के बीच एमओयू साइन किया जाएगा। यह एमओयू पांच साल के लिए मान्य होगा। इसके तहत आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देने के साथ इसके कारणों पर शोध करेंगे। इतना ही नहीं विशेषज्ञ उत्तर प्रदेश के जलवायु पैटर्न, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली और जोखिम पर शोध करेंगे। इसके जरिये आपदाओं से निपटने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों व सटीक कार्यप्रणाली के विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

चकबंदी संबंधी कार्यों में भी करेगा सहयोग

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ आपदा प्रबंधन के साथ चकबंदी संबंधी मामलों में अपना सहयोग करेंगे। आईआईटी रुड़की चकबंदी के सर्वेक्षण और भूमि की नाप-जोख में तकनीकी सहयोग के माध्यम से मामलों के निपटारे में अहम भूमिका निभाएगा।

लेखपाल ढूंढेंगे शहर के सात हजार वृद्धा पेंशनर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जिला समाज कल्याण अधिकारी कराएंगी सत्यापन

अमृत विचार : शहर में समाज कल्याण विभाग के लापता पेंशनरों का सत्यापन लेखपाल करेंगे। जो कहीं शिफ्ट हो गए या फिर पता बदलने के कारण ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह ने सत्यापन के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

जिले में कुल 72 हजार वृद्धा पेंशन के लाभार्थी हैं, जिन्हें समाज कल्याण की तरफ से पेंशन मिलती है। इनका हर वर्ष सत्यापन कराया जाता है। इसके बाद भी पता बदलना या फिर शिफ्ट हो जाना या अन्य कारणों से 100 प्रतिशत लाभार्थियों का सत्यापन नहीं हो पता है। इस तरह से शहर के करीब सात हजार पेंशनर ऐसे हैं, जिनका पता नहीं और पुष्टि न होने के कारण पेंशन बंद है। फरवरी अंत में इनकी तलाश कर लाभ देने के लिए लेखपालों से सत्यापन कराया जाएगा।

इसके लिए विभाग सूची देगा और सभी लाभार्थियों का सत्यापन होगा। इसके लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि 100 प्रतशित सत्यापन होने से लाभार्थियों की स्थिति का पता चलेगा। कोई भी योजना से वंचित नहीं रहेगा।

लखनऊ में होगा सहकारिता सम्मेलन, आएंगे अमित शाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार, लखनऊः भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ की मंगलवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर हुई बैठक में सहकारिता सम्मेलन आयोजित करके लोकसभा चुनाव में सभी 80 सीटें जीतने की रणनीति बनाई गई। प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि फरवरी के अन्तिम सप्ताह में आयोजित होने वाले सहकारिता सम्मेलन को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता को संबोधित करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने कहा कि तैयारी बैठक में सम्मेलन के लिए

बैठक को संबोधित करते सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, साथ में विधान परिषद सदस्य पवन चौहान व अन्य। अमृत विचार

- फरवरी माह के आखिरी सप्ताह में आयोजन की बनी रणनीति

जिम्मेदारियों के निर्धारण व अभूतपूर्व सम्मेलन के रोड मैप को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक को विधान परिषद सदस्य पवन चौहान, अवनीश कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डीके शर्मा ने भी संबोधित किया। बैठक में अध्यक्ष पीसीपी वाल्मीकि त्रिपाठी, अध्यक्ष सीएलडीएफ यशवीर सिंह, अध्यक्ष यूपीआरएनएसएस प्रेम सिंह शाक्य, अध्यक्ष पीसीयू सुरेश गंगवार, अध्यक्ष यूपीसीबी जितेन्द्र बहादुर सिंह सहित प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व सहकारिता के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

खजूर वाली मस्जिद समिति के अध्यक्ष और सचिव पर दर्ज होगी प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बोर्ड आरसी कटवाकर करेगा नुकसान की वसूली

अमृत विचार : शिया वक्फ बोर्ड की जांच में अयोध्या के खजूर वाली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष व सचिव पर बिना अनुमति के दुकान निर्माण कराने व आवंटन कर धन उगाही का आरोप सही पाया गया है। इस मामले में जांच अधिकारी ने एफआईआर दर्ज करने व दुकानों को सील करने की संस्तुति की है। इस पर बोर्ड ने अयोध्या के एसएसपी और विकास प्राधिकरण के वीसी को पत्र लिखा है। वहीं, बोर्ड अध्यक्ष व सचिव के खिलाफ आरसी कटवाकर नुकसान की वसूली करेगा।

अयोध्या स्थित खजूर वाली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष व सचिव पर बोर्ड की अनुमति के बिना ही वक्फ संपत्ति पर दुकान का निर्माण कराने और उसका आवंटन कर धन उगाही का आरोप लगा। चेयरमैन अली जैदी ने इस मामले में निरीक्षक को जांच सौंपी थी। निरीक्षक ने अपनी जांच रिपोर्ट बोर्ड को सौंप दी। बोर्ड ने जांच रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी अयोध्या व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर प्राथमिकी दर्ज कराने की सिफारिश की है। वहीं, अयोध्या विकास प्राधिकरण से दुकानों को सील करने को कहा है। यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के मीडिया सेल से जारी पत्र के मुताबिक मस्जिद समिति के अध्यक्ष व सचिव पर सरकार से मिले मुआवजे का दुरुपयोग करने व बोर्ड के नाम पर अवैध वसूली करने की शिकायत भी सही पाई गई। कमेटी के अध्यक्ष और सचिव द्वारा संबंधियों के नाम दुकानों का आवंटन कर ख़ुद के बचत खातो में पैसा लेकर वक्फ एक्ट का उल्लंघन किया है।

प्रधानमंत्री के दौरे से पहले चाक-चौबंद हो व्यवस्था

वाराणसी में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर हो रही तैयारी का जायजा लेते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद मोदी करेंगे काशी का दौरा

अमृत विचारः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों लोकार्पित और शिलान्यास होने वाले विकास कार्यों को परखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को वाराणसी पहुंचे। अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान योगी ने प्रस्तावित कार्यक्रम की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी जरूरी तैयारी समय से गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाने को निर्देशित किया। लोक निर्माण विभाग के कार्यों में हो रही देरी के लिए एनओसी के समय ही टेन्डर प्रक्रिया अपनाने का सुझाव दिया। अधिकारियों को मौके पर जाकर काम देखने को भी कहा।

मालूम हो कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी काशी आ रहे है जिसको लेकर संबंधित विभागों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

मास्टर ट्रेनर्स ने दिया मतदान कराने का प्रशिक्षण

अमृत विचार, लखनऊः उप्र. के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों को मतदान कराने का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। मंगलवार को सभी जिलों के दो-दो मास्टर ट्रेनर्स के लिए दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रशिक्षित नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर एवं उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया। दरअसल, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मुख्य निर्वाचन उप्र. के नेतृत्व में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के मद्देनजर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कुमार विनीत ने निर्विवाद निर्वाचन सम्पन्न कराने की अपील की।

13 जिलों में 15 सभाएं करेंगे राहुल गांधी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकली भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार से प्रदेश में 16 फरवरी को चंदौली जिले के नौबतपुर के रास्ते प्रवेश करेगी। वे प्रदेश के 13 जिलों में 15 जनसभाएं करेंगे। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता डा. सीपी राय ने बताया कि यात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

पहली पड़ाव चंदौली में होगा। 17 फरवरी को वाराणसी के गोलगड्डा मंदिर मार्ग से विश्वेसरगंज तिराहा होते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के बाद गोदौलिया चौराहे पर जनसभा होगी। 18 को भदोही के गोपीगंज चौक हंडिया होते हुए हबूसा मोड पर जनसभा, फिर यूनिवर्सिटी चौराहा होते हुए सोरांव में जनसभा, 19 को मऊआइमा से प्रतापगढ़ के भगवान चुंगी चौराहा होते हुए लालगंज चौक में जनसभा, फिर सांगीपुर होते हुए अमेठी पहुंचेगी, जहां रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी से यात्रा शुरू होकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय गौरीगंज पहुंचेगी। 20 फरवरी अमेठी के फुरसतगंज से रायबरेली के अम्बेडकर चौराहा होकर सुपर मार्केट के करीब जनसभा होगी। यहां से बछरावां होते हुए मोहनलालगंज के रास्ते में लखनऊ पहुंचेगी। यहां केकेसी, चारबाग, नाका नींबू पार्क तिराहा होते हुए घंटाघर में जनसभा होगी। 21 फरवरी को उन्नाव बाईपास, शुक्लागंज होते हुए कानपुर के घंटाघर में जनसभा होगी। यहां से रनियां होते हुए जालौन जिले में पहुंचेगी। 22 को झांसी के रानी लक्ष्मी बाई चौराहा से यात्रा शुरू होकर बीकेडी चौराहा होते हुए मां पीताम्बरा देवी (दतिया) पहुंचकर मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

एक नजर

पिंक टॉयलेट की महिला कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के पिंक टॉयलेट में तैनात महिला कर्मचारियों को कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। महिला कर्मचारियों ने मंगलवार को महापौर सुषमा खर्कवाल से लंबित वेतन दिलाए जाने की मांग की। उन्होंने ठेकेदार को जल्द से जल्द वेतन जारी करने के निर्देश दिए। महापौर ने नगर निगम में तैनात कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह की उपस्थिति में नगर निगम मुख्यालय में बैठक की। जिसमें कर्मचारियों की समस्याओं को सुना। महिला कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें योग्यता के अनुसार रामकी कंपनी में भर्ती कराने के निर्देश दिए।

प्रोजक्ट की जेई को दी जाए जिम्मेदारी, तय हो जवाबदेही

अमृत विचार, लखनऊ : मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में मंगलवार को स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित परियोजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति के संबंध में स्मार्ट सिटी कार्यालय के सीईओ कक्ष में बैठक हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन समस्त कार्य समय से पूरे करा लिए जाएं। मंडलायुक्त ने कहा कि प्रत्येक प्रोजक्ट को बांटकर उसकी जिम्मेदारी केवल एक जेई को दी जाए। जिससे प्रोजक्ट की जवाबदेही तय की जा सके। इस अवसर पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

आरटीओ कार्यालय में सर्वर न चलने से आवेदक परेशान

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ कार्यालय में सर्वर न चलने से आवेदकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। सारथी भवन में ड्राइविंग लाइसेंस के लिए बायोमैट्रिक प्रक्रिया पूरी कराने पहुंचे लोगों को खासी परेशानी हुई। यहां पर फोटो खींचने के लिए लगा एक ही सिस्टम काम कर रहा था। ऐसे में आवेदकों की यहां पर लंबी लाइन लग गई। इस दौरान आवेदकों और फोटो खींचने वाले काउंटर पर मौजूद लोगों में कहा सुनी भी हुई। बाद में आरआई ने समझा बुझा कर मामला शांत कराया।

16 को सड़क पर उतरेंगे किसान व मजदूर

अमृत विचार, लखनऊ : 16 फरवरी को लाखों किसान व मजदूर कई संगठन के साथ सड़क पर उतरेंगे। लंबित मांगों को लेकर औद्योगिक हड़ताल करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा व ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों ने यह चेतावनी दी है। मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा व ट्रेड यूनियन के प्रदेश पदाधिकारियों ने जूम मीटिंग की। इसमें इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, एक्टू समेत कई संगठनों के पदाधिकारी जुड़े। सीटू के महामंत्री प्रेमनाथ राय ने बताया कि किसान मजदूरों की न्यूनतम समर्थन मूल्य, खरीद की गारंटी, आदि मांगे लंबित हैं। इस पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। प्रदेश सचिव इंटक दिलीप श्रीवास्तव ने कहा कि इसके विरोध में 16 फरवरी को लाखों किसान व मजदूर सड़क पर उतर का औद्योगिक क्षेत्र में हड़ताल करेंगे। ग्रामीण भारत बंद की व्यापक तैयारी की जाए।

तकनीकी, प्रौद्योगिकी और प्रबंध संस्थानों के विद्यार्थी लेंगे हिस्सा

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी : मुख्यमंत्री योगी ने दिए निर्देश, कहा- भव्य हो सजावट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर राजधानी में तैयारी को अंतिम रूप देने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा, 20 और 21 फरवरी को विभिन्न विषयों पर आयोजित होने वाले सेक्टोरल सेशंस में विभिन्न तकनीकी, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थानों के छात्रों को आमंत्रित करें। उनके आवागमन की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही राजधानी में स्वच्छता के साथ भव्य सजावट का परिवेश हो। स्पाइरल लाइट लगाएं। टैक्सी स्टैण्ड/होर्डिंग आदि व्यवस्थित रखें। शहीद पथ समेत पूरे वीवीआईपी रूट का सीसीटीवी से निगरानी होने के साथ अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में बीते साल 10 व 12 फरवरी को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन का ब्योरा देते हुए कहा कि आयोजन में 10 कन्ट्री पार्टनर, 40 देशों के एक हजार से अधिक विदेशी प्रतिनिधि, पार्टनर कंट्री के 4 मंत्री, 17 केंद्रीय मंत्री, राजदूतों/उच्चायुक्तों और 25 हजार से अधिक डेलीगेट्स सहित राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों ने हिस्सा लिया। इसके पहले 16 देशों के 21 नगरों और देश के 10 शहरों में रोड शो सहित सभी 75 जनपदों में निवेशक सम्मेलन हुए। तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 39.52 लाख करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे 1.10 करोड़ नौकरी/रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

योगी ने बताया कि 19 फरवरी की जीबीसी में 500 करोड़ से अधिक की 262 परियोजनाएं शामिल हैं, जबकि 100-500 करोड़ तक की 889 औद्योगिक परियोजनाएं जमीन पर उतरेंगी। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इससे सभी 75 जनपद लाभान्वित होंगे। 3500 से अधिक इन्वेस्टर्स इस कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। निर्देश दिया कि सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव अपने विभागीय मंत्रियों के नेतृत्व में अपने विभागों का प्राप्त हर एक औद्योगिक निवेश प्रस्ताव की तत्काल समीक्षा करें।

▸▸ सीसी कैमरे की निगरानी में हो वीवीआईपी रूट, अराजकतत्वों पर रखी जाए कड़ी नजर

जमीन पर उतरने वाली बड़ी परियोजनाएं

- 500 करोड़ से अधिक की 262 परियोजनाएं
- 100 करोड़ से लेकर 500 करोड़ तक 889 परियोजनाएं

15 चार्टर्ड विमान उतरेंगे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एयरपोर्ट प्रशासन विमानों की पार्किंग को लेकर तैयारी में जुटा

▸▸ 19 को प्रधानमंत्री का विमान भी अमौसी एयरपोर्ट पर उतरने की संभावना

अमृत विचार : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। 19 फरवरी को चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर 15 से 20 चार्टर्ड विमानों के उतरने की संभावना है।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री के आने की संभावना है। प्रधानमंत्री 19 फरवरी को पहुंच सकते हैं। प्रधानमंत्री का विमान भी अमौसी एयरपोर्ट पर उतर सकता है। इसको लेकर भी तैयारी की जा रही है। एयरपोर्ट पर सुरक्षा लाइन बनाने का काम शुरू हो गया है। सेरेमनी में देश के बड़े उद्योगपतियों के आने की संभावना है। ऐसे में एयरपोर्ट पर 15 से 20 चार्टर्ड विमान उतर सकते हैं। इनको पार्क कराने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। जरूरत पड़ने पर कुछ चार्टर्ड विमान कानपुर, वाराणसी आदि स्थानों पर भी पार्किंग के लिए भेजे जा सकते हैं। सूत्रों की मानें तो 19 को जरूरत पड़ने पर कुछ सामान्य विमानों को डायवर्ट भी किया जा सकता है।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर लगी अधिकारियों की ड्यूटी

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को भी दायित्व दिया जा रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिटी मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ और एसडीएम सरोजनीनगर फाल्गुनी सिंह को चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि एडीएम ट्रांसगोमती राकेश सिंह को लाइजिनिंग अधिकारी बनाया गया है।

सेरेमनी में होगा सीएसआर कान्क्लेव का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबलटी (सीएसआर) कान्क्लेव का आयोजन कराया जाएगा। कान्क्लेव का आयोजन समाज कल्याण विभाग की ओर से कराया जाएगा। सूत्रों की मानें तो तीन बड़ी कंपनियों ने समाज कल्याण विभाग को आर्थिक रूप से सहयोग किया है। आश्रम पद्धति विद्यालय से लेकर छात्रावासों तक में सुविधाएं देने के लिए धनराशि दी। कान्क्लेव के दौरान कोल इंडिया, एचएएल और हिंडाल को कंपनी के प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री या मुख्य सचिव से सम्मानित कराया जा सकता है।

मौसम में बदलाव के बीच बारिश की संभावना

अमृत विचार लखनऊ : लखनऊ और आसपास के इलाकों में सोमवार को मौसम बीते दिनों की अपेक्षा अच्छा नहीं रहा। सुबह धूप निकली, लेकिन कुछ ही समय बाद बदली छा गई। सर्द हवाओं का असर तापमान पर भी देखने को मिला। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में बारिश की संभावनाएं तेजी से बढ़ी हैं।

हालांकि मौसम के एक बार फिर करवट लेने का अनुमान कई दिनों से मौसम विभाग द्वारा लगाए जा रहा था लेकिन बिगड़े मौसम का असर सोमवार सुबह से देखने को मिला। निकली धूप ने अधिक गर्माहट नहीं दी। दिन बढ़ने पर सर्द हवाएं चलने लगीं। दोपहर बाद बदली छा गई। शाम के समय लखनऊ और आसपास के इलाकों में सड़कों पर हल्की धुंध भी देखने को मिली। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश का कहना है कि वैसे तो बारिश और आकाशीय बिजली का असर पश्चिमी क्षेत्रों में देखने को मिलेगा, लेकिन बिगड़ते मौसम का असर मध्य क्षेत्र में भी रहेगा। आकाश में बदली छा जाने के साथ बारिश की संभावनाएं बढ़ी हैं।

नादरगंज में अशोक लेलैंड प्लांट के लिए प्रस्तावित जमीन का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

पांच वर्षों से 1.47 लाख भवन स्वामियों ने नहीं जमा किया गृहकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एनआईसी ने सौंपी है नगर निगम को सूची

▸▸ हो रही जांच, एक सप्ताह में आएगी रिपोर्ट

▸▸ शुरुआती जांच में आया सामने, कुछ लोग जमा कर चुके हैं गृहकर तो कुछ प्लॉट भी शामिल

▸▸ राजस्व निरीक्षक और जोनल मौके पर जाकर लेजर से कर रहे मिलान

अमृत विचार : 1.47 लाख भवन स्वामियों ने पिछले पांच साल से गृहकर नहीं जमा किया है। एनआईसी ने नगर निगम को यह रिपोर्ट सौंपी है। इसके बाद नगर निगम ने जांच शुरू कर दी है। एक सप्ताह के भीतर रिपार्ट आ जाएगी। शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि इस सूची में शामिल कई भवन स्वामियों ने गृहकर जमा कर दिया है। यही नहीं, इनमें कई भवन बोगस और कुछ प्लॉट भी हैं। कुछ जर्जर भवन तोड़कर वहां कॉम्प्लेक्स बनाए जा चुके हैं। नगर निगम के राजस्व निरीक्षक और जोनल अधिकारी मौके पर जाकर मकान और भूखंड का लेजर से मिलान कर रहे हैं।

नगर निगम के दायरे में लगभग 6.37 लाख भवन स्वामी हैं। इनमें से लगभग 3.5 लाख भवन स्वामी ही गृहकर जमा कर रहे हैं। नगर निगम ने एनआईसी से इसकी रिपोर्ट मांगी थी। जिसमें सामने आया कि नगर निगम में दर्ज 1.47 लाख भवन स्वामियों ने पिछले पांच साल में एक भी बार गृहकर जमा नहीं किया। नगर निगम ने जोन 6 और जोन 7 में जांच करायी है। निरीक्षकों और जोनल अधिकारियों को निस्तारण के लिए एक सप्ताह का समय दिया है।

वार्ड में रहेंगे निरीक्षक लगाएंगे शिविर

नगर निगम गृहकर वसूली का लक्ष्य पूरा करने के लिए एडी-चोटी का जोर लगा रहा है। भवन स्वामियों को समस्या के लिए जोनल कार्यालय न जाना पड़े इसके लिए निरीक्षकों को वार्ड में रहने के साथ भवन स्वामी की समस्या दूर करने के लिए अस्थायी शिविर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसमें गृहकर, जलकर, नामांतरण आदि से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के मौके पर किया जाएगा। भवन स्वामियों को जागरूक करने के लिए नगर निगम प्रचार-प्रसार करेगा।

नगर निगम में शामिल कोई भी घर कर से न छूटे

वित्तीय वर्ष समाप्त होने में लगभग 50 दिन बाकी हैं। 6,00 करोड़ का लक्ष्य है लगभग 4,00 करोड़ रुपये कर करेत्तर की वसूली हो पायी है। 2,00 करोड़ रुपये और वसूलने हैं। गृहकर वसूली का लक्ष्य पूरा करने के लिए राजस्व निरीक्षक और जोनल अधिकारी ऐसे भवन स्वामियों के घर जाएंगे जिन्होंने अभी तक अपना गृहकर जमा नहीं किया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं कि नगर निगम क्षेत्र में शामिल कोई भी घर कर से न छूटे।

> अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि नगर निगम में शामिल कोई भी घर कर से न छूटे। इसके लिए पांच वर्ष से गृहकर जमा न करने वालों की सूची एनआईसी से मांगी गयी थी। निरीक्षक और जोनल अधिकारी मौके पर जाकर ऐसे भवन स्वामियों की जांच कर रहे हैं। कारण और समस्या जानकर निस्तारण कराने के साथ बकायेदारों से गृहकर जमा कराया जाएगा।
>
> -अम्बी बिष्ट, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, लखनऊ नगर निगम

मुख्यमंत्री करेंगे अशोक लेलैंड प्लांट की भूमि का पूजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ डीएम ने लिया जायजा, पानी छिड़काव और फागिंग कराने के निर्देश

अमृत विचार : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले अशोक लेलैंड प्लांट के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को भूमि पूजन कर सकते हैं। भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर डीएम सूर्यपाल गंगवार ने निरीक्षण किया।

अशोक लेलैंड प्लांट के प्रस्तावित भूमि पूजन कार्यक्रम को देखते हुए डीएम नादरगंज स्थित अशोक लेलैंड प्लांट के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण करने पहुंचे। डीएम ने नगर निगम के अधिकारियों को पानी छिड़काव और फागिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हेलीपैड साइट और पार्किंग एरिया का किया भी निरीक्षण। इस दौरान यूपीसीडा और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। सूत्रों की मानें तो अशोक लेलैंड का प्लांट कितनी लागत से बनेगा इसकी जानकारी 19 फरवरी को प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में मिल सकती है। इस प्लांट के बनने से लोगों को रोजगार मिलेगा। साथ ही औद्योगिक विकास को नए पंख लगेंगे।

आवंटी को रजिस्ट्री की कॉपी सौंपती महापौर, साथ में अन्य अधिकारी। अमृत विचार

अहाना ग्रीन के पहले खरीदार को महापौर ने सौंपी रजिस्ट्री की कॉपी

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम ने औरंगाबाद खालसा स्थित अपनी महत्वकांक्षी आवासीय योजना अहाना ग्रीन में आवंटित फ्लैट की रजिस्ट्री शुरू कर दी है। महापौर ने मंगलवार को अहाना ग्रीन के पहले खरीदार को अपने हाथों से रजिस्ट्री की कॉपी सौंपी। स्वामीनाथ शुक्ला ने अहाना ग्रीन में एमआईजी फ्लैट नंबर 308 खरीदा था। नगर निगम ने अहाना ग्रीन में कुल 684 फ्लैट बनाए हैं। जिसमें बैडमिंटन कोर्ट, बॉलीवॉल कोर्ट, ओपेन जिम, शॉपिंग काम्प्लेक्स, अहाना इन्क्लेव सरोवर, परियोजना के चारों तरफ 40 एकड़ ग्रीन बेल्ट आदि सुविधाएं दी गयी हैं। इस अवसर पर महापौर के साथ अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, मुख्य अभियंता महेश वर्मा, जोनल अधिकारी जोन आठ अजीत राय उपस्थित रहे।

सुपरवाइजर कर रहा था यूजर चार्ज की वसूली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ फर्जी पर्ची से यूजर चार्ज वसूली के पकड़े गए दो मामले

▸▸ नगर निगम ने दर्ज कराई एफआईआर

अमृत विचार : नगर निगम में घरों से कूड़ा उठाने के नाम पर भवन स्वामियों से फर्जी पर्ची से वसूली की जा रही है। हाल ही में ऐसे दो मामले पकड़े गए हैं। क्षेत्रीय निवासियों की शिकायत पर नगर निगम द्वारा की गयी जांच में मामला सही पाया गया। नगर निगम ने कार्यदायी संस्था के सुपरवाइजर और एक अज्ञात कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

शहर में सफाई व्यवस्था देख रही इकोग्रीन कंपनी को नगर निगम ने छह महीने पहले हटा दिया था। इसके साथ ही नगर निगम ने घरों से यूजर चार्ज भी वसूलना बंद कर दिया। इसके बावजूद कर्मचारियों द्वारा भवन स्वामियों से यूजर चार्ज वसूलने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जिस पर जोन चार में तैनात खाद्य एवं सफाई निरीक्षक बाल गोविंद ने रफी अहमद किदवई वार्ड का औचक निरीक्षण किया। जिसमें ऊषा त्रिपाठी निवासी 3/191 विशाल खण्ड और एक अन्य उपभोक्त अजय निवासी 6/8 विपुल खंड द्वारा यूजर चार्ज की पर्ची दिखाई। जो अक्टूबर व नवम्बर माह में वसूल किए गए चार्ज की थी। फर्जी पर्ची पर भूपेंद्र कुमार का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज था। इसकी जानकारी अपर नगर आयुक्त और नगर आयुक्त को दी गयी। मोबाइल नंबर के आधार पर गोमती नगर थाने में नगर निगम के एसएफआई ने मुकदमा दर्ज कराया।

दूसरा मामला जोन सात के बाबू जगजीवन राम वार्ड में पकड़ा गया। व्हाट्सअप के माध्यम से नगर निगम को एक फर्जी यूजर चार्ज वसूली की शिकायत की गयी। पर्ची पर पड़े मोबाइल नंबर के आधार पर कार्यदायी संस्था लायन सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज के सुपरवाइजर मनी भूषण पर क्षेत्रीय खाद्य एवं सफाई निरीक्षक विजेता द्विवेदी ने मुकदमा दर्ज कराया है।

बुरा हाल | 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय हो रहे संचालित, अध्यापकों के 653 पद खाली

शिक्षकों के पद खाली, कैसे संवरेगा छात्रों का भविष्य

राजीव शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग के अधीन प्रदेश में संचालित 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में शिक्षकों के 653 पद खाली हैं। स्थायी तौर पर नियुक्ति न होने के कारण संविदा पर कार्यरत शिक्षक छात्रों को पढ़ा रहे हैं।

बता दें कि आश्रम पद्धति विद्यालय में एक भी प्रधानाचार्य कार्यरत नहीं थे। हाल ही में पांच वर्षों से प्रवक्ता के पद पर कार्यरत शिक्षकों को पदोन्नति देकर प्रधानाचार्य बनाया गया। 13 प्रधानाचार्य बनने के बाद उम्मीद जगी है कि शेष विद्यालयों को भी जल्द ही प्रधानाचार्य मिल जाएंगे। प्रवक्ताओं को पदोन्नति देकर प्रधानाचार्य बनाने के लिए 2004 की नियमावली का सहारा लिया गया। आश्रम पद्धति विद्यालय में 32 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं कार्यरत हैं। विद्यालय में 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति, 25 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग और 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। न्यायालय ने आदेश दिया था कि संविदा पर शिक्षकों को नहीं रखा जाएगा। विद्यालयों में स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोग को नियुक्त को लेकर अध्याचन भेजा जा रहा है। इसके बाद भी शिक्षकों की कमी है और संविदा पर तैनात शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो संविदा पर कार्यरत शिक्षक मनमानी तरीके से पढ़ा रहे हैं। कुछ शिक्षक उपस्थिति लगाकर गायब हो जा रहे हैं।

▸▸ रोक के बावजूद संविदा पर पढ़ा रहे हैं अध्यापक

पदनाम	रिक्त पद
प्रवक्ता	280
सहायक अध्यापक	373

> स्थायी नियुक्ति के लिए आयोग को अध्याचन भेजा गया है। साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति के लिए अब बायोमैट्रिक्स की व्यवस्था की जा रही है। बायोमैट्रिक्स लागू होने के बाद मनमानी पर रोक लगेगी।
>
> -कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

प्रतिमा लगाने में देरी पर उपाध्यक्ष नाराज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रेरणा स्थल पर अटल और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के हिस्से नहीं पहुंचे

▸▸ संस्कृति विभाग के अधिकारी बोले लग सकते हैं 10 से 15 दिन

अमृत विचार : राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर प्रतिमा लगाने में देरी पर लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने नाराजगी जताई है। उन्होंने संस्कृति विभाग के अधिकारियों को दिन-रात काम करके प्रतिमाएं लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि तीनों प्रतिमाएं निर्धारित समय सीमा के अंदर स्थापित की जाएं।

लखनऊ विकास प्राधिकरण की बसन्तकुंज योजना में निर्माणाधीन राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 65 फिट ऊंची कांस्य की प्रतिमाएं लगायी जानी हैं। इन्हें संस्कृति विभाग नोएडा में तैयार करा रहा है।

19 फरवरी को राजधानी में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान प्रधानमंत्री के हाथों राष्ट्र प्रेरणा स्थल और प्रतिमाओं का प्रधानमंत्री को लोकार्पण करना है। मंगलवार तक केवल पंडित दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा के हिस्से राष्ट्र प्रेरणा स्थल पहुंचे हैं। तीनों प्रतिमाओं के बेस एक साथ आ चुके हैं। अटल बिहारी वाजपेयी और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के हिस्से नहीं पहुंचे हैं।

प्रतिमाओं के हिस्से स्थल पर ही जोड़े जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, संस्कृति विभाग के जिम्मेदार कह रहे हैं कि प्रतिमाएं लगाने में 10 से 15 दिन का समय लग जाएगा।

इस पर स्थल पर मौजूद एलडीए उपाध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की और जल्द से जल्द शेष प्रतिमाओं के हिस्से मंगवाने और दिन-राम काम कराके प्रतिमाएं लगवाने के सख्त निर्देश दिए हैं।

कई विभागों ने निर्धारित समयावधि में नहीं भरा प्रपत्र

अमृत विचार, लखनऊ : निर्वाचन आयोग के आदेश के बाद भी कई विभागों ने प्रपत्र एक, दो और तीन निर्धारित समयावधि में नहीं भरे। आयोग ने नाराजगी जताते हुए 16 फरवरी तक प्रपत्र भरने के निर्देश दिए हैं। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर मतदान कार्मिकों को 30 जनवरी तक राजकीय कार्यालय एवं समस्त बैंक, बीमा, पीएसयू के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों का प्रपत्र-1 पर डाटा भर कर प्रपत्र 2/3 फीड करना था और उसे फ्रीज करना था मगर विभागों ने इसको गंभीरता से नहीं लिया। निर्वाचन आयोग ने निर्देशों का पालन न होने पर नाराजगी जताई है। आयोग ने प्रपत्र-2/3 को 16 फरवरी तक पूरा करने को कहा है। 16 फरवरी तक काम पूरा न होने पर निर्वाचन कार्य में व्यवधान मानते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी के स्तर से कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

राजभवन में ई-स्टांप बेचेगा डाक विभाग

अमृत विचार, लखनऊ : राजभवन में 17 फरवरी से शुरु हो रही पुष्प प्रदर्शनी में डाक विभाग भी अपनी सहभागिता दे रहा हैं। पुष्प प्रदर्शनी के दौरान डाक विभाग कैंप लगाकर ई-स्टांप की बिक्री करेगा। इस प्रदर्शनी में बाहरी लोगो का प्रवेश भी रहेगा। जिससे लोगो को ई-स्टांप खरीदने में कोई हिचकिचाहट नहीं होगी। 1 जनवरी से डाक विभाग ई-स्टांप की बिक्री कर रहा है। ये प्रदर्शनी तीन दिन के लिए लगेगी जिसमें काफी लोगों के आने की संभावना है। जीपीओ के चीफ पोस्ट मास्टर सुशील कुमार तिवारी ने बताया है राजभवन में लगने वाले पुष्प प्रदर्शनी में हजारों लोगो का आगमन होता है। पुष्प प्रदर्शनी के दौरान आम जनमानस को राजभवन में प्रवेश की इजाजत होती है। ज्यादा से ज्यादा लोग डाक विभाग द्वारा ई-स्टांप की बिक्री के बारे में जान सकें। इसलिए डाक विभाग कैंप का आयोजन कर रहा हैं।

36 हजार से अधिक छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

मदरसा बोर्ड : 73 जनपदों में आयोजित हुई परीक्षा, 1 लाख 41 हजार 115 छात्रों को होना था शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेश के 73 जनपदों में परीक्षाओं के आयोजन किये गए। दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं में 36 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने अपनी परीक्षाएं छोड़ी। परीक्षा में सीसीटीवी और सचल दस्तों के माध्यम से निगरानी की गई।

उप्र मदरसा बोर्ड की परीक्षा सोमवार से दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में 24 हजार 353 छात्रों ने विभिन्न विषयों से जुड़ी अपनी परीक्षाएं छोड़ दी। दूसरी पाली में 12 हजार के करीब छात्र अनुपस्थित रहे। दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं में कुल 36 हजार 353 छात्र अनुपस्थित रहे। बता दें कि दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं में 1 लाख 41 हजार 115 छात्रों को सम्मिलित होना था। बोर्ड के सदस्यों का दावा है कि 73 जनपदों के 509 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित परीक्षाओं के दौरान गड़बड़ी की बात सामने नहीं आई हैं।

बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी का कहना है कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी लगे थे। जिन्हें राज्य मुख्यालय के कंट्रोल रूम से जोड़ा गया था। छिटपुट समस्या को छोड़कर कहीं कोई बड़ी समस्या सामने आने की सूचना नहीं मिली है।

चौक के सुल्तानुल मदारिस जामिया ए सुल्तानिया मदरसा में परीक्षा देतीं छात्राएं। अमृत विचार

जिम्मेदार लेते रहे जानकारियां

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा और मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद संयुक्त रूप से इंदिरा भवन में स्थापित किये गए कंट्रोल रूम के सहारे दोनों पालियों की परीक्षाओं पर नजर रखते रहे। इस दौरान रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी, बोर्ड सदस्य कमर अली सहित अन्य मौजूद रहे।

दिव्यांग छात्रों ने भी दी परीक्षा

मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं में दिव्यांग छात्र भी उपस्थित रहे। श्रुति लेखकों द्वारा इनकी मदद की गईं। अलीगढ़, गोण्डा और प्रयागराज में छात्रों ने अपनी अपनी परीक्षाएं दीं।

लविवि में पीएचडी आवेदन को लेकर 974 सीटें आवंटित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी आवेदन की अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है। ऐसे में 41 विषयों की 974 सीटों के लिए 7200 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसको लेकर विवि परिसर में प्रवेश परीक्षा 24 और 25 फरवरी को आयोजित कराई जाएगी। प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र 18 फरवरी से अभ्यर्थी पूर्व में प्राप्त लॉगिन आईडी का प्रयोग करके डाउनलोड कर सकते हैं। इसके सहारे प्रवेश परीक्षा की तिथि विषयवस्तु को भी देखा जा सकता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि भूखंड संख्या: सी–167 स्थित चंद्रशेखर आजाद नगर, आवास विकास कालोनी तहसील व जिला उन्नाव का कब्जा लेटर व एलाटमेंट लेटर कहीं खो गया है। जो कि नरेंद्र जायसवाल पुत्र मेड़ीलाल जायसवाल के नाम से है। चूंकि जरिये बैनामा प्रार्थी उसका मालिक व काबिज है। प्रार्थी से उपरोक्त दोनों मूल लेटर कहीं खो गए हैं। **–रविंद्र देव गुप्ता। मो. नं.–9839234599**

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भवन सं0 6A KHNo 11, 62, 78 लखनऊ का मूल विक्रय विलेख जो कि पूर्णागिरी सहकारी आवास समिति लखनऊ द्वारा श्री रामबली कश्यप के पक्ष में किया गया जो कि खण्ड संख्या 1414 के पृष्ठ सं0 85/102 क्रम संख्या 1312 को उपनिबन्धक लखनऊ के यहाँ दिनांक 11/02/2003 पे पंजीकृत है। कहीं खो गया है जो किसी सज्जन को प्राप्त हो या कोई अपना दावा करे तो मेरे से सम्पर्क करें। अन्यथा उचित कार्यवाही की जायेगी। **श्रीमती बबीता श्रीवास्तव पता– भवन सं0– 6A KH No-** 11, 62, 78 **नौबस्ता खुर्द मेला मैदान, जानकीपुरम, लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम शहरेयार खां पुत्र इमरान खां है। मेरा नाम आधार कार्ड पर सिराज खां अंकित था। जिसका संशोधन करवाकर शहरेयार पुत्र इमरान खां कर लिया है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अब शहरेयार खां पुत्र इमरान खां के नाम से जाना और पहचाना जाए। **–शहरेयार खां पुत्र इमरान खां, निवासी– ग्राम सतीजोर, परगना चरदा, तहसील नानापारा, बहराइच।**

कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर) सर्वेक्षण 2021

पत्रांक: 1614 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2023–24/ दिनांक: 01/02/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	भवन सं0	कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार
1	श्री सन्तोष सिंह परिहार पुत्र बाबू सिंह परिहार व श्रीमती उमा सिंह परिहार पत्नी सन्तोष सिंह परिहार	श्री अजय चौहान पुत्र हरकेश सिंह	जुल्हैटी–1	15	294	पंजीकृत विकय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

जांच के घेरे में लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रवक्ता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

▸▸ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में दर्ज है छह आरोपियों पर रिपोर्ट

अमृत विचार : छात्रा संग दुष्कर्म के प्रकरण ने तूल पकड़ लिया है। ऐसे में एटीएस अधिकारी के निलंबन के बाद आरोपी पत्नी एवम लखनऊ विश्वविद्यालय की जियोलॉजी की प्रवक्ता सहित अन्य के विरुद्ध जांच की कार्रवाई तेज हो चली है। जांच अधिकारी का कहना है कि सभी के विरुद्ध साक्ष्य इकत्र किये जा रहे हैं।

बता दें कि लखनऊ की एक छात्रा द्वारा एटीएस के एएसपी राहुल श्रीवास्तव, उनकी पत्नी एवम लखनऊ विश्वविद्यालय में जियोलॉजी विभाग की प्रवक्ता डॉ. मानिनी श्रीवास्तव सहित छह नामजद व अन्य के विरुद्ध गोमतीनगर विस्तार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था।

धारा 376, 506 और 313 के तहत दर्ज अभियोग को मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया और इसी के बाद मामले में एटीएस के एएसपी को निलंबित कर दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षण गोमती नगर विस्तार सुधीर अवस्थी का कहना है कि केस में एटीएस में एएसपी रहे राहुल श्रीवास्तव, उनकी पत्नी व लखनऊ विश्वविद्यालय की जियोलॉजी विभाग की प्रवक्ता डॉ. मानिनी श्रीवास्तव, सौरभ, सतीश, विक्रम, सिद्धार्थ व अन्य नामजद हैं। सभी के विरुद्ध साक्ष्य संकलन किया जा रहा है। कई अन्य लोगों से पूछताछ भी की जा चुकी है। निकले निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

कॉल डिटेल का लिया जा रहा सहारा

छात्रा का दावा है कि एएसपी के अलावा उसकी पत्नी सहित अन्य लोगों द्वारा धमकाया भी गया। जानमाल सहित अन्य धमकियां भी दी गईं। ऐसे में सभी आरोपियों की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। ताकि आरोपियों के विरुद्ध साक्ष्यों में मजबूती रहे।

परीक्षा केंद्र पर आज सीसीटीवी नहीं लगे तो तीन साल के लिए हो जाएंगे डिबार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ व्यवस्था सुनिश्चित न कर पाने वाले विद्यालयों के विरुद्ध कल से शुरू होगी कार्रवाई

अमृत विचार : बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद तकनीक का सहारा ले रही है। इसके लिए परीक्षा केंद्रों के बाहर व कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हैं। इस कार्य के लिए 14 फरवरी अंतिम तारीख तय की गई है। बुधवार तक जिन परीक्षा केंद्र पर कैमरे नहीं लगेंगे उनको तीन साल के लिए डिबार कर दिया जाएगा।

नकल विहीन परीक्षा के लिए सभी परीक्षा केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरों को कमांड एंड कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। ताकि परीक्षा केंद्र व कक्ष पर लगातार निगरानी रखी जा सके। इसका निर्देश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से सभी परीक्षा केंद्रों को दिया गया है। सभी केंद्र हाई रेज्यूलेशन वाले सीसीटीवी कैमरे व अधिक क्षमता वाले डीवीआर लगाएं। ताकि परीक्षा केंद्र की हर गतिविधि का रिकॉर्ड मौजूद रहे। जरूरत पड़ने पर बोर्ड उनकी जांच करा सके।

इस काम में लापरवाही बरतने वाले परीक्षा केंद्र के व्यवस्थापकों के खिलाफ बोर्ड ने कार्रवाई का भी निर्देश दिया है। कार्रवाई गुरुवार 15 फरवरी से शुरू हो जाएगी।

> बोर्ड परीक्षा केंद्रों की कमांड एंड कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग की जानी है। वहीं, स्ट्रांग रूम को भी कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। जिन परीक्षा केंद्रों पर मानक के विपरीत सीसीटीवी कैमरे व डीवीआर लगाए जाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए बुधवार तक ही समय है। गुरुवार को सीसीटीवी कैमरा न लगाने वाले केंद्रों की सूची मंगाई जाएगी। इसके बाद नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगते हुए कार्रवाई शुरू की जाएगी।
>
> – **दिव्यकांत शुक्ल**, सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद

20 छात्रों को मिला रोजगार का अवसर

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में एक बार फिर छात्रों को रोजगार के अवसर मिले हैं। विवि के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल में आयोजित चयन प्रक्रिया के दौरान 20 छात्रों को निजी कंपनियों द्वारा चयनित किया गया।

सोमवार को भी इसी तरह प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें अलग-अलग कंपनियों के अधिकारियों ने भाग लिया। प्लेसमेंट सेल की डायरेक्टर प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने बताया कि इस बार 20 छात्रों का चयन निजी कंपनियों ने अलग अलग पदों पर किया है। बताती हैं कि इन जनवरी से लेकर अब तक विवि के 100 छात्रों का प्लेसमेंट कराया जा चुका है।

सार-संक्षेप

शिक्षा मंत्री के आवास पर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थी को हटाती पुलिस। अमृत विचार

शिक्षक अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री के आवास पर किया प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : बेसिक शिक्षा विभाग में 6800 शिक्षक भर्ती के अभार्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर मंगलवार को बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास पर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों का आरोप है कि शिक्षक भर्ती में आरक्षण के नियमों की अनदेखी हुई है। इसको लेकर जमकर नारेबाजी भी हुई। प्रदर्शन के दौरान मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा। बाद में पुलिस ने अभ्यर्थियों इको गार्डेन भेज दिया। प्रदर्शन कर रहे हैं अभ्यर्थी अमरेन्द्र पटेल ने बताया कि 5 जनवरी 2021 को आरक्षित श्रेणी की 6800 लोगों लिस्ट निकली थी। तभी से ये सभी अभ्यर्थी नियुक्ति पाने की आस लगाए हैं। लेकिन कभी कोर्ट के नाम और कभी अन्य अड़चनों से विभागीय अफसर नियुक्ति देना नहीं चाह रहीं। पिछले 606 दिन से ईको गार्डेन में धरना दे रहे है पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

साफ लेखन और सही मात्राएं दिलाएंगी अधिक अंक

अमृत विचार, लखनऊ : बोर्ड परीक्षा में हिंदी का प्रश्न पत्र हल करते समय परीक्षार्थियों को ध्यान रखना चाहिए कि वह उत्तर साफ शब्दों में लिखें। उत्तर लिखते समय एक बार मन में बोलकर पढ़ लें। यह प्रयास उनको हिंदी विषय में अधिक नंबर दिला सकता है। यह जानकारी अमृत विचार की टीम से महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के हिंदी प्रवक्ता प्रेम शंकर शास्त्री ने साझा की। प्रवक्ता प्रेम शंकर शास्त्री ने बताया कि परीक्षा के समय छात्रों को संयम रखना चाहिए। इंटरमीडिएट के हिंदी या सामान्य हिंदी जो विषय लिया है। उसके बाजार में उपलब्ध प्रश्न पत्र अवश्य लें। इससे परीक्षा के तरीके की जानकारी हो जाती है। जिस प्रश्न का जितने शब्दों में उत्तर लिखने के लिए कहा गया है, उतने ही शब्दों में लिखे। उससे समय की बचत होगी और अधिक अंक के प्रश्नों के उत्तर के लिए पर्याप्त समय मिल पाएगा। संस्कृत खंड के प्रश्नों के उत्तर देते समय हलंत एवं विसर्ग का विशेष ध्यान रखना चाहिए। रस, छंद, अंलकार प्रकरण को अच्छी तरह पढ़कर परिभाषा, लक्षण लिखकर उदाहरण अवश्य देना चाहिए। आवेदन एवं प्रार्थना पत्र लिखते समय विराम चिह्नों का ध्यान देते हुए विषय का उल्लेख कर साफ-सुथरा लिखना चाहिए।

देश की तरक्की को लेकर वाद- विवाद प्रतियोगिता

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान देश की तरक्की को लेकर छात्रों ने अपना पक्ष रखा। ऐसे में निर्णायक मण्डल की ओर से अंतिम भूमिका का निर्वाहन किया गया। प्रतियोगिता से पूर्व विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने छात्रों को आधुनिक शिक्षा और कर्तव्य निर्वाहन की ओर प्रेरित किया गया। भूतपूर्व सैनिक कर्नल लक्ष्मीकांत तिवारी ने युवाओं के बीच नई सोच और स्रोत का संचार किया। इसी के बाद वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न विभागों से 150 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। 25 विद्यार्थियों ने पक्ष- विपक्ष में निर्णायक मंडल के सामने अपनी राय रखी। अंतिम निर्णय निर्णायक मण्डल की ओर से लिया गया। कार्यक्रम में वैदेही फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. रूबी राय, मौलाना आजाद मेमोरियल एकेडमी के जनरल सेक्रेटरी डॉ. अब्दुल हाशमी अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. अर्पित शैलेश, डॉ. नरेंद्र सिंह, प्रो. प्रीति सक्सेना, प्रो. शिल्पी वर्मा, प्रो. गोविन्द पाण्डेय, प्रो. एमएल मीना, डॉ. राज शरण शाही, डॉ. प्रणव आनंद सहित प्रतिभागी एवं विवि के अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

कुलपति की नियुक्ति नहीं कुलानुशासक हो गए तैनात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

▸▸ पुनर्वास विवि में 1 फरवरी से रिक्त है कुलपति का पद

▸▸ कुल सचिव ने विवि में नियुक्त कर दिये 12 कुलानुशासक

अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्चविद्यालय में कुलपति के रिक्त पद के बीच 12 कुलानुशासक नियुक्त कर दिये गए हैं। कुल सचिव द्वारा गठित कमेटी के बाद अब कुलपति का आना शेष भर है।

बता दें कि पुनर्वास विवि में 1 फरवरी से पहले कुलपति के पद पर प्रोफेसर राणा कृष्ण पाल थे। इनके हटने के बाद पद रिक्त हो गया। इस बीच कुल सचिव रोहित सिंह ने कुलानुशासक की 12 सदस्यीय टीम गठित कर ली है। कुल सचिव का कहना है कि कुलानुशासक 12 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। कुलपति का पद फिलहाल रिक्त है। इसको लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र सहित संबंधित जानकारियां प्रेषित कर दी गई है। निर्णयों के आधार पर नए कुलपति की तैनाती होगी।

कुलानुशासक के रूप में इन्हें मिली है जिम्मेदारी

अपर कुलानुशासक की जिम्मेदारी एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजीव गुप्ता और डॉ. कौशल को मिली है। सहायक कुलानुशासक के रूप में डॉ. विजय कुमार वर्मा, डॉ. गुलाब चन्द्र राय, डॉ. प्रवीण कुमार मिश्रा, डॉ. देवेश कटियार, डॉ. अंजलि सिंह, डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. दिनेश कुमार सिंह और असिस्टेण्ट प्रोफेसर आशीष कुमार गुप्ता को बनाया गया है। सदस्य कुलानुशासक के रूप में डॉ. आशुतोष कुमार यादव और असिस्टेंट प्रोफेसर अनिल गौड़ नियुक्त किये गए हैं।

ग्रामीण महिलाओं को मिली उद्यम की जानकारी

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में महिला उद्यमी के लिए स्टैंड अप योजना की ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच एवं सामाजिक आर्थिक प्रभाव का आंकलन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण महिलाओं को प्रोत्साहन के लिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

जिला प्रबंधक मनीष पाठक ने कहा कि स्टैंड अप योजना के माध्यम से महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को व्यापार के क्षेत्र में बढ़ावा दिया जाता है, जिससे कि वह स्वयं आर्थिक रूप से सशक्त होने के साथ- साथ राष्ट्र के विकास में अहम योगदान दे सकें। प्रो. अमित कुमार सिंह ने कहा कि महिलायें विपरीत परिस्थितियों में भी एक साथ कई जिम्मेदारी निभाने में सक्षम है।

लखनऊ नगर निगम
टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ, फोन-फैक्स-0522-2612639
ई-टेण्डर पोर्टल- https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू0सं0: 353/मु0अ0/23-24 दिनांक : 12/2/2024

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत अति-अल्पकालिक निविदा सूचना

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा वायु गुणवत्ता सुधार के दृष्टिगत 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत दिनांक 15/2/2024 को 03 कार्य हेतु द्विलिफाफा पद्धति पर ई-निविदायें ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर0टी0जी0एस/एन0ई0एफ0टी0/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 15/2/2024 को अपराहन 15:00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें दिनांक 15/2/2024 को 16:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वंय का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है अन्य समस्त विवरण / नियम / शर्ते यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

मुख्य अभियन्ता
लखनऊ नगर निगम

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद–लखनऊ

पत्रांक :– 1524/क्षे0पं0/जेम टेण्डर नोटिस/2023–24, दिनांक– 13.02.2024

जेम पोर्टल ई–निविदा सूचना

टेण्डर निकाले जाने की तिथि – 14.02.2024
टेण्डर खोलने की तिथि – 22.02.2024 (अपरान्ह 3.00 बजे)

क्र0 सं0	टेण्डर का प्रकार	योजना का नाम	कार्य का नाम	लम्बाई (मी0 में)	टेण्डर लागत GST सहित	बिड सिक्योरिटी (रू0 में) 2%	निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	आनलाइन	15वां वित्त आयोग योजना (अनटाईड)	विभिन्न जगहों पर 06 हाई मास्क लाइट का स्थापन कार्य	1 जॉब	891000	18000	800	1 माह

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद लखनऊ द्वारा 2023–24 हेतु पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग से 01 कार्यो हेतु जेम पोर्टल के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। कोई भी ठेकेदार अपनी अधिकृत क्षमता के अंतर्गत एक अथवा एक से अधिक निविदाओं के लिये निविदा दे सकता है। निविदा से सम्बंधित समस्त जानकारी, नियम एवं शर्ते https://gem.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित कमेटी के सदस्यों एवं निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा भेजे गये प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा में जिस फर्म ठेकेदार द्वारा कार्य मानक अनुसार गुणवत्ता सहित सबसे कम रेट में निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाना दर्शाया गया होगा, उसी फर्म/ठेकेदार को टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा।

(प्रमुख)
क्षे0पं0, मलिहाबाद, लखनऊ।

खण्ड विकास अधिकारी
मलिहाबाद, लखनऊ।

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज

पंत्राकः / के0जी0बी0वी0 / स्टाफ चयन /6639–44 2023–24 / दिनांकः 12/02/20204

विज्ञप्ति सूचना

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक के0जी0बी0वी0/ शिक्षक / 11308/2022–23 दिनांक – 14.02.2023 तथा शासनादेश सं0– 2805/68–5–2023 – 5/2020 दिनांक 01.02.2023 एवं शासनादेश सं0–1553 (1)/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग – 5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय, कन्नौज के अनुमोदन दिनांक– 08.02.2024 के अनुपालन में जनपद में संचालित 05 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर सेवा अनुबन्ध (संविदा) के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक अर्ह केवल महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक – 28.02.2024 की सांय 5:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पंजीकृत डाक के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से कोई भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किया जायेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है–

क0 सं0	पदनाम	शैक्षिक योग्यता	कुल रिक्त पद	वर्गवार रिक्त पदों का विवरण				मानदेय प्रतिमाह (रू0 में)
				अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनु0	अनु0जन जाति	
1	पूर्णकालिक शिक्षिका (अंग्रेजी)	अंग्रेजी (अंग्रेजी से स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0)	02	01	0	01	0	22000/–
2	उर्दू शिक्षिका (उर्दू)	उर्दू–बी0ए0 उर्दू विषय से तथा एल0टी0 या बी0टी0 या बी0एड0 या अन्य समकक्ष शिक्षा अथवा शिक्षण में डिग्री या डिप्लोमा	02	01	01	0	0	13200/–
3	अंशकालिक शिक्षिका (शा0शिक्षा)	स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा (बी0पी0 एड0 सी0पी0एड0 एवं डी0 पी0एड0 आदि उपाधि)	02	01	0	01	0	9800/–
4	अंशकालिक शिक्षिका (कला / संगीत)	कला क्राफ्ट एवं संगीत / गृह शिल्प	01	0	0	01	0	9800/–
5	मुख्य रसोइया	कक्षा –08 पास	01	01	0	0	0	6900/–
6	सहायक रसोइया	कक्षा –08 पास	03	01	01	01	0	5175/–
7	चौकीदार	कक्षा –08 पास	01	0	01	0	0	5750/–

अर्हता एवं शर्त :– https://kannauj.nic.in पर देखी जा सकती है।

(उपासना रानी वर्मा)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कन्नौज

एक नजर

चिनहट के कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

अमृत विचार,लखनऊ : ट्रांसगोमती के चिनहट और कमता सब स्टेशन में अनुरक्षण कार्य के चलते कई इलाकों में मंगलवार को बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। चिनहट के अधिशासी अभियंता ने बताया कि इन क्षेत्रों में फीडरों के मेंटीनेंस और जर्जर तारों के बदलने का कार्य तेजी से कराया जा रहा हैं। इसके चलते चिनहट के आसपास के इलाकों मे सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे करीब तीस हजार उपभोक्ता इससे प्रभावित रहेंगे।

बच्चे और महिलाएं हो रहे एनीमिया के शिकार

अमृत विचार, लखनऊ : जागरूकता की कमी के कारण बच्चे और महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। यह कहना है अजंता अस्पताल की सीनियर कंसलटेंट डॉ. हिमांगी दुबे का। वह मंगलवार को भारत विकास परिषद, महिला एवं बाल विकास प्रकल्प कृष्णा नगर शाखा की ओर से राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। डॉ. हिमांगी ने बताया कि एनीमिया गंभीर वैश्विक स्वास्थ्य समस्या है। आयरन की कमी से एनीमिया होता है। एनीमिया बीमारी में थकान, कमजोरी, त्वचा का पीलापन, दिल की धड़कन में बदलाव, सांस लेने में दिक्कत, चक्कर आना, सिरदर्द, सीने में दर्द आदि समस्याएं होती हैं।

राजधानी के छात्रों का दिखा दमखम

जेईई परीक्षा परिणाम : छात्र बोले, लक्ष्य का करें निर्धारण, तभी मिलेगी सफलता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जेईई (मेन) परीक्षा परिणामों में लखनऊ के परीक्षार्थियों ने अपना दमखम दिखाया। काफी संख्या में छात्रों को 97 फीसद से अधिक अंक प्राप्त हुए। ऐसे में टॉपर छात्रों ने कठिन परिश्रम और लक्ष्य निर्धारण का संदेश दिया है।

जेईई (मेन) 2024 सेशन 1 के परीक्षा परिणाम घोषित हो गए हैं। ऐसे में 97 फीसद से अधिक अंक पाने वाले छात्रों ने अमृत विचार से अपने विचार साझा किए। सत्यांश गुप्ता ने कहा कि लक्ष्य का निर्धारण करें तो सफलता सुनिश्चित है। उत्कर्ष अग्रवाल बताते हैं कि विषय वस्तु के सार को समझना आवश्यक है। तभी अंतिम बिंदुओं तक पहुंचा जा सकता है। आयुष बरनवाल और दीपांशु शर्मा कहते हैं कि परीक्षा में बैठने से पहले विषयों की जानकारी आवश्यक है। विनेश दुबे, शिखर पोरवाल, देवेश सिंह, गौरव तिवारी, नवीन कुमार, प्रखर जायसवाल ने शिक्षकों की भूमिका को प्रमुख बताया। अनंत त्रिपाठी, आदर्श राज, सूरज कुमार, आयुष नौगरखा, उत्कर्ष साहू, आयुष सिंह, आदित्य पाण्डे, अभय कुमार सिंह, साक्षी कुमारी और गौरव मणि त्रिपाठी भी 97 फीसद से अधिक अंक पाने वालों में सम्मिलित हैं।

मीराबाई मार्ग स्थित ज्वाइन इंट्रेस एग्जाम में सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्रों के गुप के साथ आकाश बायजूस के पदाधिकारी। अमृत विचार

जेईई मेन में सीएमएस के 15 छात्रों के 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक

लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल के सर्वाधिक 15 छात्रों ने 'जेईई मेन परीक्षा में 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित किये हैं तो वहीं दूसरी ओर 72 छात्रों ने 95 परसेन्टाइल से अधिक जबकि 115 छात्रों ने 90 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर अपने ही पिछले रिकार्ड को तोड़ा है। कुल मिलाकर इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सीएमएस के सर्वाधिक 182 छात्रों ने 80 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर सफलता अर्जित की है। प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि आगे चलकर ये छात्र राष्ट्र के विकास व समृद्धि में रचनात्मक योगदान देंगे। प्रो. किंगडन ने प्रधानाचार्याओं व शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया, जो छात्रों के लिए उपयुक्त शैक्षिक वातावरण को बनाए रखने को प्रतिबद्ध हैं और जिनकी बदौलत विद्यालय के छात्र दिन-प्रतिदिन नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं।

जाम में फंसी एम्बुलेंस तो पुत्र को लेकर दौड़ी महिला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बलरामपुर व वीरांगना अवंतीबाई महिला अस्पताल के आसपास अतिक्रमण की वजह से रोजाना जाम में फंसती हैं एम्बुलेंस

अमृत विचार : बलरामपुर और वीरांगना अवंतीबाई अस्पताल के आसपास मंगलवार को दोपहर के समय भीषण जाम लग गया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी जाम को छुड़ाने के लिए मशक्कत करते रहे।

दोनों अस्पतालों के पास अक्सर एम्बुलेंस जाम में फंसी रहती हैं। क्रिश्चन कॉलेज मार्ग पर करीब 12 :30 बजे एक एम्बुलेंस यूपी 32 ईजी 0787 जाम में फंस गई। एम्बुलेंस में महिला अपने बीमार पुत्र के साथ थी। जैसे-तैसे एम्बुलेंस बलरामपुर अस्पताल के गेट तक पहुंची, लेकिन महिला को अवंतीबाई महिला अस्पताल की ओपीडी में जाना था, लेकिन उस रास्ते पर भी जाम को देख महिला बच्चे को लेकर एम्बुलेंस से उतर गई और करीब 100 मीटर की दूरी उसने तेज गति में पैदल ही तय की।

यह है जाम की वजह

दोनों अस्पतालों के आसपास अतिक्रण रहता है। साथ ही इस रूट से रोडवेज की बसें भी निकलती हैं। ई- रिक्शे भी बेतरतीब खड़े होते हैं। साथ ही, ओपीडी के समय निजी वाहनों की भी संख्या अधिक रहती है। इससे जाम की स्थिति बनी रहती है।

> ओपीडी के समय दोनों अस्पतालों के बाहर जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार तो हम स्वयं ही स्टॉफ के साथ जाम खुलवाने को लेकर मशक्कत करते हैं। इस संबंध में कई बार नगर निगम और पुलिस विभाग को पत्र लिखा जा चुका है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।
>
> **-डॉ. एके सिंह,** निदेशक बलरामपुर अस्पताल

वीरांगना अवंतीबाई अस्पताल के गेट के पास लगे जाम में फंसी एम्बुलेंस। अमृत विचार

सड़क सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता : जितिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दो दिवसीय सड़क सुरक्षा कार्यशाला में हादसे कम करने को लेकर हुई चर्चा

अमृत विचार : लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। प्रमुख मार्गों पर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। साथ ही विभिन्न अस्पतालों से समन्वय बनाकर रखने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। हादसे में घायलों को तत्काल इलाज मिल सके, इसके लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के इस्टीमेट में सड़क सुरक्षा से संबंधित कम्पोनेंट भी शामिल किए जाएंगे।

लोक निर्माण विभाग मुख्यालय पर आयोजित कार्यशाला के पहले दिन मंत्री जतिन प्रसाद ने कहा कि सड़क हादसे कम करने में पीडब्ल्यूडी की अहम भूमिका है। सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में ओवर स्पीडिंग, ओवर लोडिंग, वाहन सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग न करना, खराब रोड इंजीनियरिंग और सड़क सुरक्षा के दोषपूर्ण उपाय हैं। सड़क निर्माण में आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर हादसों को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। सड़कों की डिजाइन भी हादसों का बड़ा कारण है। इसे दूर करने के लिए इंजीनियरों को हर माह प्रशिक्षित किया जाए। सड़कों पर स्पीड ब्रेकर और मार्किंग की अच्छी व्यवस्था जरूरी है। पीडब्ल्यूडी के तकनीकी सलाहकार वीके सिंह के अनुसार चिन्हित दुर्घटना बाहुल्य स्थलों (ब्लैक स्पॉट्स) पर अल्पकालिक और दीर्घकालिक सुधार कार्य करवाए गए हैं। विभागीय वाहनों के पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाया जा रहा है। मल्टीलेन मार्गों पर अनियोजित डिवाइडर ओपनिंग को बंद कराने का कार्य भी चल रहा है।

प्रमुख अभियंता बीके श्रीवास्तव ने कहा कि पीडब्ल्यूडी के मार्गों पर 1365 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। सीआरआरआई दिल्ली, आईआईटी दिल्ली व आईआईटी बीएचयू द्वारा गई सेफ्टी ऑडिट की संस्तुतियों के आधार पर सुधारीकरण का कार्य किया गया है। प्रमुख अभियंता एके अग्रवाल ने भी सड़क सुरक्षा पर विचार रखे। आईआईटी दिल्ली के सीनियर रिसर्च स्कॉलर प्रवीण कुमार, ओआरएएफएल इंडिया के बिजनेस हेड सुशांत पहलवान, रोड सेफ्टी आडिटर स्वतंत्र कुमार आनलाइन इस कार्यशाला से जुड़े।

दुर्घटनाओं का आंकड़ा

- 34 फीसदी दुर्घटनाएं राष्ट्रीय राजमार्ग पर
- 29 फीसदी दुर्घटनाएं राज्य राजमार्ग पर
- 2 फीसदी दुर्घटनाएं एक्सप्रेस-वे पर
- 35 फीसदी दुर्घटनाएं अन्य सभी श्रेणी के मार्गों पर

सीएचसी और पीएचसी पर बॉयोमेट्रिक से हाजिरी की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सभी सीएचसी, पीएचसी पर बॉयोमेट्रिक सिस्टम लगाने का प्रस्ताव तैयार
- डॉक्टरों और स्टाफ की उपस्थिति की मिलेगी सही जानकारी

अमृत विचार : अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर डॉक्टर व अन्य स्टॉफ बिना जानकारी के गायब नहीं हो सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग बायोमेट्रिक सिस्टम लगाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने प्रस्ताव बना लिया है। उम्मीद है कि जल्द ही सीएचसी व पीएचसी पर बॉयोमेट्रिक सिस्टम लगाने की अनुमति मिल जाएगी।

बता दें कि सीएचसी, पीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर कार्यरत डॉक्टर व अन्य स्टॉफ अपनी ड्यूटी को लेकर गंभीर नहीं है। इसको लेकर लगातार शिकायतें आ रही थीं। बीते दिनों अमृत विचार ने भी खबर के माध्यम से इसका खुलासा किया था। जांच के दौरान कई पीएचसी पर डॉक्टर मौजूद नहीं मिले थे। साथ ही केंद्र निर्धारित समय से पहले बंद किए जा रहे थे। इससे मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था।

> सभी सीएचसी, पीएचसी पर बॉयोमेट्रिक सिस्टम लगाने की तैयारी चल रही है। प्रस्ताव बना लिया गया है। जल्द ही उसे अमल में लाया जाएगा।
>
> **-डॉ. आरएन सिंह,** ए-सीएमओ व नोडल अफसर पीएचसी, सीएचसी

जबकि पीएचसी के डॉक्टर व स्टॉफ को आदेश है कि वह समय से ड्यूटी पहुंचकर पूरे स्टाफ के साथ अपनी सीएचसी के अधीक्षक को तुरंत फोटो भेजेंगे। पर, ऐसा नहीं हो रहा है। ऐसे में अब बॉयोमेट्रिक सिस्टम लगाकर डॉक्टरों, स्टाफ के हाजिरी की सही जानकारी लेंगे। यदि कोई डॉक्टर या स्टाफ समय से नहीं पहुंचेगा तो उसके वेतन में कटौती के साथ ही कार्रवाई की जाएगी।

एविएटर गेम के चक्कर में छात्र ने की खुदकुशी

संवाददाता, लखनऊ/ठाकुरगंज

- हजरतगंज के क्राइस्ट चर्च स्कूल में पढ़ता था दानियाल

अमृत विचार : चौक के गाजी मंडी बाजाजा मोहल्ले में रहने वाले इंटरमीडिएट के छात्र मो. दानियाल (20) ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन ने बताया कि वह एविएटर गेम खेलता था। मंगलवार सुबह उसने अपने दोस्तों को मैसेज करने के बाद आत्मघाती कदम उठाया।

प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय के मुताबिक, मंगलवार को करीब 10:30 बजे सूचना मिली कि चौके के गाजी मंडी बाजाजा मोहल्ले निवासी छात्र मो. दानियाल ने फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस छात्र को फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मामा शाबाद रिजवी ने बताया कि दानियाल हजरतगंज के क्राइस्ट चर्च स्कूल में इंटरमीडिएट का छात्र था। मंगलवार को उसकी अंग्रेजी विषय की परीक्षा थी। वह मोबाइल पर एविएटर गेम खेलता था। सुबह करीब 8:30 बजे घर की पहली मंजिल पर कमरे में पढ़ने चला गया।दो घंटे बाद मां हिना बेटे को बुलाने पहुंची। तब वह फंदे से लटका मिला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शुरुआती पड़ताल में सामने आया कि दानियाल को एविएटर गेम की लत थी। आशंका है कि दानियाल ने भी गेम में रुपये गंवाने के बाद खुदकुशी की रही है।

सार-संक्षेप

मतदाता जागरूकता के लिए लगाएं होर्डिंग : सीडीओ

अमृत विचार, लखनऊ : मतदाता जागरूकता के लिए प्रमुख चौराहे, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन आदि में होर्डिंग लगवाएं। नोडल अधिकारियों को जागरूक करने के लिए मास्टर ट्रेनर नियुक्त करें। ये निर्देश मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल अधिकारी अजय जैन ने दिए। मंगलवार को उन्होंने विकास भवन सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने के लिए बैठक की। बैठक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप प्लान प चर्चा की। कहा, इस संबंध में प्रत्येक सोमवार शाम 4 बजे बैठक करेंगे। बैठक में महाराजा बिजली पासी डिग्री कालेज की प्राचार्य/नोडल अधिकारी प्रोफेसर सुमन गुप्ता ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जिले के डिग्री कालेजों में मतदाता रैली, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, स्लोगन, नारा, लेखन प्रतियोगिता कराई जा रही है। क्षेत्रों में सर्वे कर मतदाता पहचान-पत्र रहित लोगों को पहचान-पत्र बनवाने का अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये कि प्रत्येक डिग्री कॉलेज का एक नोडल अधिकारी नामित करते हुए सूची उपलब्ध कराएं। 15 कालेज में से एक मास्टर ट्रेनर नियुक्ति करें जो सभी नोडल अधिकारियों को मतदान के प्रति जागरूक करेंगे।

वेलनेस सेंटर में अब आठ घंटे मिलेगा इलाज

अमृत विचार, लखनऊ : शहर के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों (आरोग्य मंदिर) पर अब आठ घंटे इलाज मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग के जरिए इसको लेकर निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पहले छह घंटे तक ही यह सेंटर खोले जाते थे। मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत शहर में मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर 75 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोले गए हैं। अभी यह सेंटर चार से छह घंटे ही खुल रहे हैं। कई जगह तो सेंटर खुलता ही नहीं है। इसकी शिकायत स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को मिली है। इन सेंटर पर संविदा पर एमबीबीएस डॉक्टर व अन्य स्टाफ तैनात रहते हैं। सेंटर के जरिए हजारों मरीजों को रोजाना मुफ्त दवा, इलाज व जांच की सुविधा दी जा रही है। यहां बच्चों का टीकाकरण होने के साथ ही एनएचएम व स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को स्थानीय लोगों तक आसानी से पहुंचाने का काम भी किया जा रहा है। एसीएमओ डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि एनएचएम के निर्देशानुसार ये वेलनेस सेंटर गर्मी के दिनों में सुबह 8 से शाम 4 बजे और सर्दी में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक खुलेंगे। वेलनेस सेंटर मंगलवार से रविवार तक खुलेंगे, जबकि सोमवार को सेंटर पर अवकाश रहेगा।

महानगर उपकेंद्र पर सर्वर रहा डाउन

अमृत विचार,लखनऊ : ट्रांसगोमती के महानगर उपकेंद्र में मंगलवार को सर्वर डाउन रहा। जिसके चलते उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बीच उपकेंद्र पर बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं के साथ प्रीपेड मीटरों के रीचार्ज के लिए काउंटरों पर लंबी लाइन लगी रही। सुबह 10 बजे से 3 बजे तक सर्वर डाउन रहा। पांच घंटे बाद सर्वर के सामान्य होने के बाद काम शुरू हो सका। इस दौरान समस्या के जल्द निदान के लिए कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के साथ नोकझोंक भी हुई। महानगर के अवर अभियंता ने बताया अचानक सर्वर डाउन होने के कारण लोगों के बिल जमा नहीं हो सके। इसके साथ ही प्रीपेड मीटरों को रीचार्ज करने के लिए उपभोक्ताओं को इंतजार करना पड़ा।

पकड़ी बिजली चोरी, पांच के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में बिजली चोरी रोकने के लिए पावर कारपोरेशन लगातार सघन चेंकिग अभियान चला रहा है। मंगलवार को ट्रांस गोमती के अहिबरनपुर के मकागंज और मदेयगंज में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान इलाके में पंहुची टीम की भनक लगते ही क्षेत्र में हडकंप मच गया। आनन-फानन लोग अपने घरों की छतों पर चढ़कर चोरी से चला रहे बिजली कनेक्शनों को केबल तारों से कटिया हटाते मिलें। इस बीच अधिकारियों को चोरी से बिजली जला रहे कनेक्शनों की वीडियोग्राफी को रोकने के लिए लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। जिसके बाद अधिकारियों की टीम और लोगों के बीच काफी देर तक गहमागहमी भी हुई।चेकिंग के दौरान नूरबानो,नसरीनजहां,अनिता देवी,अहमदी बेगम और शमीमजहां को चोरी से बिजली का उपयोग करते पाये जाने पर उनके खिलाफ मकुदमा दर्ज करा दिया गया है।

6 घंटे तक बिजली गुल, 50 हजार लोग प्रभावित

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसगोमती के अहिबरनपुर सब स्टेशन से जुड़े 50 हजार लोग बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण प्रभावित हुए। मंगलवार को इन इलाकों में सुबह 10 बजे से छह घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। लोग सब स्टेशन पर कॉल कर कारण जानने का प्रयास करते रहे। पर, वहां कोई कॉल रिसीव करने वाला नहीं था। पावर कारपोरेशन के 24 घंटे लगातार बिजली आपूर्ति के दावे पूरी तरह से खोखले हैं। ट्रांस गोमती के अहिबरनपुर सब स्टेशन से जुड़े अहिबरनपुर, कर्बला ढाल, भांडू टोला और मसालची टोला जैसे घनी आबादी वाले इलाके में करीब छह घंटे बिजली की आपूर्ति बाधित रही। स्थानीय लोगों के अनुसार इलाके में अचानक बिजली गुल होने से पानी की आपूर्ति ठप हो गई। पानी के लोगों को दूर लगे हैंडपंप का सहारा लेना पड़ा।अहिबरनपुर सब स्टेशन के एसडीओ ने बताया कि आरडीएसएस योजना के मेंटीनेंस कार्यों के चलते सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक इलाके की बिजली आपूर्ति को बंद किया गया था।

बदले मौसम से वायरल बुखार के मरीज बढ़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सरकारी व निजी अस्पतालों में आ रहे 30 फीसदी मरीज बुखार और गले में इंफेक्शन से पीड़ित

अमृत विचार : मौसम में बदलाव के बीच राजधानी के सरकारी व निजी अस्पतालों में गले में इंफेक्शन के कारण खांसी व सर्दी-जुकाम के साथ ही वायरल बुखार के मरीज बढ़ गए। अस्पतालों में ऐसे मरीजों की संख्या में 30 फीसदी तक का इजाफा हुआ है।

हालांकि चिकित्सकों का मानना है कि थोड़ी सी जागरूकता से बीमारी से बचा जा सकता है। हजरतगंज स्थिति (सिविल) अस्पताल के फिजिशियन डॉ. कुलदीप वर्मा ने बताया कि इधर करीब दो सप्ताह से ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है। दरअसल जब भी मौसम में परिवर्तन होता है तो वायरल बुखार के मरीज बढ़ जाते हैं। इस समय सुबह-शाम तो ठंड है, लेकिन दिन का पारा सामान्य रहने की वजह से लोग गर्म कपड़ों को पहनने से परहेज करते हैं जो सही नहीं है। अभी लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। साथ ही बच्चों का विशेष ध्यान रखना है। वहीं, बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. एके सिंह का कहना है कि इस समय ओपीडी में वायरल बुखार के साथ ही सर्दी खांसी के ज्यादा मरीज हैं। हालांकि ओपीडी की संख्या बढ़ने का एक कारण यह भी है कि ठंड की वजह से जो मरीज अस्पताल नहीं आ रहे थे,अब मौसम सामान्य होने से ओपीडी में डॉक्टर को दिखाने आ रहे हैं।

राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी का स्वागत

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी को राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपाइयों ने उनका लखनऊ आगमन पर स्वागत किया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में भाजपाई चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर पहुंचे और ढोल नगाड़ों की थाप पर पुष्प वर्षा की।

केंद्र की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक पंकज सिंह ने गांव चलो अभियान के तहत कहा कि भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। सिंह ने पश्चिम विधानसभा में हैदरगंज द्वितीय वार्ड के बूथ संख्या 32 पर प्रवास किया। बूथ समिति और पन्ना प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। क्षेत्र में लाभार्थियों, स्वयं सहायता समूह सदस्यों और क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक की। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में छह करोड़ से अधिक लोग विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। भाजपा सरकार में अंत्योदय की विचारधारा के अंतर्गत सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास से इंफ्रास्ट्रक्चर का अभूतपूर्व विकास हुआ है। आमजन ' 'मोदी की गारंटी' ' को मानता है। इसलिए जनता ने उनको तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रवास में आयोजित बैठकों के दौरान महानगर उपाध्यक्ष टिंकू सोनकर, अभिषेक खरे, मंडल अध्यक्ष राजन मिश्रा, पार्षद धर्मेंद्र सिंह, बूथ अध्यक्ष शालिनी पांडे और ज्योति सिंह आदि उपस्थित रहे।

विभागों की खींचतान में फंसी जल संचयन योजना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अधर में 34 जिलों की 53 परियोजनाएं, पहले डीपीआर अब ऑडिट में पेंच

अमृत विचार : 34 जिलों में जल संचयन के लिए 2021-22 में संचालित वाटरशेड विकास घटक (प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0) मकसद से कोसों दूर है।

यह योजना परती भूमि विकास की है जो संसाधनों के अभाव में धरातल पर उतारने के लिए भूमि संरक्षण विभाग को दी थी। इसमें 53 परियोजनाएं शामिल हैं। जिन्हें बनाने के लिए सही गाइडलाइन नहीं जारी हुई। जब गाइडलाइन मिली तो कंपनी ने डीपीआर तैयार नहीं किए, जब डीपीआर बने तो निर्माण में बजट कैसे खर्च करना है, इसके लिखित निर्देश नहीं मिले। इन अव्यवस्थाओं के कारण जैसे-तैसे 2022-23 में कार्य शुरू हुए जो अब ऑडिट में उलझ गए हैं। क्योंकि अब तक हुए कार्यों का ऑडिट होना है। जो कृषि विभाग विभागीय ऑडिट कराने पर अड़ा है। जबकि परती भूमि विकास और भूमि संरक्षण विभाग नियमों का हवाला देकर सोशल ऑडिट कराने की मांग कर रहे हैं। इसी खींचतान में योजना परवान नहीं चढ़ पा रही है। जो 2025-26 तक तैयार करना मुश्किल दिख रहा है।

> योजना के सभी मानक हैं। इसका शासनादेश जारी हुआ था। रही बात डीपीआर की तो हो सकता है जिले स्तर पर अनुमोदन कराए गए होंगे। इसमें सोशल ऑडिट का प्राविधान है।
>
> **-जेएम त्रिपाठी,** तकनीकी अधिकारी, परती भूमि विकास

...तो बिना डीपीआर अनुमोदन के कार्य : योजना के नियम और कार्य गोलमोल हैं। चर्चा है कि देर-सबेर परियोजनाओं के डीपीआर बनाए तो गए लेकिन, कुछ जगह परती भूमि विकास से अनुमोदित नहीं कराए गए और कार्य शुरू कर दिए गए। जो धनराशि मौखिक निर्देश पर खर्च की गई अब उसका गाइडलाइन के मुताबिक हिसाब देना मुश्किल है। इसलिए मामला ऑडिट में फंसा है। कार्यों की जियो टैगिंग भी संतोषजनक नहीं है।

इन जिलों में 53 परियोजनाएं

सोनभद्र, हमीरपुर, चित्रकूट, फतेहपुर, रायबरेली, मिर्जापुर, बदायूं, प्रतापगढ़, कौशांबी, कन्नौज, आजमगढ़, कानपुर नगर, जौनपुर, अमेठी, प्रयागराज, बरेली, संभल, लखनऊ, सहारनपुर, मथुरा, बिजनौर, रामपुर, मुरादाबाद, वाराणसी, बुलंदशहर, अमरोहा, बागपत, हापुड़, महोबा, मैनपुरी, कुशीनगर, एटा, इटावा व देवरिया।

राजधानी नगर सहकारी बैंक लिमिटेड — कब्जा सूचना

प्रशासनिक कार्यालयः साँई टॉवर सीपी-42, सेक्टर-ई, सीतापुर रोड योजना, रिंग रोड, जानकीपुरम, लखनऊ।

प्रतिभूतिकरण व वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (द्वितीय) अधिनियम 2002 के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी **राजधानी नगर सहकारी बैंक लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी है और प्रतिभूति हित नियम 2002 की उपधारा 13(12) नियम 9 के साथ पठनीय के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित खाते के सम्मुख उल्लिखित धनराशि के सम्बन्ध में (जिसका सम्पूर्ण विवरण नीचे उल्लिखित है) सम्बन्धित उधारकर्ताओं से मांग की गयी थी कि वे उक्त नोटिस प्राप्त होने की दिनांक से 60 दिन के अन्दर ऋण राशि चुकता कर दें। चूँकि सम्बन्धित ऋणी/जमानतदार के द्वारा ऋण राशि चुकता नहीं की गयी है इसलिए ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता व आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) नियम 9 के साथ पठनीय के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे लिखी सम्पत्तियों को कब्जे में लिया है। विशेष तौर पर ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता और सामान्य तौर पर आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त न करें। इन सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी भी खरीद-फरोख्त हेतु **राजधानी नगर सहकारी बैंक लिमिटेड** को देय राशि व उस पर देय ब्याज के अनुक्रम में प्रभार नोट किया जाएगा। **ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता का ध्यान प्रतिभूतिकृत आस्तियों को विमुक्त करने के लिए उपलब्ध समय-सीमा के संदर्भ में, उक्त अधिनियम की धारा 13 (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

अचल सम्पत्ति का विवरण

क्र. सं.	ऋणी/जमानतकर्ता का नाम एवं पता	माँग सूचना/अधिग्रहण की तिथि/बकाया धनराशि	अचल सम्पत्ति का विवरण
शाखाः विकास नगर, लखनऊ			
1.	1. मेसर्स यू.के. मेडिकल्स प्रोप. **ऋषि खन्ना (ऋणी एवं बंधककर्ता) पुत्र के. सी. खन्ना,** 101, मानस विहार, इंदिरानगर, लखनऊ पिन-226016 **व्यावसायिक पताः-** दुकान नंबर 1,2,4,5, सेक्टर-ई सीतापुर रोड योजना, सेक्टर-क्यू के पास, अलीगंज, लखनऊ। 2. **श्रीमती कोमल खन्ना (जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता) पत्नी ऋषि खन्ना,** 101, मानस विहार, सर्वोदयनगर, इंद्रानगर, लखनऊ पिन-226016 3. **श्री अभिषेक जयसवाल (जमानतकर्ता) पुत्र श्री एम.पी. जयसवाल,** 41/499/1, सेठ रामजस रोड, नरही, लखनऊ पिन-226001 4. **श्री विजय शंकर बाजपेयी (जमानतकर्ता) पुत्र स्व0 श्री देवी शंकर बाजपेयी,** ए-20, सर्वोदय नगर, इंद्रानगर, लखनऊ पिन- 226016	**28.11.2023** **08.02.2024** रू. **77,18,432/-** दिनांक 31.10.2023 से प्रभावी ब्याज	**संपत्ति 1:-** एलजीएफ दुकान नंबर 1 एवं 4, श्रीनाथजी कॉम्प्लेक्स के साम्यिक बंधक के सभी भाग व खण्ड, क्षेत्रफल 160 वर्ग फीट अर्थात् 14.869 वर्ग मीटर स्थित सेक्टर- 'ई', सीतापुर रोड योजना सिटी लखनऊ, **मालिकः** श्री ऋषि खन्ना पुत्र श्री कृष्ण चंद्र खन्ना, **चौहद्दीः पूर्व-** मार्ग 6 फीट चौड़ा (लगभग), **पश्चिम-** मार्ग 6 फीट चौड़ा (लगभग) बाद में सड़क, **उत्तर-** 4 फीट चौड़ी गैलरी, **दक्षिण-** दुकान नंबर एलजीएफ 2 एवं 5 **संपत्ति 2:-** दुकान नंबर एलजीएफ-2 एवं 5, श्रीनाथजी कॉम्प्लेक्स के साम्यिक बंधक के सभी भाग व खण्ड, क्षेत्रफल 160 वर्ग फीट अर्थात् 14.869 वर्ग मीटर स्थित सेक्टर- 'ई', सीतापुर रोड योजना सिटी लखनऊ, **मालिकः** श्री ऋषि खन्ना पुत्र श्री कृष्ण चंद्र खन्ना, **चौहद्दीः पूर्व-** मार्ग 5 फीट चौड़ा, **पश्चिम-** मार्ग 4 फीट चौड़ा, **उत्तर-** दुकान नंबर 4 एवं 1, **दक्षिण-** दुकान नंबर 3 एवं 6 **संपत्ति 3:-** दुकान नंबर एलजीएफ-21, श्रीनाथजी कॉम्प्लेक्स के साम्यिक बंधक के सभी भाग व खण्ड, क्षेत्रफल 80 वर्ग फीट अर्थात् 7.434 वर्ग मीटर स्थित सेक्टर- 'ई', सीतापुर रोड योजना सिटी लखनऊ, **मालिकः** श्रीमती कोमल खन्ना पत्नी ऋषि खन्ना, **चौहद्दीः पूर्व-** जयदाद दीगर, **पश्चिम-** जयदाद दीगर, **उत्तर-** गैलरी 5 फीट चौड़ी, **दक्षिण-** जयदाद दीगर
2.	1. **श्री ऋषि खन्ना (ऋणी) पुत्र के. सी. खन्ना,** 101, मानस विहार, इंद्रानगर, लखनऊ पिन-226016 2. **श्रीमती कोमल खन्ना (सह-ऋणी) पत्नी ऋषि खन्ना,** 101, मानस विहार, सर्वोदयनगर, इंद्रानगर, लखनऊ पिन-226016 3. **श्री अभिषेक जयसवाल (जमानतकर्ता) पुत्र श्री एम.पी. जयसवाल,** 41/499/1, सेठ रामजस रोड, नरही, लखनऊ पिन-226001 4. **श्री विजय शंकर बाजपेयी (जमानतकर्ता) पुत्र स्व0 श्री देवी शंकर बाजपेयी,** ए-20, सर्वोदय नगर, इंद्रानगर, लखनऊ पिन- 226016	**28.11.2023** **08.02.2024** रू. **45,08,579/-** दिनांक 31.10.2023 से प्रभावी ब्याज	**संपत्ति 1:-** दुकान नंबर एलजीएफ 1 एवं 4, श्रीनाथजी कॉम्प्लेक्स के साम्यिक बंधक के सभी भाग व खण्ड, क्षेत्रफल 160 वर्ग फीट अर्थात् 14.869 वर्ग मीटर स्थित सेक्टर- 'ई', सीतापुर रोड योजना सिटी लखनऊ, **मालिकः** श्री ऋषि खन्ना पुत्र श्री कृष्ण चंद्र खन्ना, **चौहद्दीः पूर्व-** मार्ग 6 फीट चौड़ा (लगभग), **पश्चिम-** मार्ग 6 फीट चौड़ा (लगभग) बाद में सड़क, **उत्तर-** 4 फीट चौड़ी गैलरी, **दक्षिण-** दुकान नंबर एलजीएफ 2 एवं 5 **संपत्ति 2:-** दुकान नंबर एलजीएफ-2 एवं 5, श्रीनाथजी कॉम्प्लेक्स के साम्यिक बंधक के सभी भाग व खण्ड, क्षेत्रफल 160 वर्ग फीट अर्थात् 14.869 वर्ग मीटर स्थित सेक्टर- 'ई', सीतापुर रोड योजना सिटी लखनऊ, **मालिकः** श्री ऋषि खन्ना पुत्र श्री कृष्ण चंद्र खन्ना, **चौहद्दीः पूर्व-** मार्ग 5 फीट चौड़ा, **पश्चिम-** मार्ग 4 फीट चौड़ा, **उत्तर-** दुकान नंबर 4 एवं 1, **दक्षिण-** दुकान नंबर 3 एवं 6 **संपत्ति 3:-** दुकान नंबर एलजीएफ-21, श्रीनाथजी कॉम्प्लेक्स के साम्यिक बंधक के सभी भाग व खण्ड, क्षेत्रफल 80 वर्ग फीट अर्थात् 7.434 वर्ग मीटर स्थित सेक्टर- 'ई', सीतापुर रोड योजना सिटी लखनऊ, **मालिकः** श्रीमती कोमल खन्ना पत्नी ऋषि खन्ना, **चौहद्दीः पूर्व-** जयदाद दीगर, **पश्चिम-** जयदाद दीगर, **उत्तर-** गैलरी 5 फीट चौड़ी, **दक्षिण-** जयदाद दीगर
3.	1. **श्री सौरभ खन्ना (ऋणी) पुत्र स्व0 के.सी. खन्ना,** 101, मानस विहार, इंद्रानगर, लखनऊ पिन-226016 2. **श्री ऋषि खन्ना (सह-ऋणी) पुत्र स्व0 के. सी. खन्ना,** 101, मानस विहार, इंद्रानगर, लखनऊ पिन-226016 3. **श्री आलोक शर्मा (जमानतकर्ता) पुत्र अनिल कुमार शर्मा,** ई-98, कुर्मांचल नगर, सर्वोदयनगर, इंद्रानगर, लखनऊ पिन- 226016 4. **श्रीमती कोमल खन्ना (जमानतकर्ता) पत्नी ऋषि खन्ना,** 101, मानस विहार, सर्वोदयनगर, इंद्रानगर, लखनऊ पिन- 226016 5. **श्रीमती उषा खन्ना (जमानतकर्ता) पत्नी स्व0 के. सी. खन्ना,** 101, मानस विहार, इंद्रानगर, लखनऊ पिन-226016	**28.11.2023** **08.02.2024** रू. **53,46,491/-** दिनांक 31.10.2023 से प्रभावी ब्याज	भूमि के साम्यिक बंधक के सभी भाग व खण्ड, खसरा नंबर 22एम का भाग, क्षेत्रफल 2275 वर्ग फीट स्थित ग्राम-बस्तौली, परगना, तहसील एवं जिला-लखनऊ उत्तर प्रदेश, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के माध्यम से वर्तमान मालिक हैं (1. श्रीमती उषा खन्ना पत्नी स्व0 के. सी. खन्ना, 2. सौरभ खन्ना पुत्र स्व0 के. सी. खन्ना, 3. ऋषि खन्ना पुत्र स्व0 के. सी. खन्ना, **चौहद्दीः पूर्व-** सड़क 16 फीट चौड़ी, **पश्चिम-** बाग पीर ठेकेदार, **उत्तर-** रवीन्द्र सेठ का प्लॉट, **दक्षिण-** अराजी उस्तादा

दिनांक : 14.02.2024, स्थान - लखनऊ — प्राधिकृत अधिकारी, राजधानी नगर सहकारी बैंक लिमिटेड

एक नजर

मोहनलालगंज चेयरमैन भाजपा में शामिल

अमृत विचार, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज नगर पंचायत के चेयरमैन राजेश रावत व उनके प्रतिनिधि मोहनलाल गंज व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पांडेय सहित सपा-बसपा के 200 समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर सदस्यता ली। इस मौके पर समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष त्रियम्बक त्रिपाठी व क्षेत्रीय सांसद केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यमंत्री वीरेन्द्र तिवारी जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह संग अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर कर स्वागत किया गया।

व्यापारियों समेत अन्य लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

अमृत विचार, आलमबाग : भाजपा द्वारा कैंट विधानसभा क्षेत्र का मिलन समारोह मंगलवार को आलमबाग स्थित चंदर नगर में आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कई व्यापारियों के अलावा अन्य लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। भाजपा की सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से प्रगतिशील व्यापार मंडल के पूर्व डीआईजी आईपीएस हरीश कुमार के नेतृत्व में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुग्रीव मौर्य और लखनऊ जिला उपाध्यक्ष प्रदीप यादव, मानसिंह के साथ ही भाजपा के तमाम पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

समाजवादी युवजन सभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर के मुंशी खेड़ा, ट्रांसपोर्ट नगर निवासी शिवकुमार रावत 'टाइगर' को समाजवादी युवजन सभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसकी घोषणा समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी ने सयुस जिलाध्यक्षों की लिस्ट में की है। मनोनीत सयुस जिलाध्यक्ष शिवकुमार रावत पूर्व में समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी प्रदेश सचिव के अलावा राजा बिजली पासी वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि रहे हैं। शिवकुमार रावत के सयुस जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर मंगलवार को सरोजनीनगर में सपाइयों ने फूल माला पहनकर शिवकुमार का जोरदार स्वागत किया।

विद्युत लाइन से टकराया ट्रक, खलासी की मौत

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : महिगवां थाना अंतर्गत भैंसामऊ कुम्हरावां मार्ग पर अनियंत्रित ट्रक 11 हजार विद्युत पोल से टकरा गया जिससे खलाशी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जब्कि चालक बुरी तरह घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, भैंसामऊ क्रासिंग की तरफ से जा रहा अनियंत्रित ट्रक बांकेनगर तिराहे के पास सड़क किनारे लगे 11 हजार के विद्युत पोल से टकरा गया।जिसके कारण ट्रक में करंट उतर आया और खलाशी राकेश रावत 28 निवासी राजस्थान भीलवाड़ा बुरी तरह झुलस गया।जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वही स्थानीय निवासी चालक भवानी भी बुरी तरह झुलस गया।

बच्चों के ऑनलाइन गेम खेलने के आ रहे दर्दनाक नतीजे

सिंगापुर, सऊदी अरब, जर्मनी समेत कई देशों में बैन हैं मोबाइल गेम, पूर्व में 10 हजार रुपये गंवाने के बाद हाईस्कूल के छात्र ने की थी खुदकुशी

विनय शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : चौक कोतवाली थानाक्षेत्र अंतर्गत बाजाजा मोहल्ले इंटरमीडिएट के छात्र मो. दानियाल (20) ने मोबाइल गेम के चलते घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मोबाइल गेम की वजह से मौत का चुनाव करना यह कोई पहला मामला नहीं है बल्कि विगत माह ऑनलाइन गेम में दस हजार रुपए हारने के बाद एक हाईस्कूल के छात्र ने आत्मदाह कर खुदकुशी कर ली थी। ऐसे में सवाल है कि आखिर इस तरह के मोबाइल गेम पर क्यों अंकुश नहीं लगाया जाता है। जबकि 15 देशों ने मोबाइल गेम पर प्रतिबन्ध लगाया है। जिसमें गैंबलिंग या फिर हथियार खरीदने के टास्क दिए जाते हैं।

पूर्व में सामने आए मामले

माह	वर्ष	थाना	वारदात
जून	2022	पीजीआई	पबजी की लत के चलते मां को गोली मारी
अप्रैल	2023	कैंट	सैन्यकर्मी पिता के खाते से निकाले आठ लाख
जनवरी	2024	बंथरा	गेम में रुपये हारने पर छात्र ने किया आत्मदाह

गेम रुपये हारने के बाद छात्र ने किया था आत्मदाह-गौरतलब है कि 25 जनवरी को बंथरा थानाक्षेत्र अंतर्गत मोबाइल गेम में दस हजार रुपये हारने के बाद हाईस्कूल के छात्र शिवा ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाकर जान दे दी थी। सिक्योरिटी गार्ड पिता बृजेश कश्यप ने बेटे को पढ़ाई के लिए स्मार्टफोन खरीदा था। इसी मोबाइल से शिवा अक्सर ऑनलाइन गेम खेलता था। परिजनों के मुताबिक, शिवा अपने परिचितों से करीब दस हजार से ज्यादा उधार ले रखा था, इन पैसों को उसने मोबाइल गेम में गवां दिया था।

जुए की लग रही लत-साइबर एक्सपर्ट राहुल मिश्रा के मुताबिक, 20 फीसदी गेम को छोड़ दिया जाए तो शेष 80 फीसदी गेम में विभिन्न टास्क दिए जाते है। जिन्हें पूरा करने के लिए अलग-अलग लेवल को पार करना होता है। इन टास्क को पूरा करने के लिए बच्चे अभिभावक या फिर रिश्तेदारों से रुपये उधार मांगते है या फिर चोरी करना सीखते हैं, ताकि गेम के टास्क को आसानी से पूरा कर सकें। इसके अलावा तमाम गेम ऐसे भी है। जिसने बच्चों को जुआ खेलने की लत लग जाती है और उनका मानसिक संतुलन भी बिगड़ने लगा है।

15 देशों ऑनलाइन गेम्स पर प्रतिबन्ध-रिपोर्ट के अनुसार, चीन, वेनेजुएला, ब्राजील जापान जैसे 15 देशों में ऑनलाइन गेम्स पर प्रतिबन्ध लगा है। वेनेजुएला ने करीब 13 साल पहले ही वीडियो गेम्स बनाने, बेचने और इस्तेमाल करने पर रोक लगा चुका है। इसी तरह साउथ कोरिया, न्यूजीलैंड, यूएई, ईरान, सिंगापुर, सऊदी अरब, जर्मनी, ब्रिटेन, मलेशिया, जापान और पाकिस्तान ने भी कई गेम पर पाबंदियां लगाई है।

ऐसे दिखाएं समझदारी

- ऑनलाइन गैम्बलिंग और बेटिंग प्लेटफॉर्म से बचे
- गेम अगर आपसे पैसा मांगे तो तुरंत बाहर हो जाएं
- गेम अगर कोई लालच दे तो समझिये फेक हैं
- गेम का लेवल खरीदना है तो पैरेंट्स को जरूर बताएं
- ऐसे गेम का यूज न करें, जिसे कभी न सुना हो
- अनजान लिंक पर क्लिक कर गेम को डाउनलोड न करें
- ऑनलाइन गेम खेलते समय अकाउंट का एक्सेस न दें

बच्चों की निगरानी करें अभिभावक

मनोचिकित्सक डॉ. सृष्टि श्रीवास्तव के मुताबिक, गेम से बच्चों का मानसिक विकास होता है, लेकिन यह दिनभर खेला जाए तो उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ता है। पहले भी बहुत सारे ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिसमें ऑनलाइन गेम चैलेंज पूरा करने के लिए बच्चों ने घर छोड़ दिया, ये ध्यान देना जरूरी है कि बच्चे जब भी मोबाइल यूज करें, तो वह किसी न किसी बड़े की निगरानी में ही रहे।

रात में पांच पोल के तार काटकर उठा ले गए चोर

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा इलाके के एक गांव स्थित मंदिर को जाने वाली एबीसी लाइन को सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने बिजली पोल के तारों पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानी पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। बताते चलें कि खुर्रमपुर पावर हाउस के अंतर्गत नारायनपुर फीडर से सैदपुर पुरही निवासी मोनू मिश्रा के टेबिल से बरगदिया वीर बाबा के मंदिर में लाइट जाने के लिए लाइन गई थी जिससे मन्दिर में लाइट जल रही थी। लेकिन सोमवार कि रात बैखौफ चोरों ने रातों रात 5 पोल के तार काटकर उठा ले गए। ग्राम प्रधान को ग्रामीणों ने तार कटने की जानकारी दी, मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान मुरली दीक्षित ने स्थानीय पुलिस सहित बिजली विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। खुर्रमपुर पावर हाउस उपकेंद्र के अवर अभियंता संदीप कुमार को इस संबंध में जानकारी दी गई तो उन्होंने बताया कि परिवार में हुई मृत्यु में शामिल होने आया हूं। बुधवार को तहरीर देकर चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराऊंगा।

कार सवार बदमाशों ने युवक का किया अपहरण, हड़कंप

संवाददाता, सरोजनीनगर

- बंथरा थाना क्षेत्र की घटना पुलिस बोली, किसी मामले के तहत सीतापुर की पुलिस साथ ले गई, अपहरण की सूचना गलत

अमृत विचार : बंथरा इलाके में मंगलवार की देर शाम कार सवार बदमाशों द्वारा युवक की अपहरण की खबर से गांव में हड़कंप मच गया। युवक के परिजनों ने आनन-फानन में बंथरा पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी गई है।

बंथरा के उमेद खेड़ा निवासी विकास सिंह देर शाम अपना मेडिकल स्टोर बंद करके बाइक से घर वापस जा रहे थे। रास्ते में पहले से ही घात लगाए बैठे कार सवार आधा दर्जन बदमाशों ने विकास सिंह को रोक लिया। विकास सिंह की कार सवार बदमाशों बीच कुछ देर तक कहा सुनी हुई। उसके बाद बदमाशों ने विकास सिंह को कार में जबरदस्ती बैठ कर भाग निकले। विकास की अपहरण की खबर गांव में आगे की तरफ फैल गई। बंथरा थाना प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार राघव ने बताया की किसी मामले में सीतापुर की पुलिस विकास को ले गई है। विकास की अपहरण की सूचना गलत है।

डांस को लेकर दो पक्षों में पथराव, छह घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मड़ियांव पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर घायलों को पहुंचाया अस्पताल

अमृत विचार : मड़ियांव कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत गणपति लॉन में सोमवार रात तिलक समारोह में डीजे पर डांस को लेकर दो पक्षों में पत्थर गए। विवाद में पांच से ज्यादा लोगों को चोटें आ गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मुकदमा दर्जकर जांच की जा रही है।

अलीगंज सेक्टर क्यू निवासी शिवाली कपूर ने बताया कि वह किचेन क्लाउड चलाती है। सोमवार रात को बेटे अश्विन के दोस्त विनोद के यहां तिलक समारोह में शामिल होने के लिए गई थी। खाना खाने के बाद दोनों बेटों ने कुछ देर बाद आने के लिए कहा। इस पर पति अनिल के साथ घर लौट आई। कुछ देर बाद छोटे बेटे का फोन आया और ट्रामा सेंटर में भर्ती होने की बात कही। आनन फानन वहां पहुंचे तो देखा दोनों बेटे और उनके दोस्त तुषार निगम घायल मिले। अक्षित कपूर और तुषार के सिर फटे थे। अतिरिक्त इंस्पेक्टर मड़ियांव संजय कुमार सिंह ने बताया कि डीजे पर डांस चल रहा था। तभी अश्विन अक्षित और तुषार अपने दोस्तों के साथ नाच रहे थे। उसी वक्त राघवेन्द्र सिंह, नीरज, कमल और राज मलिक डांस करने के लिए आ गए। तभी डांस करने को लेकर दोनों पक्ष में मारपीट हो गई। जमकर ईंट पत्थर चलने लगे। हालांकि शिवाली कपूर की तहरीर पर मुकदमा लिख आरोपितों की तलाश की जा रही है।

अधिवक्ता से मारपीट

अमृत विचार, लखनऊ : वजीरगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्र के मुताबिक, अधिवक्ता पंकज शर्मा ऋषभ राय के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमे की पैरवी कर रहे हैं। जिससे ऋषभ और उसका साथी नसीर रंजिश मानते हैं। आरोप है कि मंगलवार न्यायालय में पहुंचे थे। इसी बीच ऋषभ राय भी जिला जेल से पेशी पर आया था। अधिवक्ता का कहना है कि ऋषभ के इशारे पर नसीर और उसके 30 साथियों ने हमला कर दिया। हंगामा बढ़ने पर अधिवक्ताओं की भीड़ जमा हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर दबंगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

सार-संक्षेप

तीन किलो गांजे के साथ एक गिरफ्तार

अमृत विचार, काकोरी : पारा पुलिस ने तीन किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा व बिक्री से प्राप्त 10500 रुपये और एक मोटरसाइकिल सहित फोन बरामद हुआ। पारा पुलिस टीम गस्त पर थी तभी क्षेत्र के तिकुनिया की तरफ से पैदल एक व्यक्ति आ रहा था। जिसके हाथ में एक बैग था। पुलिस को आता देख वह पीछे मुड़कर भागने लगा। संदेह होने पर जब पुलिस ने उसको पकड़ा और बैग तलाशी ली तो उसमें गांजा सहित कई चीजें बरामद हुईं। पकड़ा गया युवक मुराद उर्फ सीबू (25) है जो मुजफ्फरखेड़ा पारा का रहने वाला है। पकड़े गए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

मोटरसाइकिल व ट्रक की भिड़ंत में तीन घायल

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : इटौंजा थाना अंतर्गत कुर्सी मार्ग पर महोना नहर पुलिया के पास मंगलवार को ट्रक व बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। पुलिस के मुताबिक अटेसुवा गांव निवासी मोहित का सिविल अस्पताल लखनऊ से इलाज करवाकर एक ही मोटरसाइकिल से ओमकार, मोहित, संजय बाइक से अपने घर जा रहे थे तभी इटौंजा-कुर्सी मार्ग पर महोना के पास कुम्हरांवा की तरफ से आ रहे ट्रक ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इटौंजा पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटौंजा भेज दिया।

ससुराल पक्ष के लोगों पर दर्ज कराई मारपीट की रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : तालकटोरा के राजाजीपुरम निवासी विवाहिता नाजमीन ने सरोजनीनगर के अवध विहार कॉलोनी, बाग नंबर 3 निवासी अपने पति नदीम व अन्य परिवारीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नाजमीन का कहना है कि उसकी शादी 19 जनवरी 2014 को नदीम अहमद के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही शहजादी बेगम, ननद हुमा शाहीन, देवर नईम, देवरानी आसमा और पति नदीम अहमद उसके साथ मारपीट और दहेज के लिए ताना देने लगे। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर के मुंशी खेड़ा निवासी रामू ने गांव के ही आकाश और उसके पिता सुंदरलाल के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामू का कहना है कि रविवार रात करीब 9 बजे आकाश और उसके पिता सुंदरलाल ने उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से उसके सिर पर चोट आई है। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

जहरीला पेय पीने से किसान की मौत

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत खेत में खड़ी फसल पर कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने गए किसान की जहरीला पानी पीने के बाद उसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, स्थानीय थाना अंतर्गत शिवखड गांव निवासी रमेश चंद्र यादव 50 मंगलवार की दोपहर अपने खेत में खड़ी फसल में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने गए थे। दवाई छिड़काव के बाद प्यास लगने पर दवाई घोली गई बाल्टी में पानी भरकर पी लिया। जिसके बाद उनकी हालत खराब हो गई जिसके बाद परिजन उन्हें सौ शैया अस्पताल ले गए जहां किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अस्पताल में घुसे दबंगों ने सुपरवाइजर पर तानी पिस्टल

अमृत विचार, लखनऊ : मूलरूप से अयोध्या जनपद के मिल्कीपुर तहसील निवासी अमन सिंह गोमतीनगर के ग्वारी गांव में रहते हैं। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि वह एक निजी अस्पताल में बतौर सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। आरोप है कि बीते 09 फरवरी रात करीब सवा दस बजे बिल्डर के गुर्गे आलोक सिंह, लक्ष्मी, अभिषेक, रंजीत चोरी की नियत से अस्पताल में जबरन घुस आए। विरोध करने पर आलोक सिंह ने उस पर तमंचा तान दिया। जिसके बाद आरोपी लात-घूसों से उसे पीटने लगे। हंगामा बढ़ने पर आरोपी पीड़ित को गोली मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। विभूतिखंड थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

पिता की पेंशन के विवाद में बहन को घर से निकाला

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना थाना प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली युवती ने भाई विवेक आनन्द के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। युवती ने बताया कि उनके पिता सरकारी विभाग से सेवानिवृत्त हैं। उनकी पेंशन आती है। आरोप है कि भाई पिता की पेंशन को हड़प लेता है। विरोध करने पर भाई ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। मजबूरन वह सहेली के घर पर रहने लगी। इस बीच युवती घर पहुंची तब भाई ने इसके मुंह पर थूकते हुए चरित्र पर उंगुली भी उठाई। इस घटना से आहत होकर युवती ने सम्बन्धित थाने में भाई के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फर्नीचर कारोबारी के बंद मकान में लगी आग

अमृत विचार, लखनऊ : वजीरगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत गोलागंज हैदर मिर्जा रोड पर मंगलवार शाम फर्नीचर कारोबारी के बंद मकान में आग लग गई। आग की बढ़ते लटपे देख वहां भगदड़ मच गई। हालांकि, घटनास्थल पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने करीब 45 मिनट में आग पर काबू पा लिया। मुख्य शमन अधिकारी (सीएफओ) मंगेश कुमार के मुताबिक, गोलागंज हैदर मिर्जा रोड एक मकान में आग लगने की सूचना कंट्रोल रूम पर मिली थी। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। बताया कि मकान शफीउल्लाह का है। घर के सभी लोग गोलागंज में रहने वाले रिश्तेदार के यहां गए थे। अन्य लोग काम पर गए थे। घर बंद था। शाम करीब साढ़े 5 बजे लकड़ी की सीढ़ियों में आग लगी थी।

आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

अमृत विचार, लखनऊ : नवयुग सीनियर सेकंडरी विद्यालय में मंगलवार को आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। 'स्मार्ट राइड' थीम पर आधारित प्रदर्शनी में छात्रों ने अपने रचनात्मक कौशल की मदद से वायु, जल, भूमि और रेल परिवहन का चित्रण किया। अंग्रेजी, हिंदी, गणित, ईवीएस जैसे विभिन्न विषयों पर आधारित परियोजनाओं को रखा गया था। कागज के पक्षी, लैंप, खरगोश, मेढक, गुड़िया, सजावटी बोतले, टी -शर्ट, पेन स्टैंड, नैपकिन फूल आदि में छात्राओं की प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाई दिया। इसके अलावा बच्चो द्वारा मनमोहक नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई।

अखिल भारत हिन्दू महासभा के पदाधिकारी नियुक्त

अमृत विचार, लखनऊ : अखिल भारत हिन्दू महासभा की बैठक सदर स्थित एक निजी प्रतिष्ठान में मंगलवार को हुई। जिसमें महासभा के पदाधिकारियों ने संगठन के विस्तार के मुद्दों पर चर्चा की। इस मौके पर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्र शेखर सिंह ने बताया कि मधु जायसवाल को महिला प्रकोष्ठ कानपुर नगर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है तो वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष नंद किशोर मिश्र के निर्देश पर घनश्याम सिंघल को राजस्थान का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। श्री सिंह ने बताया कि बैठक में लखनऊ जिला अध्यक्ष विशाल कनौजिया, धनंजय सिंह, मनोज कुमार, अरविंद नाथ गुप्ता, किशन, मुकेश, ओम प्रकाश सिंह, अमर, श्याम मलहोत्रा, विनोद मलहोत्रा, वंसराज यादव, सुनील यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच सकता है बूथ स्तर का कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पूर्व डीआईजी हरीश कुमार ने ली भाजपा की सदस्यता

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी में ही बूथ स्तर का कार्यकर्ता राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच सकता है। भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास के नारे को मूर्त रूप देकर लोगों के दिलों में जगह बनाई। भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर ही सपा, बसपा, कांग्रेस और आप के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कमल का फूल थाम लिया।

उक्त बात भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी ने

विधानसभाओं में आयोजित मिलन समारोह के दौरान कही। मध्य, कैंट और सरोजनीनगर में आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह मे महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने अन्य दलों से आए कार्यकर्ता और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। उत्तर विधानसभा में नवागन्तुकों का पार्टी में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी ने स्वागत किया।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि उत्तर विधानसभा में भाजपा की सदस्यता लेने वालों में सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए विजय रावत, रीता शुक्ला, राजेश कनौजिया, रामजी कश्यप, शहर कांग्रेस के उपाध्यक्ष शीलू जायसवाल, मध्य विधानसभा में सपा मध्य विधानसभा निवर्तमान अध्यक्ष एनुदिन अहमद, आम आदमी पार्टी मध्य के अध्यक्ष पुनीत जायसवाल, बसपा कोऑर्डिनेटर परमात्मा साहू, कैंट विधानसभा में प्रगतिशील व्यापार मंडल के मुख्य संरक्षक/पूर्व डीआईजी हरीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष सुग्रीव मौर्य, देवेन्द्र शुक्ल राष्ट्रीय महामंत्री ब्रह्म समाज, राम किशोर शुक्ल, महन्त सरिता गिरि, पश्चिम विधानसभा में पूर्व नगर सचिव सामाजवादी पार्टी जंबू जैन, पार्षद प्रत्याशी शीतला देवी वार्ड आरिफ उल हसन, विशेष सचिव विधान परिषद हरी प्रकाश अग्रवाल और सरोजनी नगर विधानसभा में उतरेठिया व्यापार मंडल अध्यक्ष ललित सक्सेना, ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण ली।

झांसा देकर ठगे 87 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- टेंडर में पैसा लगाओ मोटा मुनाफा कमाओ कहकर फंसाया
- एडीसीपी पूर्वी के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

अमृत विचार : सरकारी टेंडर दिलाने का झांसा देकर जालसाज दंपति ने एक युवक ने धोखाधड़ी कर 87 लाख रुपये हड़प लिए। रुपये वापस मांगने पर जालसाज धमकाने लगे। हालांकि, एडीसीपी पूर्वी के निर्देश पर पीजीआई पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, पंचम खेड़ा परनभट्ठा रोड निवासी मनोज कुमार शर्मा ने वृंदावन निवासी जालसाज दंपति अनिल शर्मा और कंचन शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि आरोपी दंपति ने सरकारी टेंडर में पार्टनरशिप देने का झांसा देते हुए मोटा कमीशन दिलाने का भी आश्वासन दिया था। बहकावे में आकर पीड़ित ने दो मदों में आरोपी दंपति के खाते में कुल 87 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बावजूद इसके पीड़ित को कमीशन नहीं मिला। रुपये मांगने पर आरोपी धमकाने लगे। थाने में कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने एडीसीपी पूर्वी से मुलाकात की। जिनके निर्देश पर पीजीआई पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

फ्लैट के नाम पर ठगे एक करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ठाकुरगंज पुलिस ने जालसाजों पर दर्ज की धोखाधड़ी की रिपोर्ट

अमृत विचार : ठाकुरगंज थाने में एक व्यापारी ने जालसाजों पर फ्लैट की खरीद-फरोख्त का झांसा देकर करोड़ों रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, सआदतगंज कोतवाली क्षेत्र के मंसूरनगर निवासी सै. साजिद अब्बास कुवैत में व्यापार करते हैं। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि वर्ष 2016 में दुबई में उनकी मुलाकात ठाकुरगंज थानाक्षेत्र के रहने वाले शहरयार हुसैन उर्फ शेरू से हुई। बातचीत के दौरान जालसाज ने खुद को रियल एस्टेट कारोबारी बताया था। वतन लौटने पर पीड़ित ने शहरयार से फ्लैट दिलाने के लिए सम्पर्क किया। इस दौरान जालसाज ने बताया कि वह अपार्टमेंट तैयार करा रहे है। कहा कि अगर पांच फ्लैट खरीदकर बेचने में वह अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। बहकावे में आकर पीड़ित ने पांच फ्लैट का सौदा एक करोड़ 10 लाख रुपये में किया। बताया कि वर्ष 2019 में अपार्टमेंट का निमार्ण कार्य पूरा होने के बाद फ्लैट देने वादा किया था। बावजूद इसके जालसाज ने न तो फ्लैट दिए और रुपये वापस किए। इसके बाद आरोपी भाई नैशू, दोस्त साहिल व अन्य के साथ मिल कर धमकाने लगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

घर में तोड़फोड़ कर वृद्धा को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई थानाक्षेत्र अंतर्गत कल्ली पश्चिम गांव में घर में घुसे दबंग ने तोड़फोड़ कर वृद्धा की जमकर पिटाई की। विरोध करने पर आरोपी ने उसे सड़क पर घसीटा। हंगामा बढ़ने पर आरोपी वृद्धा को धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, कल्ली पश्चिम बाबू खेड़ा कोठी निवासी भानकुमारी ने रिश्तेदार सुरेश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि रिश्तेदार उनके मकान पर कब्जा करना चाहते है। आरोप है कि रविवार रात सुरेश जबरन उसके घर में घुस आया। इसके बाद आरोपी घर में तोड़फोड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने लात-घूंसों से उसकी पिटाई कर वृद्धा को सड़क पर भी घसीटा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

पड़ोसी ने मानसिक मंदित से किया दुष्कर्म, बेरहमी से पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नगराम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

अमृत विचार : नगराम थानाक्षेत्र अन्तर्गत एक गांव में पड़ोसी ने मानसिक मंदित से दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने महिला को बेरहमी से पीटकर घटनास्थल से भाग निकाला। हालांकि, कुछ घंटे बाद पीड़िता बदहवास हालत में घर पहुंची। इसके बाद उसने परिजनों को इशारों में आपबीती सुनाई। जिसके बाद महिला के घर वालों ने आरोपी के खिलाफ सम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक विवेक चौधरी के मुताबिक, क्षेत्र के गांव की रहने वाली महिला ने पड़ोसी अनिकेत के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में परिजनों ने बताया कि पीड़िता (44) की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। कुछ वक्त पूर्व पति ने उसे तलाक दे दिया था। जिसके बाद से वह मायके में रहने लगी। उनका आरोप है कि सोमवार रात पीड़िता घर से शौच के लिए बाहर जा रही थी। इसी बीच पड़ोसी अनिकेत ने उसे रोक पकड़ लिया। इसके बाद अनिकेत पीड़िता को सुनसान जगह पर लेकर गया। जहां उसने पीड़िता ने जोर जबरदस्ती कर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज कर उससे मारपीट भी की। हालांकि, शोर मचाने पर अनिकेत पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकला। कुछ देर बाद पीड़िता बदहवास हालत में घर पहुंची। फिर उसने इशारे से आपबीती सुनाई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला के भाई की लिखित शिकायत पर अनिकेत पर सुसंगत धाराओं एफआईआर दर्ज की गई है। महिला का मेडिकल चेकअप कराया गया है। वारदात के बाद आरोपी फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

सक्रियता ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर वाहन स्वामियों पर की कार्रवाई

सड़क पर खड़े 48 वाहनों का काटा गया चालान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सड़क किनारे कार खड़ी होने से हजरतगंज इलाके में ट्रैफिक जाम लगा रहता है। इसके चलते मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाया और 48 से ज्यादा वाहनों का चालान किया। बावजूद इसके आम जनता पर कोई असर नहीं दिखा। उन्हीं के सामने सड़क किनारे कार खड़ी कर काम निपटा रहे थे।

गोमती नगर स्थित समता मूलक चौराहे के पास सड़क पर लगा जाम। अमृत विचार

हजरतगंज इलाके में सड़क किनारे नो-पार्किंग में खड़े वाहनों को पर कार्रवाई के बाद भी वाहन चालकों पर कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। यही नहीं लोग वाहन में किसी को बैठाकर खरीदारी करने चले जाते हैं। इसके कारण व्यस्तम समय में ट्रैफिक जाम लग जाता है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस ने पूरे इलाके में अभियान चलाया। चालान किए, चेतावनी दी।

बावजूद इसके लोग वाहन खड़ा कर काम निपटा रहे थे। हालात यह थे कि मल्टीलेवल पार्किंग के सामने सड़क किनारे वाहन खड़ा कर खाना-पीना खा रहे थे। इसी तरह हजरतगंज चौराहे पर दो से तीन रेस्टोंरेंट में देर तक सड़क किनारे कारों का जमावड़ा लगा रहता है। उनपर न तो ट्रैफिक न तो स्थानीय पुलिस कार्रवाई करती है। इसकी वजह से हर वक्त हादसे का डर बना रहता है।

सड़क पर कार खड़ी कर की जा रही सजावट

लालबाग इलाके में स्थानीय और ट्रैफिक पुलिस सड़क पर कार सजाने वालों पर कोई भी कार्रवाई नहीं करती है। जबकि इसी जगह हजरतगंज थाना और फायर स्टेशन है। आग की घटना पर जा रही दमकल का सायरन सुनने के बाद भी नहीं हटाते हैं। इनके खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

लोगों को पार्किंग में जाने के दिए निर्देश

ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने चालान करने के साथ ही पार्किंग के अंदर वाहन को खड़ा करने के लिए कहा जा रहा था। वहां से हटते ही कुछ दूर जाकर फिर वाहन खड़ा कर देर रहे थे। चेतावनी के बाद भी किसी भी वाहन चालक पर असर देखने को नहीं मिल रहा था।

खुद को इंस्पेक्टर बताकर सिक्योरिटी गार्ड को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : लोहिया संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विक्रम सिंह के मुताबिक, शाम करीब साढ़े 4 बजे के करीब संस्थान के मुख्य एचआरएफ स्टोर के सामने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए युवक ने जबरन कार खड़ी कर दी। सिक्योरिटी गार्ड हटाने का आग्रह किया तब चालक बदसलूकी करने लगा। इस पर नियमानुसार सिक्योरिटी गार्ड ने कार के टायर में लॉक लगा दिया गया। पहिया लॉक होने पर आरोपी गार्ड से हाथापाई करने लगा। डॉ. विक्रम ने बताया कि इसके बाद परिसर की दूसरी मंजिल पर कार्यालय में घुसकर अभद्रता करने लगा। सीसीटीवी फुटेज और वीडियो के आधार पर पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर को तहरीर दी गई है। एसीपी विभूतिखंड अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

बदले जाएंगे शोधार्थियों के सुपरवाइजर

अमृत विचार, लखनऊ : लविवि से जुड़े कई शोधार्थियों के सुपरवाइजर बदले जाएंगे। प्रशासनिक निर्देशों के बाद इस कड़ी में डीएवी, खुनखुन जी गर्ल्स, एपी सेन गर्ल्स मेमोरियल डिग्री, महिला कॉलेज को सम्मिलित किया गया है। बता दें कि लविवि के शोधार्थियों द्वारा कॉलेजों के सहारे नियुक्त सुपरवाइजरों की शिकायत की गई थी। पैसे लेने के गंभीर आरोप भी छात्रों द्वारा लगाए गए थे।

लविवि में वेतन को लेकर आई समस्या, निराकरण

अमृत विचार, लखनऊ : लविवि में शिक्षक और कर्मचारियों के वेतन को लेकर समस्या सामने आई, कई दिनों तक चली समस्या का हल सोमवार को हो सका। बता दें कि लविवि से जुड़े कई शिक्षक और कर्मचारियों को किन्हीं कारणोंवश वेतन नहीं मिल रहा था। वेतन की समस्याओं से जुड़ा प्रकरण विवि कुलपति आलोक कुमार राय तक पहुंचा। ऐसे में उन्होंने तत्काल निर्देश दिए। कई दिनों तक चली समस्या का हल सोमवार दोपहर बाद निस्तारित हो सका।

साई, स्पोर्ट्स कॉलेज और सैफई ने दर्ज की जीत

स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई ने स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी को 4-0 से किया पराजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : साई लखनऊ, स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ और स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई ने अपने मुकाबले जीत कर पंडित राम औतार मिश्रा मेमोरियल राज्य हॉकी प्रतियोगिता में मंगलवार को पूरे अंक हासिल किए। साई लखनऊ ने स्पोर्ट्स हॉस्टल झांसी को 4-2, स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ ने एसएसबी लखनऊ को 4-1 और स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई ने स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी को 4-0 से पराजित किया।

गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित पद्मश्री मो. शाहिद स्टेडियम में बॉल पर कब्जे के लिए संघर्ष करते हुए साई लखनऊ और स्पोर्ट्स हॉस्टल झांसी के खिलाड़ी। अमृत विचार

गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित पदमश्री मो. शाहिद स्टेडियम में खेली जा रही प्रतियोगिता में साई लखनऊ और स्पोर्ट्स हॉस्टल झांसी के बीच खेला गया मुकाबला रोमांचक रहा। खेल के 9वें मिनट में साई लखनऊ के सैफ खान ने पहला गोल किया। 16वें मिनट में करन ने गोल करते हुए मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया। 23वें मिनट में विवेक ने गोल करते हुए स्पोर्ट्स हॉस्टल को 2-1 से आगे कर दिया। इसके बाद साई के खिलाड़ियों ने रणनीति बदली। खेल के 28वें मिनट में सैफ खान, 44वें मिनट में अंशू मौर्या और 48वें मिनट में सैफ खान ने गोल कर साई लखनऊ को 4-2 से बढ़त दिलाई जो अंत तक कायम रही।

दूसरे मुकाबले में एसएसबी लखनऊ का सामना स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ से हुआ। यह मुकाबला एकतरफा रहा। स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ ने 4-1 से जीत दर्ज की। विजेता टीम से आकाश पाल ने दो (दूसरे और 50वें मिनट) और त्रिलोकी (24वें मिनट) व अजीत यादव (57वें मिनट) ने गोल दागे।

आज के मुकाबले

स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ बनाम स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई, स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी बनाम स्पोर्ट्स हॉस्टल रामपुर

पराजित टीम से अजीत सिंह (चौथे मिनट) एकमात्र गोल करने में सफल रहे। प्रतियोगिता के तीसरे मुकाबले में स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई की भिड़ंत स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी से हुई। यह मुकाबला भी एकतरफा दिखा।

स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई के खिलाड़ियों ने दबदबा कायम करते हुए 4-0 से शानदार जीत दर्ज की। विजेता टीम से प्रदीप यादव (37वें मिनट), रजा अली (छठे मिनट), सुनील पाल (34वें मिनट) और शिवम (56वें मिनट) गोल करने में सफल रहे।

एलपीसीपीएस ने जीती जीनियम इंटरनेशनल ट्रॉफी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ वार्षिकोत्सव जीनियम इंटरनेशनल 6.0 का मंगलवार को हुआ समापन

अमृत विचार : लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (एलपीसीपीएस) ने जीनियम इंटरनेशनल 6.0 का खिताब 126 अंक हासिल कर जीत लिया। विनम्र खंड स्थित कॉलेज परिसर में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का मंगलवार को समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात फैशन डिजाइनर आसमां हुसैन व विशिष्ट अतिथि डॉ. नलिना सिंह एमिटी विश्वविद्यालय ने विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी प्रदान की।

तीन दिन तक चलने वाले जीनियम इण्टरनेशनल में करीब 100 कॉलेज और विश्वविद्यालयों के दो हजार छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें नुक्कड़ नाटक, नृत्य, गायन सहित 42 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इण्टरनेशनल फेस्ट में श्रीलंका, अफगानिस्तान, तजाकिस्तान, नमीबिया, कंबोडिया, मॉरीसस, युगाण्डा, तंजानिया, केन्या, यूथोपिया, अंगोला, नाइजीरिया, गाम्बिया और इराक सहित 18 देशों के 40 से अधिक बच्चों ने भी हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 448 मेडल व 104 ट्रॉफी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में संस्था के महाप्रबंधक व पूर्व एमएलसी डॉ. एसपी सिंह, मुख्य प्रशासिका व पूर्व एमएलसी कांति सिंह, निदेशिका गरिमा सिंह, शिखरपाल सिंह, प्रतापगढ़ के पूर्व विधायक नागेंद्र यादव, पारसनाथ यादव, डीन प्रो. लक्ष्मी शंकर अवस्थी सहित कई लोग मौजूद थे।

कानपुर नगर निगम

निविदा सूचना

निविदा संख्या–66/मु0अभि0/2023–24

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023–24 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अर्न्तगत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023–24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :–

1. ई–निविदा पद्धति से अति अल्प निविदा आमन्त्रित निविदाओं की संख्या :– 01 दिनांक 21.02.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक–पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

Ro no. 366 दिनांक : 13.02.2024

सार-संक्षेप

संयम ने दर्ज की खिताबी जीत

अमृत विचार, लखनऊ : वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों के खिलाफ जीत से 13 साल के संयम श्रीवास्तव ने जिह–ए–लखनऊ ओपन शतरंज टूर्नामेंट में सर्वाधिक अंक के साथ खिताबी जीत दर्ज की। चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्ल्यू–लखनऊ) द्वारा शहर के एक निजी होटल में आयोजित की गई लखनऊ शतरंज विरासत (1750–2024) पर अपने शोध कार्य को दर्शाने के लिए आयोजित टूर्नामेंट में संयम श्रीवास्तव ने 7वें राउंड के बाद सर्वाधिक 6.5 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

नितिन ने जीते एक स्वर्ण और दो रजत

अमृत विचार, लखनऊ : जहां चाह होती है, वहां राह होती है। इस कहावत को सही साबित कर दिखाया 59 वर्षीय नितिन वार्ष्णेय ने। नितिन ने नेशनल मास्टर्स गेम्स में तैराकी में एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीते और लखनऊ का नाम रोशन किया। उन्होंने गोवा में आयोजित नेशनल मास्टर्स गेम्स–2024 में 55 से 60 साल आयु वर्ग में तैराकी की स्पर्धा में 100 मी में स्वर्ण व 50 मीटर में रजत पदक अपने नाम किए। वह वर्तमान में उत्तर रेलवे सीएचआई कोआर्डिनेशन पद पर तैनात है। 59 साल के नितिन भारतीय खेल प्राधिकरण में प्रशिक्षु रह चुके हैं।

कृतिका को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का खिताब

अमृत विचार, लखनऊ : छत्तीसगढ़ में 8 से 10 फरवरी तक प्रथम राष्ट्रीय फुटबॉल एट प्रतियोगिता खेली गई। इसमें उत्तर प्रदेश की टीम उपविजेता रही। वहीं झारखंड की टीम विजेता बनी। इस प्रतियोगिता में 12 टीमों ने हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश की कृतिका सिंह को सर्वश्रेष्ठ गोल कीपर का पुरस्कार मिला।

गियर क्लब ने ट्रंप स्टारलेट्स को हराया

अमृत विचार, लखनऊ : ललित मौर्य की अगुवाई में गियर क्रिकेट क्लब ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक लीग मुकाबले में ट्रंप स्टारलेट्स क्लब के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की। गियर क्रिकेट ग्राउंड पर ट्रंप स्टारलेट्स ने निर्धारित 35 ओवर में 9 विकेट पर 131 रन का मामूली स्कोर बनाया। जवाब में गियर क्रिकेट क्लब ने 25.3 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाकर जीत के लिए जरुरी रनों का लक्ष्य आसानी से पा लिया। ललित मौर्या को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

केकेसी को कबड्डी में दोहरा खिताब

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज विनम्र खंड गोमती नगर लखनऊ में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में केकेसी (जयनारायण कॉलेज) ने दो वर्गों के खिताब जीते। टीम ने नोवा बालक (कक्षा 12 से कम) और नोवा बालिका (कक्षा 12 से कम) में श्रेष्ठता साबित की। प्रतियोगिता के स्मार्क बालिका (कक्षा 12 से अधिक) फाइनल में केवी कैंट लखनऊ ने दयानंद स्कूल 43–25 से हराया, जबकि स्पार्क बालक (कक्षा 12 से अधिक) फाइनल में लखनऊ पब्लिक कालेज गोमतीनगर ने लाल बहादुर शास्त्री स्कूल, प्रतापगढ़ को 28–26 से पराजित किया। प्रतियोगिता के नोवा बालक (कक्षा 12 से कम) फाइनल में केकेसी कॉलेज ने अमेटी यूनिवर्सिटी को 36–21 और नोवा बालिका (कक्षा 12 से कम) फाइनल में केकेसी कॉलेज ने लखनऊ पब्लिक कालेज प्रोफेसनल स्टडीज गोमतीनगर को 43–18 से मात दी।

विज्ञान फाउंडेशन ने सरकारी स्कूलों में डेस्क-बेंच किया वितरित

अमृत विचार, लखनऊ : विज्ञान फाउंडेशन संस्था द्वारा बाल अधिकारों के लिए संचालित कार्यक्रम उम्मीदों की उड़ान के अंतर्गत तीन सरकारी स्कूलों में बच्चों के पढ़ने के लिए 32 डेस्क–बेंचों का वितरण किया गया। परियोजना के अंतर्गत स्कूल इम्प्रूमेंट के तहत प्राथमिक विद्यालय कसैला, प्राथमिक विद्यालय चिनहट और प्राथमिक विद्यालय तकरोही में डेस्क–बेंच वितरित की। जोन–3 के खंड शिक्षा अधिकारी प्रमेन्द्र शुक्ला, जोन–2 के खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र कटियार व चिनहट वार्ड के पार्षद अरुण कुमार राय और तकरोही दो की पार्षद योगिता यादव के हाथों किया गया।

समाचार वितरक की पत्नी का निधन

अमृत विचार, लखनऊ : दु:ख के साथ सूचित किया जा रहा है कि लखनऊ के वरिष्ठ वितरक विनोद कुमार यादव की पत्नी 55 वर्षीया उर्मिला देवी का लंम्बी विकारी के बाद देर रात्रि में निथन हों गया। घाट पर आईं टी अध्यक्ष राम इकबाल शर्मा, रंजीत, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, अमृत विचार से संतोष आदि लोगों की उपस्थिति में दाह संस्कार कर आत्मा को शान्ती प्रदान की गयी।

हिंदुस्तान, सहारा, रुद्रांश, गुरमान और शैला देवी क्लब ने दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रथम एमएल मिश्र स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के खेले गए लीग मुकाबले

अमृत विचार : प्रथम एमएल मिश्रा स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को खेले गए मुकाबलों हिंदुस्तान फायर क्रिकेट क्लब, सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी बीकेटी, रुद्रांश क्रिकेट क्लब, गुरमान क्रिकेट अकादमी और शैला देवी क्रिकेट क्लब ने जीत के साथ पूरे अंक बटोरे।

मैन ऑफ द मैच सूर्यांश के खेल की बदौलत हिंदुस्तान फायर क्रिकेट क्लब ने आर्यव्रत क्रिकेट अकादमी को 9 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आर्यव्रत अकादमी ने सभी विकेट खोकर 116 रन बनाए। जवाब में हिंदुस्तान फायर क्लब ने एक विकेट खोकर 118 रन बनाए।

मैन ऑफ मैच रचित शंकर (45 रन, 2 विकेट) के आरराउंड प्रदर्शन के दम पर रुद्रांश क्रिकेट क्लब ने लखनऊ रिक्रेशन क्लब को 7 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ रिक्रेशन क्लब ने 91 रन बनाए। जवाब में रुद्रांश क्लब ने तीन विकेट खोकर 92 रन बनाए और जीत दर्ज की।

मैन ऑफ द मैच करण शुक्ला (60 गेंदों में 76 रन) की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी बीकेटी ने जीसीआरजी क्रिकेट क्लब को 6 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जीसीआरजी क्लब ने 135 रन बनाए। जवाब में सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी बीकेटी ने 4 विकेट खोकर 136 रन बनाए और जीत दर्ज की।

मैन ऑफ द मैच आर्यन क्षितिज के आतिशी शतक की बदौलत गुरमान क्रिकेट अकादमी ने सिद्धार्थ ग्लोबल क्लब को 80 रन से हराया। गुरमान अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 226 रनों का विशाल स्कोर बोर्ड पर टांगा। जवाब में सिद्धार्थ ग्लोबल की टीम 33.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 146 रनों का सफर तय कर सकी।

मैन ऑफ द मैच दिव्यांशु सिंह (56 रन, 3 विकेट) के हरफनमौला खेल की बदौलत शैला देवी स्पोर्ट्स क्लब ने अन्नपूर्णा क्रिकेट क्लब को 6 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अन्नपूर्णा क्लब ने 98 रन बनाए। जवाब में शैला देवी क्लब ने 4 विकेट खोकर 102 रन बना कर जीत दर्ज की।

कुश्ती प्रतियोगिता के उद्घाटन के बाद पहलवान से बातचीत करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, साथ में अन्य। अमृत विचार

देवरिया के आर्यन और मंगेश बने विजेता

अमृत विचार, लखनऊ : केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुद्देशीय हाल में मंगलवार को आयोजित की गई कुश्ती प्रतियोगिता में देवरिया के मंगेश यादव और आर्यन ने चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। 50 किग्रा भार वर्ग में देवरिया के आर्यन और 70 किग्रा भार वर्ग में मंगेश यादव ने बाजी मारी। जिला कुश्ती एसोसिएशन लखनऊ की देखरेख में आयोजित की इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने किया। इस मौके पर उन्होंने पहलवानों से बातचीत कर उनकी तैयारियों के बारे में जाना। उद्घाटन अवसर पर खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह और जिला कुश्ती एसोसिएशन लखनऊ के सचिव राजेश सिंह, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी मौजूद रहे।

परिणाम–बालक वर्ग : 50 किग्रा भार वर्ग – आर्यन (देवरिया) –प्रथम, सनी (कानपुर)–द्वितीय। 60 किग्रा भार वर्ग– सनि भारद्वाज (देवरिया)– प्रथम, आकाश गिरि (देवरिया) द्वितीय। 70 किग्रा भार वर्ग – मंगेश यादव (देवरिया)– प्रथम, मनीष (मिर्जापुर) –द्वितीय। 70 किग्रा से अधिक भार वर्ग में– आदित्य विश्वकर्मा (देवरिया)– प्रथम, धीरज सोनकर (जौनपुर)– द्वितीय।

बालिका वर्ग : 45 किग्रा भार वर्ग– स्वाति (रायबरेली)– प्रथम, रोशनी (कानपुर– द्वितीय। 55 किग्रा भार वर्ग– नेहा गुप्ता (अयोध्या छात्रावास)– प्रथम, दीक्षा (चंदौली)–द्वितीय। 55 किग्रा से अधिक भार वर्ग– आरती निषाद (सुल्तानपुर)–प्रथम, मोनिका (जौनपुर)–द्वितीय।

कार्यालय नगर पंचायत मान्धाता बाजार, प्रतापगढ़

पत्रांक : 156/न0पं0मा0बा0/2023–24 दिनांक : 13/02/2024

अल्पकालिक ई–निविदा/सामान्य निविदा सूचना

नगर पंचायत मान्धाता बाजार में शासन से विभिन्न मदों में प्राप्त धनराशि से निम्नवत् विवरण के अनुसार निर्माण कार्यो के सम्पादन हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 15/02/2024 को समय 12:00 बजे से वेबसाइट http//etendar.up.nic.in ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा के समस्त अभिलेख एवं शर्ते उक्त वेबसाइट पर दिनांक 15/02/2024 समय 12:00 बजे से दिनांक 25/02/2024 को समय 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। निविदादाता दिनांक 25/02/2024 को समय 12:00 बजे तक http//etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा डाल सकते हैं। ई–निविदा के साथ प्रत्येक कार्य के सामने अंकित धरोहर धनराशि बैंक सावधि जमा रसीद/के0वी0पी0/एन0एस0सी0 आदि के रूप में, जो अधिशासी अधिकारी मान्धाता बाजार के पक्ष में बन्धक हो अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदादाता को निविदा मूल्य नगद/आरटीजीएस के माध्यम से बडौदा यू0पी0 बैंक शाखा मान्धाता बाजार में खुले खाता संख्या 57940100005087आईएफसी कोड BARB0BUPGBX में जमा कर जमा रसीद के साथ–साथ वांछित अन्य प्रमाणपत्र, जिनका विवरण नियम व शर्तो में उल्लिखित है, अपलोड करना अनिवार्य होगा। वेबसाइट पर अपलोड किये गये अभिलेखों की मूल प्रति एक लिफाफे में बन्द करके दिनांक 26/02/2024 को समय 2:00 बजे तक नगर पंचायत कार्यालय में जमा करना होगा। प्राप्त निविदायें दिनांक 26/02/2024 को समय 3:00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति/अनुपस्थिति जैसी भी स्थिति होगी में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। कार्य के सम्बन्ध में कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत कार्यालय, पटल सहायक से प्राप्त की जा सकती है।

ई–निविदा

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन धनराशि जी0एस0टी सहित	आगणन धनराशि जी0एस0टी रहित	धरोहर धनराशि	निविदा मूल्य जी0एस0टी सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	नगरीय तालाब/झील / पोखर संरक्षण योजना वार्ड सराय मेदीराय महाबली तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य।	38,58,000.00	32,69,492.00	3,27,000.00	3,894.00	3 माह
2	कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना नगर पंचायत मान्धाता बाजार में सराय हर नरायण में कान्हा गौशाला /पशु शैल्टर होमस निर्माण कार्य।	1,65,89,000.00	1,40,58,475.00	14,10,000.00	16,520.00	3 माह

नियम व शर्ते–

1. सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी।
2. निविदा के साथ धरोहर धनराशि का एफ0डी0आर/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मान्धाता बाजार के पक्ष में बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. बिना निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि की निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. निविदादाता को अनिवार्य रूप से जिलाधिकारी महोदय द्वारा जारी अद्यतन हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (टी 4, टी5) जीएसटी पंजियन, आयकर में पंजियन विगत 3 वर्षो का आयकर रिटर्न का प्रमाण पत्र, श्रम विभाग में पंजियन, सरकारी विभाग में समान श्रेणी के कार्य हेतु ठेकेदार के रूप में पंजियन तथा समाज श्रेणी के कार्य में विगत 2 वर्षो का अनुभव प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता को किसी भी सरकारी संस्था द्वारा काली सूची में न होने का शपथपत्र देना अनिवार्य होगा।
6. उक्त के अतिरिक्त रू0 100 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी से प्रमाणित शपथ पत्र टी6 संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र श्रम विभाग में पंजियन प्रमाण पत्र सरकारी विभाग में समान श्रेणी के कार्य में पंजियन के प्रमाणपत्र की वैधता वांछित सीमा में ही मान्य होगी अन्यथा निविदा न्यूनतम दरें प्राप्त होने पर भी अस्वीकृत कर दी जायेंगी।
8. ससमय बिन्दु संख्या 02,04,05,06 में उल्लिखि प्रपत्रों की मूल प्रति उपल्बध न कराने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त 1 सप्ताह के उपरान्त निविदादाता को नियमानुसार जनरल स्टाम्प पेपर पर अपने खर्चे से नगर पंचायत के साथ अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।
10. निविदा में नगर विकास अनुभाग 5 लखनऊ के शासनादेश सं0–3890/नौ–5–19–149स/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 में दी गई व्यवस्था के अनुसार नगर पंचायत मान्धाता बाजार में अपंजीकृत ठेकेदार भी प्रतिभाग कर सकते हैं, परन्तु उनकी निविदा स्वीकृत होने पर उन्हें निकाय में प्रचलित ठेकेदारी हेतु पंजीयन की व्यवस्था के अनुसार पंजीयन कराना आवश्यक होगा, तपश्चात् ही अनुबन्ध पत्र का गठन एवं कार्यादेश निर्गत किया जाएगा।
11. विभागीय लागत से कम की निविदा डालने वाले ठेकेदारों को शासनादेश सं0– 11593/नौ–5–2021–142स/2021 दिनांक 07.01.2022 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार परफॉरमेंस गारंटी की अतिरिक्त धरोहर धनराशि जमा करना आवश्यक होगा। अन्यथा की स्थिति में जमानत की धनराशि जब्त करते हुए निविदा निरस्त कर दी जायेगी तथा फर्म/ठेकेदार को काली सूची में डाल दिया जायेगा।
12. निविदादाता को निदेशक स्थानीय निकाय उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या– TC/314/8DLP/2020 दिनांक 01.01.2021 के यू.एल.बी. टी–1 के नियम एवं शर्तो को निविदादाता द्वारा अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।
13. निविदादाता को निदेशक स्थानीय निकाय उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या – तक0सेल/07/निदे0/2019 दिनांक 28.06.2019 के नियम एवं शर्तो का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।
14. तालाब के सौन्दर्यीकरण की निविदा में प्रतिभाग हेतु वही ठेकेदार/फर्म पात्र होंगे जिनके पास समान प्रकृति के कार्य का अनुभव रू0 35.00 लाख से अधिक व पूर्व में तालाब सौन्दर्यीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कराने का अनुभव प्रमाण पत्र प्राप्त हो।
15. कान्हा गौशाला निर्माण में निविदा हेतु वही ठेकेदार / फर्म प्रतिभाग करने हेतु पात्र होंगे जिनके पास पूर्व में बिल्डिंग निर्माण का अनुभव 1.5 करोड़ रूपये से अधिक का हो व पूर्व में कान्हा गौशाला निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने का अनुभव प्रमाण पत्र प्राप्त हो।
16. जिन ठेकेदारों/फर्मो द्वारा नगर पंचायत मान्धाता बाजार प्रतापगढ़ में पूर्व में लिये गये कार्यो को समय से पूर्ण नहीं कराया गया है वे निविदा में भाग नहीं ले सकते है।
17. निविदादाताओं को उक्त वर्णित योजनाओं में समय–समय पर निर्गत शासनादेशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
18. कार्य स्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत डिस्प्ले बोर्ड लगाना आवश्यक होगा जिसपर कार्य का विवरण, कार्यदायी संस्था का नाम, कार्य प्रारम्भ होने, कार्य पूर्ण होने की सम्भावित तिथि आदि का उल्लेख करना होगा।
19. निविदा स्वीकृति के पश्वात् नियमानुसार जनरल स्टाम पेपर पर निविदादाता को निकाय के साथ अनुबंध करना अनिवार्य होगा। तत्पश्चात् ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
20. संतोषजनक सम्पादित कराए गये कार्यो का भुगतान लोक निर्माण विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा बिलों के सत्यापनोपरांत किया जाएगा।
21. शासन द्वारा अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष अतिरिक्त भुगतान राज्य वित्त आयोग से किया जायेगा।
22. सम्पादित कार्यो का भुगतान जिलाधिकारी महोदय द्वारा गठित समिति के सत्यापनोपरान्त किया जायेगा।
23. निविदा के सम्बन्ध में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद के निस्तारण हेतु जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ का क्षेत्राधिकार होगा।
24. निविदादाता को बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा/ टेंडर अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मान्धाता बाजार
जनपद–प्रतापगढ़

अध्यक्ष
नगर पंचायत मान्धाता बाजार
जनपद–प्रतापगढ़

सरस्वती पूजा में पुलवामा शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

वसंत पंचमी पर केजीएमयू में आज 112वें सरस्वती पूजन का होगा आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में वसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा पुलवामा शहीदों के नाम रहेगी। संस्थान में स्थित सरस्वती देवी के मंदिर परिसर में फूलों से विशेष झांकी सजाई गई है। साथ ही मंदिर परिसर में भी फूलों की रंगोली से मां सरस्वती की वीणा शंख आदि को भी मेडिकल छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य रूप से सजाया गया है। पूजन की पूर्व संध्या पर मंगलवार को बीकेटी स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर से अखंड ज्योति लाई गई है।

बता दें, कि देश के किसी भी मेडिकल संस्थान में सरस्वती की पूजा केजीएमयू की तरह इतने भव्य तरीके से नहीं मनाई जाती है। इस बार यह पूजा 112वीं पूजा है। केजीएमयू के 300 से अधिक मेडिकोज सरस्वती मंदिर और पार्क को फूलों से सजाया है। वीणा, शंख और कमल आदि को फूलों द्वारा मनमोहक रूप दिया गया है। साथ ही सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं, जो पूजा में शामिल होने वाले लोगों को आकर्षित करेंगे। बुधवार को होने वाली सरस्वती पूजा में संस्थान की कुलपति प्रो.सोनिया नित्यानंद सहित डॉक्टर, शिक्षक एमबीबीएस के स्टूडेंट समेत तमाम लोग शामिल होंगे।

मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में वसंत पंचमी की तैयारी को लेकर फूलों की रंगोली बनातीं छात्राएं। अमृत विचार

उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में केजीएमयू जैसा दूसरा संस्थान नहीं है, जहां पर इतनी भव्यता के साथ मां सरस्वती की पूजा की जाती हो और वसंत पंचमी का त्यौहार मनाया जाता है।

– गौरी मिश्रा

पूजा को भव्य रूप देने के लिए हम सभी मेडिकोज दो दिनों से पार्क को सजा रहे हैं। सभी में एक अलग उत्सव देखने को मिल रहा है। इसमें सभी प्रोफेसरों का भी विशेष सहयोग है।

– उत्कर्ष

फूलों से मां सरस्वती की वीणा व शंख को बनाया गया है। सभी रंगोली लोगों को आकर्षित करने वाली हैं। पूजन कार्यक्रम के दौरान फूलों की होली का आयोजन भी विशेष रहेगा।

– अर्चना गौतम

पूजा में पुलवामा शहीदों की श्रद्धांजलि भी दी जाएगी। इसके लिए शहीदों के नाम से एक अलग झांकी बनाई गई है। पूरे पार्क को मनमोहक तरीके से सजाया गया है।

– गौरव

112 साल पुरानी परंपरा में शामिल होने के मौका मिला है। यह हमारे लिए एक अलग अनुभव है। सभी साथी मंदिर और पार्क को सजाने में जुटे हुए हैं।

– देवेश प्रताप

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक नजर

महिला का मोबाइल छीन कर लुटेरे फरार

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट के सिल्वर लाइन अपार्टमेंट के रंजना श्रीवास्तव गत 2 फरवरी को वह एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने कुर्सी रोड स्थित ओशियाना ग्रैंड गई थी। देर रात करीब 1 बजे वह कार्यक्रम स्थल से परिवार संग बाहर निकली। जैसे ही वह कार के पास पहुंची, तभी एक बदमाश ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। रंजना ने शोर मचाया। जब तक घरवाले समझ कर बदमाश के पीछे दौड़ते, वह कुर्सी रोड की तरफ भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक नितिश श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

दुबग्गा में दबंगों ने सेल्समैन को बंधक बनाकर लूटा

अमृत विचार, काकोरी : विनय प्रताप सिंह ने दुबग्गा थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरी ई-रिक्शा की एजेंसी दुबग्गा के अंधे की चौकी स्थित मस्जिद के समाने माल रोड पर है। मंगलवार की शाम करीब 4 बजे मोहम्मद फैसल, मोहम्मद इस्माइल तथा वसीम मलिक सहित कई लोगों ने हमारी एजेंसी में काम कर रहे सेल्समैन मोहम्मद फैयाज को बंधक बनाकर बुरी तरह उसकी पिटाई करने के बाद गल्ले में रखे 35 हजार रुपए और तीन नए ई रिक्शा लेकर फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई।

सुंदरकांड पाठ का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज के प्रांगण में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रचना श्रीवास्तव ने मंगलवार के दिन महाविद्यालय के कल्याण और विश्व जगत के कल्याण की भावना से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रात 9 :30 बजे प्रोफेसर मंजू सिंह द्वारा विधिवत पूजन और आवाहन के साथ आरंभ हुआ। मंडली और समस्त महाविद्यालय द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया।

बीएसएफ के गगन चौधरी कंप्यूटर परीक्षा में प्रथम

अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का दूसरा दिन, साशा (श्वान) ने खोजे 25 में से 22 लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट के दूसरे दिन मंगलवार को कई कार्यक्रम जवानों के लिए आयोजित किए गए। उत्तर प्रदेश पुलिस हेडक्वार्टर के कंप्यूटर लैब में कंप्यूटर जागरूकता प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके पहले परीक्षा पोर्टल और अन्य जरूरी जानकारी संक्षिप्त रूप से सभी को दी गई। हरियाणा टीम के बाहर होने के बाद 70 टीमों ने इस परीक्षा में हिस्सा लिया।

इस परीक्षा में बीएसएफ के गगन चौधरी ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। हिमाचल प्रदेश पुलिस के अमन और आईटीबीपी के आनंद शंकर को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। श्वान दल प्रतियोगिता 3 बीएन, आरपीएसएफ में आयोजित की गई। इसमें 42 श्वान दस्तों ने ट्रैकिंग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कर्नल सुरेंद्र सैनी, लेफ्टिनेंट कर्नल राज भारत (एनएसजी) और लेफ्टिनेंट कर्नल विनसन आरवीसी ने श्वान दलों के प्रशिक्षकों की समीक्षा की। इसके बाद नारकोटिक्स और विस्फोटक विभाग के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। नारकोटिक्स के 29 और विस्फोटक के 45 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक अपने दिए गए लक्ष्य को पूरा किया। ट्रैकिंग कार्यक्रम में साशा (श्वान) का प्रदर्शन शानदार रहा। दिए गए अधिकांश लक्ष्यों में 25 में से 22 को असम राइफल्स के साशा (श्वान) ने पहचाना।

प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी। अमृत विचार

हिमाचल प्रदेश की टीम ने नहीं लिया हिस्सा

कार्यक्रम आयोजकों के अनुसार एंटी सबोटाज चेक प्रतियोगिता में दो आयोजन होतेहैं। जेआर आरपीएफ अकादमी के मुख्य हॉल में ग्राउंड सर्च का लिखित परीक्षण और अकादमी के पीटी मैदान में व्यक्तिगत टीमों के लिए प्रैक्टिकल प्रदर्शन किया जाता है। हिमाचल प्रदेश टीम ने इसमें भाग नहीं लिया। एक्सेस कंट्रोल प्रतियोगिता में अनिल कुमार सिंह (आईटीबीपी) पहले, खादर शरीफ शेख (तेलंगाना पुलिस) दूसरे स्थान पर रहे। स्वप्निल दरावड़े (महाराष्ट्र पुलिस) और कमल चेत्री (असम राइफल्स) को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। जेआर आरपीएफ अकादमी हॉल में वैज्ञानिक सहायता और जांच आयोग में फोरेंसिक साइंस टेस्ट शामिल था, जिसके बाद एक टेस्ट हुआ और फिर पुलिस पोर्ट्रेट टेस्ट हुआ। इसमें सभी प्रतिभागियों को एक पोर्ट्रेट दिखाया गया और उन्हें उसे पुनः बनाने के लिए कहा गया।

सपा में सभी धर्मों का होता है सम्मान : जूही सिंह

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी सभी धर्मों का सम्मान करती है। आदर्श समाज के निर्माण में विश्वास रखती है। भारत एक धर्म और पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक देश है। हम सद्भावना के रास्ते पर चलने वाले लोग हैं। प्रभु यीशु मसीह के जीवन और शिक्षाओं में विश्वास करते हैं। यीशु की शिक्षा प्रेम, क्षमा, शांति और आशा पर केंद्रित है आज हम सभी उनकी प्रेरणा के रास्ते पर चलने का प्रयास कर रहे हैं। उक्त बातें समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने कही। मंगलवार को सपा कार्यालय में ईसाई समुदाय के मध्य आयोजित कार्यक्रम में वे लोगों से मुखातिब थीं। पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा ने कहा हम समाजवादी समाज बनाने में विश्वास रखते हैं। बचपन से हमने प्रेम और सद्भावना का व्यवहार सीखा है और ईसाई धर्म भी हमें प्रेम और करुणा सिखाता है। हिंदुस्तान एक गुलदस्ता है जिसमें सभी प्रकार के फूल हैं और सभी समाज के विकास में अपनी खुशबू बिखेर रहे हैं। इस अवसर पर ज्योति मैसी ने कहा आजादी के 75 वर्ष पूर्ण हो गए हैं, लेकिन आज भी अल्पसंख्यक समाज अपने हक अधिकारों के लिए लड़ रहा है। भारत में सबसे कम आबादी के बावजूद अल्पसंख्यक समाज ने प्रमुख धारा से जुड़कर देश के विकास के लिए काम किया है। रविदास मेहरोत्रा ने कहा शिक्षा जगत में ईसाई समुदाय समाज की अग्रणी भूमिका रही है। समाजवादी महिला सभा राष्ट्रीय द्वारा पीडीए पंचायत कार्यक्रम में ईसाई समुदाय के लोगों के अलावा चर्च के पादरी भी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जूही सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रोफेसर अभिषेक मिश्रा, पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक, लोकसभा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा, लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित भी रहे।

कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण, सुलतानपुर

पत्रांकः 426 / डूडा / निविदा/2023–24 दिनांकः– 13–02–2024

प्रेस विज्ञप्ति

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत स्वीकृत 03 कार्यो हेतु अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना के अनुसार सुसंगत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें दिनांक 14–02–24 से 20–02–24 की सायं 05 :00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। टेक्निकल बिड दिनांक 21–02–24 की सायं 02: 00 बजे परियोजना निदेशक, डूडा सुलतानपुर के कार्यालय में निर्धारित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी।

निविदा की पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

परियोजना अधिकारी
डूडा, सुलतानपुर

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/
परियोजना निदेशक, डूडा

लापता बावर्ची की हुई शिनाख्त, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पीएम रिपोर्ट में शरीर के अंदरूनी हिस्सों में चोट से मौत की पुष्टि

अमृत विचार : अलीगंज से लापता बावर्ची का पिछले 6 दिनों से केजीएमयू के पोस्टमॉर्टम हाउस पर शव रखा था। दोस्तों से पूछताछ में मिले सुराग से मंगलवार को बावर्ची की पहचान हो सकी। परिवारीजनों ने दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। देर शाम पीएम के बाद शव परिवारीजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पीएम रिपोर्ट में शरीर के अंदरूनी हिस्सों में चोट से मौत की पुष्टि हुई है।

सीतापुर के कमलापुर निवासी 45 वर्षीय गुड्डू पिछले 15 वर्षो से सीतापुर रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी के बाहर ओम प्रकाश के ढाबे पर खाना बनाते थे। 7 फरवरी की रात पड़ोसी ढाबे पर काम करने वाले सोनू और पवन के साथ निकले गुड्डू लौट कर नहीं आए। दो दिन तक उनके न लौटने पर अनहोनी की आशंका जताते हुए ढाबा मालिक ने परिवारीजनों को सूचना दी। 10 फरवरी को अलीगंज थाने पहुंचे बेटे राजू ने गुमशुदगी दर्ज करवाई।

इंस्पेक्टर अलीगंज विनोद तिवारी ने बताया जांच में जुटे एसआई अभय प्रताप सिंह ने शक के दायरे में आए सोनू और पवन को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई से पूछताछ में सोनू ने पुलिस को बताया 7 फरवरी की रात ढाबा बंद करने के बाद उसने गुड्डू के साथ शराब पी, इसके बाद वह लोग घंटा घर घूमने के लिए ऑटो से निकल गए। सोनू का कहना है कि चालक ने बंधा रोड से नए वाले पक्का की ओर जैसे ही ऑटो मोड़ा, किनारे बैठा गुड्डू चलती ऑटो से गिर गया। उसे घायल देख वह घबरा गया। पुलिस केस से बचने के लिए सोनू वहां से भाग निकला, उसके जाने के बाद ऑटो चालक भी फरार हो गया। इंस्पेक्टर अलीगंज विनोद तिवारी का कहना है राजू की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शक के दायरे में आए सोनू और पवन से पूछताछ की जा रही है। सोनू और गुड्डू के बीच पहले से कोई विवाद था या नहीं पुलिस की एक टीम ये पता लगाने में जुटी है। फिलहाल जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

यूपीएसआईएफएस, डीएनए फिंगर प्रिंटिंग और डायग्नोस्टिक्स के बीच हुआ एमओयू

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट आफ फॉरेन्सिक साइंस को और अधिक प्रगति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फारेंसिक साइंस के अपर पुलिस महानिदेशक एवं निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने हैदराबाद में यूपीएसआईएफएस तथा डीएनए फिंगरप्रिंटिंग और डायग्नोस्टिक्स केंद्र के एमओयू साइन किया। डॉ. जीके गोस्वामी ने बताया कि एमओयू से दोनों संस्थाओं के बीच शैक्षणिक गतिविधियां, अनुसंधान गतिविधियों में सहयोग, विभिन्न संगठनों से पेशेवरों का प्रशिक्षण, दोनों संस्थानों के संकायों और छात्रों की आपसी सहमति से शैक्षणिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर डीएनए फिंगरप्रिंटिंग और डायग्नोस्टिक्स केंद्र (सीडीएफडी) के निदेशक डॉ. संगीता मुखोपाध्याय, डॉ. मधुसूदन रेडडी सहित वरिष्ठ वैज्ञानिक मौजूद थे।

110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीतापुर सिटी से सीतापुर जंक्शन के बीच दोहरीकरण के तहत बनी नई लाइन पर मंगलवार को सीसीआरएस ट्रेन 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी। इस रूट का निरीक्षण मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग ने किया। इस मौके पर डीआरएम आदित्य कुमार के साथ निर्माण और इंजीनियरिंग विभाग के कई अफसर मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त ने दोहरीकरण के अलावा सेफ्टी अभिलेखों, यार्ड प्लान, स्टेशन वर्किंग रूल, प्लेटफार्म क्लीयरेंस, सिग्नलिंग, बर्थिंग ट्रैक बैलास्ट, मार्क आदि का निरीक्षण किया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सण्डीला (हरदोई)

पत्रांकः 835 / न0पा0 / ई–टे0 – नि0वि0/23–24 दिनांक 12–2–2024

सूचना

नगर पालिका परिषद सण्डीला में रजिस्टर्ड ठेकेदारों/ फर्मो से शासनादेश संख्या– 3890/नौ–5 –19–149सा / 2019 नगर विकास अनुभाग – 5 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के क्रम में ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्त आयोग के अधीन हेतु ई–टेण्डर की वेबसाइड प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्य सम्पन्न कराये जाने https//etender.up.nic.in पर दिनांक 26.12.2023 को प्रातः 11:00 बजे से 15.01.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमंत्रित की गयी थी। जिनका विस्तृत प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र 'अमर उजाला व अमृत विचार' में दिनांक 23.12.2023 को कराया गया था। जिसमें से क्रमांक सं0– 7, 8, 9, 10, 12 पर वर्णित कार्यो के टेण्डरों को किन्ही अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। क्रम सं0 7, 8, 9, 10, 12 पर वर्णित कार्यो की निविदाएं पुनः दिनांक 14.02. 2024 से 23.02.2024 तक सायं 5: 00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। निविदा के साथ समस्त प्रपत्र दिनांक 24.02.2024 को अपरान्ह 1:00बजे तक बन्द लिफाफों में व्यक्तिगत रुप से कार्यालय में उपलब्ध करायें। निविदाएं उसी दिन अथवा अन्य किसी दिन निविदादाताओं की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में सन्निहित होगा। शेष नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

(विजेता गुप्ता)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद सण्डीला, हरदोई

(मो0 रईस अन्सारी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सण्डीला, हरदोई

सार-संक्षेप

मरीजों के संपर्क में रहने से डॉक्टर भी हो रहे चिड़चिड़े

अमृत विचार, लखनऊ : काम के बोझ के साथ ही लगातार मरीजों के संपर्क में रहने से चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों में एक समय के बाद चिड़चिड़ापन, घबराहट, बेचैनी जैसी समस्याएं पैदा होने लगती हैं। इन समस्याओं को शुरू में ही पहचान कर उनको दूर करने के उपाय न किए गए तो वह आगे चलकर बड़ी समस्या पैदा कर सकते हैं। यह कहना है प्रख्यात क्लिनिकल साइकोलाजिस्ट व साइको थेरेपिस्ट डॉ. प्राची त्रिपाठी का। वह मंगलवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के रेस्परेटरी मेडिसिन डिपार्टमेंट में तनाव प्रबंधन पर आयोजित हुई कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। डॉ. प्राची त्रिपाठी ने कहा कि इन परिस्थितियों से बचने के लिए चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को अपने खानपान और आराम के साथ ही शारीरिक श्रम का भी पूरा ख्याल रखना चाहिए। मन के अंदर पनपने वाले नकारात्मक विचारों को अपने परिवार वालों या साथियों के साथ साझा करने से तनाव में कमी आ सकती है। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे रेस्परेटरी मेडिसिन डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकान्त ने कहा, जिस प्रकार घर में निकलने वाले कूड़े को डस्टबिन में डालकर बाद में बाहर फेंक दिया जाता है। उसी तरह से मन में पनपने वाले नकारात्मक विचारों को बाहर निकाल देना चाहिए न कि उन्हें पालना चाहिए।

आईसीएसई 10वीं में 12 हजार छात्र देंगे परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : आईसीएसई 10वीं की परीक्षा आगामी 21 फरवरी से शुरु हो रही है जिसमें लगभग 12 हजार छात्र परीक्षा देंगे। इसके लिए राजधानी में करीब 100 केन्द्र बनाए गए है। छात्रों की सुगमता के लिए शिक्षक एक्ट्रा क्लासेस चला रही है जिसमें छात्रों को आवश्यक विषयों की महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही हैं। वहीं 12वीं की परीक्षा सोमवार से शुरु हो गई है। शहर के 88 केंद्रों परीक्षा शुरू हुई हैं। करीब साढ़े 10 हजार छात्र परीक्षा दे रहे हैं। बोर्ड के नियमों के अनुसार 15 मिनट पेपर पढ़ने का समय दिया गया। मंगलवार को 12वीं के इंग्लिश का पेपर देकर परीक्षा सेंटर से बाहर निकले छात्र–छात्राओं ने प्रश्न को आसान बताया।

सही इलाज से जल्द ठीक हो जाएगी लिगामेंट इंजरी

अमृत विचार, लखनऊ : खेल के दौरान लिगामेंट इंजरी के क्या कारण होते हैं, और इनसे कैसे बचा जा सकता है। ऐसी ही तमाम जानकारियां केजीएमयू के स्पोर्ट्स मेडसिन इंजरी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अभिषेक अग्रवाल ने दी। वह मंगलवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सभागार में वह खिलाड़ियों को इंजरी से उबरने की उपाय बता रहे थे। दूरबीन विधि से इसका इलाज किया जाता है। प्रो. अभिषेक ने खेल इंजरी को लेकर भ्रांतियों से बचने और स्पेशलिस्ट से ही इलाज कराने पर जोर दिया। इस दौरान आरएसओ अजय कुमार सेठी, उपक्रीड़ाधिकारी मनीष गुप्ता, जीवन रक्षक सतीश यादव और अन्य लोग मौजूद रहे।

सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : समाजसेवी व संस्था के संस्थापक दिवंगत दशरथ सिंह बिष्ट व वीरादेवी की स्मृति में सांस्कृतिक संध्या की गई। लोक संस्कृति की धरोहर मुनाल द्वारा भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत स्मृति उपवन नदी के किनारे मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान तथा मुनाल विक्रम बिष्ट ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्र के विद्वानों को समाजसेवी दशरथ वीरा सम्मान से सम्मानित मुख रूप से हर्षिता बिष्ट, नीतिका सिंह और शिक्षा देवेश्वरी पवार गायन, मोहन सिंह बिष्ट पत्रकारिता, नीतू सिंह यशभारती सम्मानित ऋचा जोशी के संगीत निर्देशन में दूरदर्शन आकाशवाणी के कलाकार बालकृष्ण शर्मा, अनिल कश्यप, डॉ सविता मिश्रा, राजेंद्र नेगी, दरमियां सिंह नेगी, अंकिता सिंह आदि ने देश गीत गाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

संशोधित एक्ट को लेकर गुरुद्वारा कमेटी ने जताया विरोध

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की प्रेस वार्ता वर्तमान में तख्त श्री हजूर साहिब के गुरुद्वारा एक्ट 1956 को परिवर्तित करने पर की गई, जिसमें लखनऊ के अधिकांश सिख प्रतिनिधित्व उपस्थित थे। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा ने बताया कि 1956 का गुरुद्वारा एक्ट जो विशेष तौर से तख्त श्री हजूर साहिब के कार्यकारिणी कमेटी के लिए आयोजित किया गया था, उसको संशोधित कर 2024 एक्ट महाराष्ट्र सरकार द्वारा अनुमोदित करने पर पूरे विश्व के सिखों एवं गुरु नानक नाम लेवा संगत में रोष उत्पन्न हुआ है। इस संदर्भ में लखनऊ गुरद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से एक ज्ञापन भी मुख्यमंत्री महाराष्ट्र को दिया जाएगा। जिसमें मांग की जाएगी कि 2024 के एक्ट को सरकार निरस्त करके 1956 के एक्ट को बहाल करें।

उड़ीसा के प्रधानों ने देखा लालपुर गांव का विकास

अमृत विचार, लखनऊ : उड़ीसा से आए प्रधान और ब्लॉक प्रमुख के दल ने राजधानी के लालपुर गांव का भ्रमण कर विकास कार्य देखे। कार्यों की बारीकियां समझीं और सराहना कर इसी तर्ज पर अपनी ग्राम पंचायतों के विकास की बात कही। मंगलवार को उड़ीसा के 12 प्रधान और तीन ब्लॉक प्रमुख का दल मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत लालपुर में हुए बेहतर विकास कार्यों को देखने आया। पंचायती राज निदेशालय के कन्सलटेंट मनीष मिश्रा, आदित्य उपाध्याय व जिला परियोजना प्रबंधक कृष्ण प्रताप सिंह ने गांव का भ्रमण कराया। इस दौरान गांव में जल संचयन, कूड़ा निस्तारण को लेकर हुए कार्यों को बारीकी से समझा। पंचायत भवन और उनमें होने वाले गांव से सभी कार्य देखे और बच्चों को दिया जाने वाले प्रशिक्षण के बारे में पूछा। इसी तरह गांव में लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम देख प्रशंसा की।

आईईए ने लांच किया लखनऊ चैप्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ संस्थापक ने मिशन के बारे में दी जानकारी

▸▸ सोशियो बिजनेस नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म का है प्रकाश स्तंभ

अमृत विचार: अनुभवी व्यवसायियों और युवा उद्यमियों द्वारा स्थापित, इंटरनेशनल एंटरप्रेन्योर्स एफिलिएट (आईईए) ने अपना लखनऊ चैप्टर लॉन्च किया। जीवन के सभी क्षेत्रों से अनुभवी और उभरते उद्यमियों की अपनी शानदार सूची का दावा करते हुए आईईए व्यवसाय में भावनाओं को लाने का वादा करता है। साथ ही आईईए उत्तर भारत के एकमात्र सोशियो बिजनेस नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म के प्रकाश स्तंभ के रूप में उभरता है।

आईईए के संस्थापक और प्रमोटर गर्वेश श्रीवास्तव ने सीएसआर गतिविधियों के प्रति उनके दृष्टिकोण और मिशन के साथ उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। आईईए के सहसंस्थापक अमित के कुमार 2024 के लिए आईईए के संस्थापक अध्यक्ष, उमंग कालरा उपाध्यक्ष और फराह तारिक सचिव, कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। इस कार्यक्रम में लखनऊ की प्रतिष्ठित व्यापारिक हस्तियां और उद्यमी शामिल हुए। आईईए के अन्य सह-संस्थापक आचार्य रवि सरदाना, अनुपम शुक्ला, प्रशांत अमरनानी और सौरभ जैन ने भी कार्यक्रम को अपने विचार व्यक्त किए।

एमिटी में वार्षिकोत्सव का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

▸▸ एमिटी में द पेलजिक वर्ल्ड विषय पर जानकारियां हुईं साझा

▸▸ कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दीं विभिन्न प्रस्तुतियां

अमृत विचार: एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में जूनियर सेक्शन का वार्षिकोत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया।

आयोजित वार्षिकोत्सव के दौरान उपस्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल की चेयरपर्सन अमिता चौहान ने कहा कि उन्हें इस वार्षिक दिवस समारोह को एक शानदार सफलता बनाने में शामिल सभी लोगों द्वारा किए गए प्रयासों पर गर्व है। द पेलजिक वर्ल्ड विषय भावी पीढ़ियों के लिए हमारे महासागरों की सुरक्षा और संरक्षण की आवश्यकता की एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में स्मरण रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान समुद्री जीवन को दर्शाने वाली एक मनमोहक नृत्य-नाटिका और पर्यावरण संरक्षण को संबोधित करता और पानी के नीचे की दुनिया की सुंदरता को प्रदर्शित करने वाला कलाकृति शामिल थी। द पेलजिक वर्ल्ड विषय से संबंधित सूचनाएं साझा की गईं। इस अवसर पर विराट खण्ड स्कूल की प्रधानाचार्य रचना मिश्रा सहित समस्त शिक्षक और अभिभावक भी उपस्थित रहे।

कार्यालय नगरपालिका परिषद, बहराइच।

संख्या– 927/अलाव व्यवस्था–जलौनी लकड़ी आपूर्ति/2023–24 दिनांक– 13 फरवरी, 2024

अति सूक्ष्म अल्पकालिक निविदा सूचना

नगरपालिका परिषद, बहराइच के कार्यालय के पत्र सं0– 926/अलाव व्यवस्था –जलौनी लकडी आपूर्ति/2023–24 दिनांक 13 फरवरी 2024 द्वारा नगरपालिका परिषद, बहराइच में वर्ष 2023–24 में ठण्ड एंव शीत लहरी के दौरान नगर के विभिन्न चौराहो/प्रमुख स्थानों/ वार्डो में अलाव जलवाये जाने हेतु जलौनी लकड़ी की आपूर्ति हेतु समस्त टिम्बर मर्चेन्टों, लकड़ी की ठेकी वाले व्यक्तियों एवं वन विभाग/वन निगम से कार्य अनुभव प्रमाण पत्र प्राप्त ठेकेदारों तथा लकड़ी सप्लाई करने वाली फर्मो जिनका पंजीकरण आयकर एवं व्यापार कर विभाग (जी0एस0टी0) में हो से सीलबन्द निविदायें दिनांक 22.02.2024 को नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में, 2– प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एंव 3– उपजिलाधिकारी बहराइच कार्यालय में अपरान्ह 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, बहराइच के कार्यालय कक्ष में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:30 बजे खोली जायेगी। निविदा के साथ रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र (निर्धारित प्रारूप) तथा 02% धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी के पद नाम से बन्धक हो, जमा करना होगा। निविदा फार्म नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एंव उपजिलाधिकारी बहराईच कार्यालय से दिनांक 20.02.2024 को कार्यालय अवधि (प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक) में निर्धारित मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय को होगा। आपूर्ति की जाने वाली जलौनी लकडी की मात्रा घट–बढ़ सकती है। सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। सम्बधित निविदा सूचना नगरपालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraichnpp.in पर देखी जा सकती है।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद बहराइच।

(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद बहराइच।

कार्यालय नगर पंचायत महराजगंज– रायबरेली

पत्रांकः 305 न0प0मह0/ई–टे0/रा0वि0आ0/2023–24 दिनांकः 13 फरवरी, 2024

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

एतद् द्वारा नगर पंचायत महराजगंज जनपद रायबरेली के अन्तर्गत समस्त पंजीकृत/अपंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को एवं शासन द्वारा प्राप्त शासनादेश संख्या–3/2017/1067/78–2–2017–42 आई टी/2017 अनुभाग–2 दिनांक 12–05–2017 के क्रम में यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड विडर्स/कान्ट्रैक्टर्स / वेन्डर्स को सूचित किया जाता है, कि राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से ई–टेण्डर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा प्रपत्र वेबसाइट https://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। जिसका विवरण निम्नलिखित सारणी में प्रदर्शित हैः–

टेण्डर शेड्यूल (https://e-tender.up.nic.in पर)

क्रमांक	विवरण	प्रारम्भ दिनांक एवं समय	अन्तिम दिनांक एवं समय
1	Tender Release	14.02. 2024 (10.00AM)	
2	Tender Download	14.02. 2024 (10.00AM)	27.02. 2024 (05.00PM)
3	Bid Submission	14.02. 2024 (10.00AM)	27-02-2024 05:00PM
4	Bid Opening	28.02. 2024 (02.00PM)	
	Bid Opening Place		Office of the nagar Panchayat Maharajganj-Raebareli

निविदा मूल्य एवं जमानत धनराशि खाता संख्याः 7855000100032601/ IFSC CODE PUNB0785500 पंजाब नेशनल बैंक शाखा अतरेहटा महराजगंज, रायबरेली में जमा किया जायेगा। उक्त वेबसाइट पर निविदा सम्बंधी विस्तृत नियम, शर्ते व विवरण उपलब्ध है। निविदादाताओं हेतु निविदा संशोधन सूचना www.e-tender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जायेगा, पृथक से प्रकाशन नही किया जायेगा। ई–निविदा से सम्बंधित समस्त जानकारी कार्यालय से भी किसी कार्य दिवस में की जा सकती है।

(अपर्णा मिश्रा)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत महराजगंज, रायबरेली

(सरला साहू)
अध्यक्ष
नगर पंचायत महराजगंज, रायबरेली

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद अमेठी।

पत्रांक– मु0चि0अ0 / एन0यू0एच0डब्लू0सी0 / भवन /II / 2023–24 / 9175 दिनांक–13.02.2023

अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर के किराये के भवन हेतु विज्ञापन

मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या SPMU/NUHM/15thFC/2023-24/82/7164 दिनांक 13.12.2023 के क्रम में भारत सरकार द्वारा 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत कुल 02 (गौरीगंज एवं जायस) अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर की स्वीकृति प्राप्त हुयी है। नगरीय क्षेत्र में लोगों को उनके घरों के समीप प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने की दृष्टि से जनपद के नगरीय क्षेत्रों में 15000 से 20000 की जनसंख्या पर अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (यू–एच.डब्लू.सी.) स्थापित किये जा रहे है।

15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत कुल 02 (गौरीगंज एवं जायस) अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर संचालित किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिये किराये के भवन की आवश्यकता है, जिसमें कम से कम 04 कमरे हो तथा जिसका न्यूनतम क्षेत्रफल निम्नानुसार होना आवश्यक है–

क्र.सं.	सुविधा	आवश्यक न्यूनतम कारपेट एरिया (स्क्वायर फिट में)
1	ओ0पी0डी0 रूम	100
2	औषधि भण्डार एवं वितरण	80
3	टीकाकरण / काउंसिलिंग	80
4	स्टाफ नर्स कक्ष एवं परीक्षण कक्ष	100
5	वेटिंग रूम व पंजीकण	210
6	शौचालय 02 नग	60
7	वेलनेस कक्ष	250
8	डेकेयर रूम	220
	योग	**11000 वर्ग फुट**

कारपेट एरिया का न्यूनतम 25 से 30 प्रतिशत अंश दीवार एवं सरकुलेशन का होता है। इस प्रकार भवन का कुल क्षेत्रफल लगभग 1400 वर्गफुट आयेगा।

भवन चिन्हीकरण में ध्यान दी जाने वाली बातें–

1 भवन हवादार एवं सूर्य प्रकाशमय हो।
2. भवन में विद्युत कनेक्शन हो तथा बिजली एवं पानी की नियमित आपूर्ति हो।
3. भवन में मरीजों को बैठने हेतु स्थान एवं कक्ष के अतिरिक्त 02 शौचालय हो।
4. मरीजों हेतु एम्बुलेंस आदि वाहनों के आने जाने का पर्याप्त रास्ता हो।
5. आवश्यकतानुसार रैम्प की व्यवस्था हो।

प्रत्येक अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के भवन के किराये हेतु भवन का किराया, उस क्षेत्र के डी0एम0 सर्किल रेट या रू0 50,000/– जो कम हो, जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन उपरान्त देय होगा। इच्छुक पात्र भवन स्वामी अपना आवेदन पत्र (भवन के पूर्ण पते व क्षेत्रफल जानकारी के साथ) दिनांक 23.01.2024 तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद अमेठी में उपलब्ध करा सकते है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जनपद अमेठी

पहली बार अपने महल में अबीर-गुलाल खेलेंगे रामलला

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में मनाए जा रहे रामोत्सव का रंग पवित्र पावन बसंत पंचमी के अवसर पर और गहरा होने जा रहा है। 500 वर्षों के बाद पहली बार रामलला अपने भव्य मंदिर में रंगोत्सव में अबीर और गुलाल खेलेंगे। इसे लेकर ट्रस्ट की ओर से व्यापक तैयारियां भी की गईं हैं। रामलला द्वारा पहली बार अपने महल में रंगोत्सव मनाए जाने को लेकर यहां आने श्रद्धालु भी आह्लादित हैं।

बसंत पंचमी पर अयोध्या धाम के मठ-मंदिरों में रंगोत्सव का परंपरागत आयोजित होता आ रहा है। 22 जनवरी को हुई प्राण-प्रतिष्ठा के बाद यह पहला मौका होगा जब टेंट और अस्थाई मंदिर से निकलकर भव्य मंदिर में विराजमान हुए रामलला अपने खुद के भव्य महल में रंगोत्सव की परंपरा के तहत अबीर और गुलाल खेलेंगे। इसके अलावा सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी समेत अयोध्या धाम के पाचं हजार मंदिरों में भी रंगोत्सव का बुधवार से प्रारंभ हो जाएगा, जो होली उत्सव तक अनवरत जारी रहेगा। बसंत पंचमी से अयोध्या के मंदिरों में भगवान व भक्तों के बीच अबीर-गुलाल के साथ जमकर होली खेलने की परंपरा शुरू होती है। 40 दिन तक मठ-मंदिरों में आरती पूजन के बाद भगवान को अबीर और गुलाल लगाते हैं। पुजारी भगवान के इस गुलाल का प्रसाद रंगोत्सव में शामिल भक्तों को देते हैं। पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के अनुसार इस दिन रामलला को प्रातः स्नान के बाद सुंदर वस्त्र और आकर्षक विशेष वस्त्र धारण कराए जाएंगे। आरती पूजन के बाद उन्हें अबीर गुलाल भी लगाए जाने के साथ विशेष व्यंजनों का भोग भी लगाया जाएगा। जिसमें प्रमुख तौर पर खीर, पूड़ी, मेवा, फल और अन्य व्यंजन शामिल होंगे।

- अयोध्या धाम के पांच हजार मंदिरों में भी आज से शुरू होगा रंगोत्सव
- हनुमानगढ़ी पर भी पारंपरिक ढंग से रंगोत्सव का विशेष कार्यक्रम होगा

मंदिर के गर्भगृह में विराजमान रामलला।

मंगला आरती के साथ प्रारंभ होगा रंगोत्सव

अयोध्या धाम में रामलला के भव्य मंदिर के साथ बसंत पंचमी पर शुरू हो रहे रंगोत्सव में इस बार खास दृश्य रहेंगे। एक ओर जहां बड़ी संख्या में रामनगरी में मौजूद श्रद्धालु रामलला रंगोत्सव के साक्षी बनेंगे। वहीं हनुमानगढ़ी पर भी पारंपरिक ढंग से रंगोत्सव का विशेष कार्यक्रम होगा। बुधवार भोर में चार बजे मंगला आरती होगी। उसके बाद रामलला के श्रृंगार पूजन और अबीर गुलाल लगाए जाने के साथ रंगोत्सव विधिवत रूप से होली तक के लिए प्रारंभ हो जाएगा।

गरीबों के लिए सौगात है हड़िया कोल शिविर:गोप

बाराबंकी, अमृत विचार : हड़िया कोल आश्रम में हर वर्ष आयोजित होने वाला नि:शुल्क ऑपरेशन शिविर गरीब व कमजोर वर्ग के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे मरीजों का नि:शुल्क उपचार हो रहा है। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने श्री राम वन कुटीर स्थित स्वामी रामदास स्मृति चिकित्सालय में उदयपुर के प्रसिद्ध सर्जन डॉ. जेके छापरवाल की देखरेख में आयोजित नि:शुल्क ऑपरेशन शिविर में मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों व मरीजों के समक्ष व्यक्त किए। उन्होंने मरीजों से मुलाकात भी की।

अभिनेत्री मलिका राजपूत का पंखे से लटका मिला शव

सुलतानपुर, अमृत विचार : अभिनेत्री व गायिका विजय लक्ष्मी उर्फ मलिका राजपूत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मलिका का शव उनके घर के कमरे में लटका हुआ पाया गया। पुलिस के अनुसार कोतवाली नगर के सीताकुंड मोहल्ले में मंगलवार को गायिका व अभिनेत्री का शव घर के अंदर कमरे में पंखे से लटका मिला। मलिका काफी दिनों से अवसादग्रस्त थी। मलिका की मां सुमित्रा सिंह ने बताया कि सोमवार रात पूरा परिवार घर में सो रहा था। उसने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर रखा था। रात 2 बजे कमरे में लाइट जल रही थी। इस पर मां ने आवाज दी तो दरवाजा नहीं खुला। खिड़की से मां ने देखा तो वह खड़ी दिखी। दरवाजे में धक्का दिया तो देखा कि बिटिया पंखे के सहारे फंदे से लटकी हुई थी। बता दें कि मलिका ने कंगना राणावत के साथ फिल्म 'रिवाल्वर रानी' में काम किया था। इसके अलावा कई शार्ट फिल्में भी कर चुकी हैं।

सीतापुर की जेल में बेटे अदीब से मिलकर भावुक हुए आजम

एक घंटे से अधिक समय तक चली मुलाकात

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। जेल में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से मंगलवार को बेटे अदीब ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान आजम बेटे को पाकर भावुक नजर आये। रामपुर से आये बेटे अदीब के साथ रामपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान सहित एक सपा नेता ने भी जेल में आजम से मुलाकात करते हुए उनका हाल जाना। बेटे ने मुलाकात के दौरान आजम को जेल में कुछ जरूरी चीजें भी दीं। जेल में मुलाकात के दौरान आजम खां ने बेटे से रामपुर जेल में बंद पत्नी तंजीम और बेटे अब्दुल्ला का हाल भी जाना। अदीब ने पिता से स्वास्थ्य की जानकारी ली और वापस जेल से रामपुर रवाना हो गये।

आजम से मुलाकात के बाद बाहर निकलते बेटे अदीब व अन्य सपा नेता।

बताते चलें कि रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम और पत्नी तंजीम सहित बेटे अब्दुल्ला को 7-7 साल की सजा सुनाई थी। रामपुर प्रशासन ने आजम को सीतापुर और बेटे अब्दुल्ला को हरदोई जेल में शिफ्ट कर दिया था। 22 अक्टूबर की सुबह आजम को सीतापुर जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। सजा मिलने के बाद आजम से जेल में मुलाकात का मैनुअल बदलते ही मुलाकातों पर विराम लग चुका है। बीते समय में आजम से पूर्व सपा विधायक अनूप गुप्ता और रामपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष सहित पूर्व नगर पालिका चेयरमैन ने मुलाकात कर आजम का हाल जाना है। बीते सप्ताह में हरदोई से चलकर आजम के साढ़ू और साली ने आजम से मुलाकात की थी। प्रत्येक माह में होने वाली 4 मुलाकातों में फरवरी माह में अब महज 2 मुलाकतें ही शेष बची हैं। मंगलवार को मुलाकात करने पहुंचे बेटे अदीब सहित अन्य तीन लोगों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया और दोपहर करीब 12 बजे जेल में दाखिल हुए। एक घंटे से अधिक समय तक चली मुलाकात के दौरान आजम बेटे को पाकर भावुक भी नजर आए।

छेड़छाड़ के दो दोषियों को 4 साल की कैद

बाराबंकी, अमृत विचार : करीब सात वर्ष पहले किशोरी से छेड़छाड़ करने के दो अभियुक्तों को अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दोषी मानते हुए चार-चार साल के कठोर कारावास व साढ़े आठ-साढ़े आठ हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला कोठी थाना क्षेत्र का है। यहां के एक गांव निवी पीड़ित पिता ने 29 अप्रैल 2017 को थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी नाबलिग बेटी से रहीमपुर मजरे सेमरावां निवासी छोटकऊ और सीबू ने छेड़छाड की। इस पर पुलिस ने छेड़खानी, पाक्सो एक्ट और एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया। मामले की विवेचना कर रहे सीओ हैदरगढ़ ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं साक्ष्य संकलन कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त छोटकऊ और सीबू को छेडखानी व पॉक्सो एक्ट का दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

जन्मदिन पर जलशक्ति मंत्री ने की मंदिर की सफाई

बाराबंकी, अमृत विचार : जैदपुर विधानसभा क्षेत्र के दौलतपुर में गांव चलो अभियान के दौरान अपने प्रवास के दौरान जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ा गए। मंगलवार को स्वतंत्र देव सिंह ने अपने जन्मदिन की शुरुआत शिव मंदिर की सफाई करके की। सोमवार की पूर्वाह्न गांव पहुंचे जलशक्ति मंत्री दिन भर विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए आम जनता से रूबरू हुए। रात्रि प्रवास के दौरान गांव के शिव मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया। आरती भी की। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह देर रात तक शिवमन्दिर में ग्रामीणों के साथ भजनों में तल्लीन रहे।

दौलतपुर गांव स्थित शिव मंदिर परिसर की सफाई करते जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

चित्रकूट को मिल सकती है जियो पार्क की मान्यता

चित्रकूट, अमृत विचार : यूनेस्को के वैश्विक जियो पार्क के रूप में चित्रकूट को शामिल करने के लिए विशेषज्ञ समिति ने सर्वेक्षण किया। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के पूर्व उप महानिदेशक एवं सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम के सलाहकार डॉ. सतीश त्रिपाठी ने कहा कि चित्रकूट में जियो पार्क के रूप में विकसित होने की संभावनाएं हैं। वैज्ञानिकों डीएसएन कॉलेज उन्नाव के डॉ. अनिल साहू ने भी कहा कि चित्रकूट में भू-पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। टीम ने विभिन्न पर्यटन स्थलों का सर्वेक्षण किया और निष्कर्ष निकाला कि चित्रकूट क्षेत्र में ग्लोबल जियोपार्क के रूप में विकसित होने की क्षमता है और इसे यूनेस्को की मान्यता मिल सकती है। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र को यूनेस्को के ग्लोबल जियो पार्क की सूची में शामिल कराने के लिए वह उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश की सरकारों को रिपोर्ट सौंपेंगे।

फतेहपुर में वीडियो कॉल पर दिया तीन तलाक

फतेहपुर, अमृत विचार : ससुर की अश्लील हरकतों का विरोध करना उसे तब महंगा पड़ गया जब सौहर ने पिता की तरफदारी करते हुए बीवी को बहरीन मुल्क से वीडियो कॉल कर तलाक-तलाक-तलाक कह दिया। महिला ने ससुर पर आरोप लगाया कि ससुर की बेजा बात न मानने व दहेज को लेकर सौहर ने उससे रिश्ता तोड़ा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिता और बेटे पर दहेज उत्पीड़न, छेड़खानी के साथ अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मलवां थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 2015 में कानपुर नगर में किदवई नगर निवासी सफदर अली के बेटे खालिद अली से हुई है। पति बहरीन में हैं। ससुर दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहा था। बहरीन से बेटे ने पिता के फोन पर वीडियो कॉलिंग कर पत्नी से बात की। कॉल के दौरान पति ने महिला से गाली-गलौज करते हुए तलाक दे दिया।

कन्नौज में कच्छा-बनियान गिरोह के चार डकैतों को साढ़े सात साल की सजा

कन्नौज, अमृत विचार : शहर में दो घरों में परिजनों को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले कच्छा-बनियान गिरोह के चार डकैतों को विशेष न्यायाधीश (एंटी डकैती) ने जेल में बिताई अवधि सात साल सात माह 20 दिन कारावास की सजा सुनाई है। चारों डकैतों पर पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। शासकीय अधिवक्ता बृजेश शुक्ल ने बताया कि जनपद संभल के थाना आसमौली क्षेत्र के ग्राम सदीमपुर निवासी नजर हुसैन उर्फ पंजाबी, अजमल, शाबिद व इस्तखार उर्फ जौनी निवासी बेला जनपद औरैया ने शहर के दो घरों में डकैती की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों घटनाओं का मुकदमा दर्ज कर डकैतों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चारों डकैतों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया था। विशेष न्यायाधीश (एंटी डकैती) इंद्रजीत सिंह ने चारों डकैतों को दोष सिद्ध करते डकैती व घातक चोट पहुंचाने के आरोप में जेल में बिताई गई अवधि सात वर्ष सात माह 20 दिन का कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

गोंडा में भाई समेत 2 छात्राएं स्कूल से लापता

नवाबगंज, गोंडा

अमृत विचार: नवाबगंज थाना क्षेत्र के लोलपुर गांव की रहने वाली दो छात्राएं अपने चचेरे भाई समेत सोमवार को स्कूल से अचानक लापता हो गईं। मंगलवार की सुबह घर से तीनों स्कूल जाने के लिए निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजनों ने तीनों की तलाश की लेकिन उनका पता नहीं चल सका। देर शाम परिजनों ने बस्ती जिले के छावनी थाने पर तीनों के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के लोलपुर गांव के रहने वाले शंभूनाथ कनौजिया के मुताबिक उनका बेटा प्रिंस(16) सोमवार सुबह चचेरी बहनों भूमि (17) पुत्री हरि किशन व प्रीति (16) पुत्री श्रीकिशन के साथ स्कूल गया था। तीनों बस्ती जिले के विक्रमजोत क्षेत्र के कौलपुर स्थित दुर्गा देवी स्मारक शिक्षण संस्थान में पढ़ते हैं। तीनों स्कूल की बस से विद्यालय गए थे लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटे। परिजनों का आरोप है कि बच्चों को स्कूल से ही अगवा कर लिया गया है।

बहराइच में 41 लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार: जिले के महरी गांव में तिलक समारोह में गांव के लोगों ने खाना खाया। मंगलवार शाम से लोगों की तबियत खराब होने लगी। 41 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बौकहा के मजरा रिंकू पुत्र श्याम लाल का विवाह तय हुआ था। सोमवार को जिले के गुदुवापुर से तिलक आया। वर-वधू पक्ष के लोगों ने खाना खाया। रात 8 बजे अचानक लोगों को उल्टी-दस्त शुरू हो गया। इससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक शशि राणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फूड पॉइजनिंग के शिकार लोगों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में राधेश्याम पुत्र श्याम लाल, अभय पुत्र राधेश्याम, शुभम पुत्र प्रेम कुमार, सावित्री पुत्री राम लोटन, सुभाष चंद्र पुत्र राम लोटन, विकास पुत्र प्रेम नारायण, संध्या पुत्र प्रेम नारायण, अर्जुन पुत्र रमेश, सविता पुत्री मायाराम, पूनम पत्नी पिंटू, चमेला देवी पत्नी, श्यामलाल समेत 41 लोग भर्ती हैं। रिंकू की भाभी लज्जावती ने बताया टिक्की से फूड पॉइजनिंग की आशंका है।

भोजन की जांच करते टीम के सदस्य।

बंकी-बाराबंकी को जोड़ने के लिए बनेगा अंडरपास

बाराबंकी, अमृत विचार : उत्तर रेलवे के डीआरएम एके सपरा मंगलवार को यहां पहुंचे। उन्होंने आश्वस्त किया कि अब फुट ओवरब्रिज को और नहीं तोड़ा जाएगा। बंकी-बाराबंकी को जोड़ने के लिए अंडरपास या ओवरब्रिज के निर्माण का रास्ता निकाला जाएगा।

डीआरएम ने कहा कि बाराबंकी जंक्शन का चयन अमृत भारत योजना के तहत हुआ है। इस स्टेशन पर दो ओवरब्रिज बनाए जाएंगे। देवा रोड पर ओवरब्रिज है, अब एक अंडरपास भी बनाया जाएगा। सांसद उपेंद्र रावत ने बताया कि उन्होंने रेलमंत्री को अवगत कराया था। इसके बाद डीआरएम यहां आए। गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा ने डीआरएम से मिलकर बंकी और बाराबंकी के बीच ओवरब्रिज निर्माण के लिए उन्हें ज्ञापन सौंपा।

वर्ग पहेली-342

बाएं से दाएं

4. मेंढक।

5. आरोपित, कथित, जिसपर अभियोग लगा हो।

6. 1. मनोभाव, मन 2. मन में उत्पन्न संकल्प 3. मन में सोचा या विचारा हुआ।, मन से, मन के द्वारा।

7. जीरा।

ऊपर से नीचे

1. 1. बहादुरी, वीरता 2. रणकौशल।

2. 1. पहने हुए आभूषणों के परस्पर टकराने से उत्पन्न होने वाली ध्वनि 2. घुंघरू की आवाज़।

3. 1. पुराना धर्म या परंपरागत धर्म 2. वर्तमान हिंदू धर्म जिसके संबंध में उसके अनुयायियों का विश्वास है कि यह बहुत प्राचीन काल से चला आ रहा है तथा विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा-उपासना, मूर्तिपूजा, पुराण, तंत्र, तीर्थ, श्राद्ध तथा तर्पण आदि इसके प्रमुख अंग हैं, पारंपरिक हिंदू धर्म।

6. 1. पीटना 2. जान लेना, हत्या करना, प्राण लेना 3. प्रहार करना, चोट पहुंचाना 4. पछाड़ना 5. पकड़ना, हराना 6. कूटना, ठोंकना 7. प्रभावहीन कर देना।



वर्ग पहेली - 341 का हल

1 ह	■	2 ख	■	3 अ
र	■	ट	■	यो
4 म	हा	वी	र	गि
ल	■	5 प	6 द	क
■	7 मॉ	नी	ट	र
8 झा	■	र	■	9 जी
10 वा	इ	न	■	11 खा	जा

सुडोकू-59

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1			4		7	
				3				5
2					9			
6	5			7			8	
			1		8			
	1			6			9	2
			7					8
9				4		3		
	8		3			1		

सुडोकू - 58 का हल

6	1	9	2	5	4	7	3	8
7	2	4	3	8	6	1	9	5
3	5	8	1	9	7	6	2	4
1	6	7	5	3	9	4	8	2
2	4	3	6	7	8	9	5	1
8	9	5	4	2	1	3	6	7
4	3	6	8	1	2	5	7	9
9	8	1	7	6	5	2	4	3
5	7	2	9	4	3	8	1	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 12.09 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



त्योहार/व्रत/दिवस- वसंत पंचमी।

दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-शिशिर।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-रेवती 10.43 तक तत्पश्चात उत्तर अश्विनी।

मेष — आज जीवनसाथी से अपने मन की भावनाओं को शेयर कर सकते हैं। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ होगा। कुछ नया सीखने और जानने की जिज्ञासा मन में रहेगी। स्वास्थ्य समस्या का समाधान होगा।

वृष — आज अपना मनोबल ऊंचा रखें। जॉब में उच्चाधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। दूसरों की जवाबदारी लेने से बचें। राजनीतिक मामलों के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। अनावश्यक कार्यों में धन का अपव्यय हो सकता है। तनाव जैसी परिस्थितियाँ निर्मित हो सकती हैं।

मिथुन — आज आप उत्सव कार्यों में व्यस्त हो सकते हैं। आज आपको अपनी प्रतिभा दिखाने के भरपूर अवसर मिलेंगे। नया व्यवसाय शुरू करने के लिये दिन उत्तम है। आपके सहयोगात्मक व्यवहार के कारण लोग आपका काफी सम्मान करेंगे।

कर्क — आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव करना चाह रहे हैं, तो आज का दिन उत्तम है। मित्रों के साथ की अनबन आज दूर होगी। परिवार में शान्ति का माहौल रहेगा। परिवार को लेकर आप कुछ महत्वपूर्ण निर्णय भी आज ले सकते हैं।

सिंह — आज विदेशी कम्पनियों से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। किसी ऑनलाइन सेमीनार आदि में सम्मिलित हो सकते हैं। रिश्तेदारों के साथ आपने संबंध मधुर रहेंगे। कला जगत से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

कन्या — आज जोखिम युक्त निवेश करने से बचें। आपको कुछ अध्यात्मिक अनुभव हो सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपका सम्मान बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। घर में अप्रसन्नता का माहौल रहेगा। बोलचाल के दौरान अपनी वाणी पर संयम रखें।

तुला — आज आप स्वास्थ्य को लेकर काफी सतर्क रहने वाले हैं। आपको किसी शुभ सूचना को लेकर प्रतीक्षा रहेगी। आर्थिक मामलों को लेकर दिन भाग्यशाली रहेगा। जीवनसाथी को प्रसन्न रखने के लिए उन्हें उपहार दे सकते हैं।

वृश्चिक — आज कारोबार की परेशानियों का निदान होगा। परिस्थितियां आपके नियंत्रण में रहने वाली हैं। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। मित्र और शुभचिन्तक आपको प्रेरित कर सकते हैं। म्यूचूअल फण्ड या किसी पुरानी पॉलिसी से आपको धन लाभ हो सकता है।

धनु — आज प्रेम संबंधों के प्रति आप समर्पित रहेंगे। नशे और बुरी आदतों से दूरी बना लें। वरना आपकी छवि खराब हो सकती है। घर के बुजुर्ग लोगों का ध्यान रखें। सर्वाइकल और हड्डियों में दर्द की शिकायत हो सकती है। छोटी-छोटी बातों को ज्यादा महत्व न दें।

मकर — आज कुछ समय एकान्त में अपनी मजबूती और कमजोरियों का मूल्याङ्कन अवश्य करें। अजनबी लोगों से आपको धोखा मिल सकता है। गैस और अपच की समस्या से परेशान हो सकते हैं। इसीलिये, सन्तुलित भोजन और जीवनशैली को अपनाना लाभप्रद होगा।

कुंभ — आज व्यापार में कुछ प्रभावी सुधार करने के लिए दिन अच्छा है। परिजन आपका मनोबल बढ़ाने में मदद करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी के साथ पर्यटन का आनन्द ले सकते हैं। धर्म-कर्म में भी आप अपनी सक्रियता बढ़ा सकते हैं।

मीन — आज का दिन आपके लिए बहुत शुभ नहीं है। घर से दूर रह रहे लोगों को परिजनों की चिन्ता रहेगी। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों का हस्तक्षेप न होने दें। किसी बड़े काम को लेकर फण्ड की समस्या हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- हम साथ साथ है — सुबह : 09.00
- हाफ गर्लफ्रेंड — रात : 09.00

SONY SMAX
- हे बेबी — दोपहर : 12.53
- तू झूठी मैं मक्कार — रात : 07.02

Utsav Gold
- हमशक्ल — सुबह : 09.15
- दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे — शाम : 06.00

ZEE CINEMA
- सोचा न था — सुबह : 09.25
- कहो ना प्यार है — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- दोस्ताना — दोपहर : 12.34
- दिल है तुम्हारा — शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

वैलेंटाइन डे पर मां-पापा के बाहर जाने के बाद लड़की अपने ब्वॉयफ्रेंड को फोनकर बोली...

गर्लफ्रेंड - जानू मेरे घर आ जाओ ना,

लड़का- नहीं टाइम नहीं है,

गर्लफ्रेंड-अरे मेरे मम्मी पापा घर में नहीं हैं,

लड़का-झूठ मत बोल, पिछली बार यही बोल कर शॉपिंग पे ले गयी थी।

परीक्षा शुरू होने से पहले चिंटू अपने दोस्त बंटी को ज्ञान दे रहा था...

अगर परीक्षा में सवाल बहुत कठिन हो तो आंखें बंद करना,

गहरी सांस लेना और जोर से बोलना- ये सब्जेक्ट बहुत मजेदार है,

इसलिए इसे अगले साल फिर पढ़ूंगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सेवितव्यो महावृक्ष : फ़लच्छाया समन्वित : ।
यदि देवाद फलं नास्ति,छाया केन निवार्यते ।।

विशाल वृक्ष की सेवा करनी चाहिए क्योंकि वो फल और छाया दोनो से युक्त होता है। यदि दुर्भाग्य से फल नहीं हैं तो छाया को भला कौन रोक सकता है।

संपादकीय

गहरे हुए बहुआयामी संबंध

पिछले नौ वर्षों में व्यापार और निवेश, रक्षा, सुरक्षा, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा और शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भारत का सहयोग कई गुना बढ़ा है। इसी तरह भारत और कतर के बहुआयामी संबंध सभी क्षेत्रों में गहरे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यूएई और कतर की यात्रा पर रवाना होने से पहले कहा कि हमारा सांस्कृतिक और लोगों से लोगों का जुड़ाव पहले से कहीं अधिक मजबूत है। वर्ष 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की यूएई की सातवीं और कतर की दूसरी यात्रा होगी। वे बुधवार को दुबई में वैश्विक शासन शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं की सभा को संबोधित करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच गहरे एवं बहुमुखी संबंधों को रेखांकित करती है। साथ ही द्विपक्षीय संबंधों के बढ़ते महत्व को दर्शाती है। संयुक्त अरब अमीरात में 3.3 मिलियन से अधिक प्रवासी भारतीय हैं। हर क्षेत्र में भारत और यूएई के बीच आर्थिक साझेदारी फली-फूली है। जहां वर्ष 2022-23 में द्विपक्षीय व्यापार 85 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। यूएई के साथ भारत का संबंध इसके सबसे प्रमुख द्विपक्षीय संबंधों में से एक के रूप में उभरा है। यूएई न केवल एक रणनीतिक साझेदार है, बल्कि खाड़ी क्षेत्र में भारत की संलग्नता में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह दोनों देशों के प्रमुख नेताओं के बीच घनिष्ठ संबंध को भी उजागर करता है। अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक करने और सेवा व्यापार को 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

चूंकि भारत और यूएई अपनी असाधारण रणनीतिक साझेदारी के साथ आगे बढ़ रहे हैं, वे अभिसरण और पारस्परिक सम्मान के एक मॉडल का संकेत देते हैं जिसका भविष्य में और सुदृढ़ होना तय है। फिर भी ईरान और अरब देशों (विशेषकर यूएई) के बीच चल रहे संघर्ष के कारण भारत स्वयं को एक नाजुक राजनयिक स्थिति में पाता है। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद, भारत ने ईरान से तेल आयात करना जारी रखा। यह भारत की ईरान और अरब दुनिया दोनों के साथ अपने संबंधों को सावधानीपूर्वक आगे बढ़ाने की आवश्यकता को उजागर करता है। इजराइल और हमास के बीच छिड़े युद्ध ने भी चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। क्योंकि इससे प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा संकट में पड़ गया है। अमेरिका और रूस जैसे देशों के साथ भारत की टू प्लस टू वार्ता की तरह संयुक्त अरब अमीरात के साथ समान उच्च स्तरीय वार्ता की शुरुआत लाभप्रद सिद्ध होगी।

क्या सुलझ पाएगा असम और मिजोरम का अंतर्राज्यीय सीमा विवाद

दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

मिजोरम के तीन जिले-आइजोल, कोलासिब और ममित-असम के कछार, कर्मगंज और हैलाकांडी जिलों के साथ 164 .6 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं। दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच सीमा विवाद एक लंबे समय से चला आ रहा मुद्दा है, जो मुख्य रूप से दो औपनिवेशिक सीमांकन से उत्पन्न हुआ है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मिजोरम और असम 9 फरवरी को लंबे समय से लंबित अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए संयुक्त प्रयास करने पर सहमत हुए हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वास सरमा ने 9 फरवरी की सुबह अपने मिजोरम समकक्ष लालडुहोमा को भोजन पर आमंत्रित किया, जो इस समय गुवाहाटी में हैं और दोनों नेताओं ने सीमा मुद्दे पर चर्चा की। बैठक के दौरान लालडुहोमा और सरमा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेता तब तक सीमाओं पर शांति बनाए रखने पर भी सहमत हुए जब तक दोनों पड़ोसी राज्य सीमा वार्ता करते रहेंगे। सरमा ने लालडुहोमा से कहा कि असम विधानसभा का चालू बजट सत्र समाप्त होने पर वह सीमा प्रभारी मंत्री को मिजोरम भेजेंगे।

मिजोरम के तीन जिले-आइजोल, कोलासिब और ममित-असम के कछार, कर्मगंज और हैलाकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं। दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच सीमा विवाद एक लंबे समय से चला आ रहा मुद्दा है, जो मुख्य रूप से दो औपनिवेशिक सीमांकन से उत्पन्न हुआ है।

मिजोरम का दावा है कि बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) 1873 के तहत 1875 में अधिसूचित इनर लाइन आरक्षित वन का 509 वर्ग मील क्षेत्र उसके क्षेत्र में आता है। दूसरी ओर असम ने 1933 में भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा तैयार किए गए मानचित्र में दिखाई गई सीमा को अपनी संवैधानिक सीमा माना है। इनर लाइन आरक्षित वन के भीतर के विशाल क्षेत्र अब असम के अंतर्गत आते हैं। इसी तरह 1933 के सीमांकन के अनुसार क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा अब मिजोरम की तरफ है। दोनों राज्यों के बीच सीमाओं का कोई जमीनी सीमांकन नहीं है।

मिजोरम और असम के बीच सीमा विवाद ने जुलाई 2021 में एक बदसूरत मोड़ ले लिया था जब दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच अंतर-राज्यीय सीमा पर गोलीबारी हुई, जिसमें

असम का अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम के साथ प्रमुख सीमा विवाद है। नागाओं ने सबसे पहले वृहद नागालैंड के लिए मानचित्र को फिर से बनाने की मांग की थी, और विवाद की जड़ 1963 में इसके गठन में थी। असम-नागालैंड सीमा पर बड़ी झड़पें 1968, 1979, 1985 और 2014 में हुई। असम-मिजोरम सीमा संघर्ष के बाद, असम ने पूर्वी मोर्चे पर गतिरोध को कम करने के लिए नागालैंड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और अदालत के हस्तक्षेप के बिना सीमा विवादों को हल करने के लिए अरुणाचल प्रदेश के साथ काम कर रहा है।

छह पुलिसकर्मियों और असम के एक नागरिक की मौत हो गई। हालांकि, यह पहली बार नहीं था कि राज्यों के बीच टकराव हुआ। अक्टूबर-नवंबर 2020 में दोनों राज्यों के स्थानीय लोग एक-दूसरे के खिलाफ भिड़ गए थे। असम की ओर से स्थानीय लोगों ने मिज़ोरम की ओर माल ले जाने वाले ट्रकों को रोक दिया। दूसरी ओर मिज़ोरम सुरक्षा बल सीमाओं पर खाइयां खोदते और बंकर बनाते देखे गए। 17 अक्टूबर को स्थिति तब ख़राब हो गई जब 20 दुकानें जला दी गईं और दोनों पक्षों के 50 से अधिक लोग घायल हो गए।

दोनों राज्यों के बीच विवाद ब्रिटिश औपनिवेशिक काल से चला आ रहा है। अगस्त 1875 में अंग्रेजों ने लुशाई पहाड़ियों (अब मिजोरम) और कछार के मैदानों (अब असम का जिला) के बीच एक सीमा खींची थी। मिज़ो लोगों का मानना है कि यह एक मात्र मौका था जब ऐसा उनके प्रमुखों के परामर्श से किया गया था। बाद में 1933 में लुशाई हिल्स और तत्कालीन मणिपुर रियासत के बीच सीमा का सीमांकन किया गया। यह सीमांकन विवाद की असली जड़ बन गया है क्योंकि मिज़ो लोग इसे स्वीकार नहीं करते हैं और 1875 के सीमांकन की ओर इशारा करते हैं, जो बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) अधिनियम, 1873 (जिसे इनर लाइन रेगुलेशन के रूप में भी जाना जाता है) से लिया गया है।

मिजोरम, जिसे 'लुशाई हिल्स' के नाम से भी जाना जाता है, असम का हिस्सा था और 1972 में केंद्र शासित प्रदेश बन गया और बाद में 1987 में पूर्ण राज्य बन गया। यह असम के साथ 164 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। असम के कछार, हैलाकांडी और करीमगंज जिले की सीमा कोलासिब, ममित और मिजोरम के आइजोल जिले से लगती है। दोनों राज्यों ने एक दूसरे पर जमीन पर कब्ज़ा करने का आरोप लगाया है। मिजोरम के गठन के सात साल बाद 1994 में पहली झड़प हुई। केंद्र सरकार की ओर से दोनों राज्यों के बीच कई दौर की बातचीत के बावजूद तनाव बरकरार रहा।

दोनों राज्यों के बीच टकराव ने देश के भीतर राज्य की सीमाओं के निर्धारण में दोष को रेखांकित किया है। झड़प की तीव्रता को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि दोनों राज्यों की राज्य सरकारों ने आधिकारिक तौर पर असम के मुख्यमंत्री सहित प्रत्येक पक्ष के अधिकारियों पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। मामले को और बदतर बनाते हुए, असम सरकार ने लोगों को मिजोरम की यात्रा न करने की सलाह भी जारी की और मिजोरम में रहने वाले अपने लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने को कहा। दूसरी ओर मिजोरम लगातार असम के उपद्रवियों पर राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध करने और रेलवे ट्रैक को हटाने का आरोप लगाता रहा, जिससे राज्य में आर्थिक नाकेबंदी हो रही थी। एनएच-306 को मिजोरम की जीवन रेखा माना जाता है क्योंकि यह राज्य को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है।

बाद में यथास्थिति बनाए रखने के लिए गृह मंत्रालय ने राज्य बलों के बीच आगे की झड़पों से बचने के लिए एक तटस्थ बल यानी सीआरपीएफ को तैनात किया। इसके बाद दोनों राज्यों ने एक संयुक्त बयान जारी किया और चर्चा के माध्यम से चल रहे अंतर-राज्य सीमा तनाव को कम करने की इच्छा जताई। संयुक्त बयान में कहा गया कि-'दोनों राज्य अपने संबंधित वन और पुलिस बलों को गश्त, प्रभुत्व, प्रवर्तन या किसी भी ऐसे क्षेत्र में नई तैनाती के लिए नहीं भेजेंगे जहां हाल ही में दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच टकराव और संघर्ष हुआ हो।'

असम का अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम के साथ प्रमुख सीमा विवाद है। नागाओं ने सबसे पहले वृहद नागालैंड के लिए मानचित्र को फिर से बनाने की मांग की थी, और विवाद की जड़ 1963 में इसके गठन में थी। असम-नागालैंड सीमा पर बड़ी झड़पें 1968, 1979, 1985 और 2014 में हुई। असम-मिजोरम सीमा संघर्ष के बाद, असम ने पूर्वी मोर्चे पर गतिरोध को कम करने के लिए नागालैंड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और अदालत के हस्तक्षेप के बिना सीमा विवादों को हल करने के लिए अरुणाचल प्रदेश के साथ काम कर रहा है। असम की अरुणाचल प्रदेश के साथ 804.1 किमी लंबी सीमा लगती है और दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद है।

इसी तरह स्थानीय लोगों की सहमति के बिना असम राज्य के पुनर्गठन का नतीजा असम-मेघालय सीमा पर भी देखा जा सकता है। मेघालय 1970 में असम से अलग होकर बना और 1972 में पूर्ण राज्य बन गया। हालांकि, मेघालय ने जैंतिया पहाड़ियों के ब्लॉक I और ब्लॉक II को मिकिर पहाड़ियों (असम में) और गारो पहाड़ियों के क्षेत्रों को असम के गोवालपारा जिले में स्थानांतरित करने को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। इस प्रकार इन झड़पों का मुख्य कारण लोगों की पहचान की तलाश के इर्द-गिर्द घूमता है। पूर्वोत्तर के लोगों के मन में अलग-थलग होने का डर बहुत गहरा बैठ गया है। वे ढांचागत विकास परियोजनाओं की लालसा से अधिक अपनी पहचान, संस्कृति और पैतृक भूमि की रक्षा के लिए अपनी ऊर्जा लगाते हैं।

प्रसंगवश

यहां हर रंग वासंती निराला ही निराला है

वसंत मधुमास है। इस समय नव कुसुमों-पल्लवों से अनुपम शृंगार धारण किए प्रकृति की हर लय में मौजूद संगीत को सहज ही अनुभव किया जा सकता है।

वसंत ऋतुराज है। प्रकृति के सौंदर्य का चरमोत्कर्ष। जिस ओर दृष्टि जाती है उस ओर धरा का आंचल अनूठे रंगों से हरा-भरा दिखाई देता है। मान्यता है कि वसंत पंचमी के दिन पृथ्वी की अग्नि सृजन की ओर दिशा करती है जिसके कारण शरद ऋतु में शिथिल पड़ चुके पेड़-पौधे, जीव-जंतु अपनी आंतरिक अग्नि को प्रज्ज्वलित कर नवीन सृजन की ओर उन्मुख हो जाते हैं। सृजन का यह स्वर समूची सृष्टि में व्याप्त हो वसंत का उद्घोष करता है। यह उद्घोष समस्त प्राणियों में उल्लास का संचार करता है।

वसंत आध्यात्मिक भावों के सहज आगमन का समय है। मां वीणा वादिनी की आराधना का महोत्सव। मां सरस्वती, जो हमें अज्ञान के अंधेरों से ज्ञान के आलोक में ले जाती हैं, जो असत्य में सत्य का बोध कराती हैं, जो मृत्यु से अमरत्व का मार्ग सुझाती हैं। जो हमारी चेतना को सजीवता प्रदान करती हैं। मांगलिक कार्यों में शुभफल दायी वसंत पंचमी मां वाग्देवी का आशीर्वाद और वरदान है।

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

वसंत मधुमास है। इस समय नव कुसुमों-पल्लवों से अनुपम शृंगार धारण किए प्रकृति की हर लय में मौजूद संगीत को सहज ही अनुभव किया जा सकता है। वसंत प्रकृति में नव गति, नव लय और ताल का अनुपम संगीत है। प्रकृति और परिवेश में नवोन्मेष का समय। प्रकृति की हर लय में वसंत अनुपम सौंदर्य और मोद बनकर उतरता है। हताश- निराश मन-प्राणों में आशा और प्रेम की पुलक भर देता है। वसंत वसुधा का सौंदर्य है। उल्लास का महापर्व है। चहूं दिश पसरी हरीतिमा और खेतों में लहराती पीली सरसों बरबस ही मन को आकर्षित करती है। शुभता का प्रतीक पीला रंग मन में असीम आनंद की अनुभूति जगाता है। वसंत मन की मौज का मौसम है। जीवन में सकारात्मकता का सशक्त संदेश है।

वसंत कामदेव का मित्र है और प्रेम का पर्व। कामदेव पुष्पों का धनुष धारण करते हैं और 'अनंग' के रूप में प्राणियों में बसते हैं। सुकुमार अनंग को 'मार' भी कहा जाता है क्योंकि इनके बाणों से बचने का कोई रास्ता नहीं है। वसंत अपने मित्र कामदेव को नव कुसुमों से सज्जित धनुष बाण उपलब्ध कराता है जिसकी मार से कोई भी बच नहीं पाता और प्रेममय हो जाता है।

गुनगुनाती धूप, सरस परस करती मोदमयी वायु, नव कुसुमों-पल्लवों का संस्पर्श, वृक्षों पर झूलते-फूलते पलाश, बौर की सुगंध, कोयल की मनमोहिनी कूक, तनभावन तापमान ये सब वासंती उपकरण हैं जो वसंत को महज मौसम नहीं बल्कि प्रेम का महापर्व बना देते हैं।

वसंत और साहित्य का गहरा नाता है। साहित्याकाश के जाज्वल्यमान नक्षत्र महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला 'वसंत के अग्रदूत' कहे जाते हैं। यह अद्भुत संयोग ही है कि हिंदी की डाल के इस निराले पुष्प के अवतरण हेतु प्रकृति ने वसंत को चुना। वसंत सर्द मौसम के थपेड़ों के बाद आता है। यह भी संयोग ही है कि निराला जी का जीवन तमाम संघर्षों से घिरा रहा लेकिन वासंती उल्लास इन तमाम जीवन संघर्षों पर भारी रहा। उनका जीवन अभावों से घिरा रहा लेकिन मन-प्राण में वसंत चहकता महकता रहा। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की यही विशेषता उन्हें 'महाप्राण' बनाए रही। वसंत पंचमी के साथ महाकवि निराला की याद वैसे ही जुड़ी हुई है, जैसे वे दोनों दो शरीर एक आत्मा हों। निराला ने 'हिंदी के सुमनों' को संबोधित करते हुए जो कविता लिखी है, उसमें अपने को 'वसंत दूत' ही कहा है। उन्होंने हिंदी में वसंत पर सर्वश्रेष्ठ रचनाओं द्वारा इस कथन को सिद्ध भी किया। निराला जी कहना था कि 'मैं बाहर से खाली कर दिया गया हूं लेकिन भीतर से भर दिया गया हूं'। निस्संदेह यह निराला जी के जीवन का जटिल यथार्थ था जिसे वसंत जीवंत बनाए रहा। तब ही तो वे आवाहन करते रहे-मेरे बसन्त की परी-छवि-विभावरी;सिहरो, स्वर से भर भर, अम्बर की सुन्दरी-छबि-विभावरी' वसंत निराला है और निराला वसंत।

फिर कुत्ते कहां जाएं

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

ऐसे में कुत्ता देखा कर भागने वाले कुत्तों का शिकार बन जाते हैं। अगर कुत्ते को लगता है कि आप बलवान हैं, तो वो शायद आप पर हमला न करें।

देश के हर ऐसे इलाके में जहां आबादी का विस्तार हो रहा है लेकिन जमीन काम पड़ रही है वहां कुतों को खाना खिलाने वाले और कुत्तों से डरने वालों में टकराव साल-दर साल बढ़ रहा है। सवाल यह है कि आखिर कुत्ते जाएं कहां? युगीन से तो वे इंसान के साथ, बस्ती में ही रहते रहे हैं। यदि पौराणिक ग्रंथों और अतीत में झांकें तो जानकारी मिलती है कि इंसान और कुत्ते का साथ कोई बारह हज़ार साल से है। मनुष्य ने अपने धरती पर पैदा होने के बाद सबसे पहले कुत्ता पालना शुरू किया था। हमें पाषाण काल (नव पाषाण काल लगभग 4000 ईसा पूर्व से 2500 ईसा पूर्व) के मानव कंकाल के साथ कुत्ता दफनाने के साक्ष्य बुर्जहोम (जम्मू कश्मीर) से प्राप्त हुआ है। आदि काल में कुत्ता इंसान को शिकार करने में मदद करता था, फिर वह घर व फसल की सुरक्षा भी करता था, सबसे बड़ी बात कम भोजन में भी वफादार बने रहने के उसके गुण ने आज कुत्ते को इंसान द्वारा पाले जाने वाले सबसे विश्वस्त और सर्वाधिक संख्या का जानवर बना दिया।

ऐसा भी नहीं है कि शहरों में कुछ कुत्ते हिंसक नहीं हो रहे हैं, लेकिन विचार करना ही होगा कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है शहर में जमीन का संकट तो है ही फिर बहुमंजिला इमामर्तों ने कुत्तों से वह देहरी छीन ली जिस अपर बैठ कर वह बगैर पालतू बने ही चौकीदारी किया करता था। कथित सोसायटी में बगीचा, घूमने के स्थान, आदि को संकुचित किया जा रहा है और यदि वह बचे इंसान में कोई कुत्ता आ जाता है तो इंसान को लगता है कि यह उसकी जगह पर कब्जा कर रहा है। बकौल विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) दुनिया में 36 प्रतिशत कुत्ते के काटने से होने वाले रैबीज़ से मौत के मामले भारत में होते हैं। जो कि 18,000 से 20,000 है। रेबीज़ से मौतों में से 30 से 60 प्रतिशत मामलों में पीड़ित की उम्र 15 साल से कम होती है। हालांकि कुत्ता इंसान पर निर्भर रहने वाला जानवर है लेकिन समझना होगा कि कुत्तों में पीछा करने की आदत होती है। ऐसे में कुत्ता देखा कर भागने वाले कुत्तों का शिकार बन जाते हैं। अगर कुत्ते को लगता है कि आप बलवान हैं, तो वो शायद आप पर हमला न करें।

शहरीकरण के चलते शोर, ट्रेफिक, प्रदूषण, बेतरतीब पड़े कचरे से मांसाहारी खाना और फिर उसका चस्का लग जाना, वाहन और परिसरों में रोशनी की चकाचौंध भी ऐसे कारण हैं जो कुत्ते को हिंसक बना रहे हैं।

सोशल मीडिया पर यदा कदा ऐसे वीडियो दिख जाते हैं जिनमें कुत्ते किसी बच्चे या बुजुर्ग पर हमला करते दिख जाते हैं। इसके बाद बहुत से लोग आशंका में ही आवारा कुत्तों पर चिल्लाते हैं, उन्हें लात मारते हैं, उन पर पत्थर फेंकते हैं, उन पर गर्म पानी या तेजाब फेंकते हैं, उन्हें जहर देते हैं या उन्हें अन्य तरीकों से दुर्व्यवहार करते हैं, तो कुत्ते खुद को या अपने पिल्लों की रक्षा करने की आवश्यकता महसूस करते हैं। समझना होगा कि शहर में बंदर या कस्बों में आवारा सांड अधिक नुकसान और इंसान की मौत का कारक बन रहे हैं, इसके बावजूद उनके प्रति इतना रोष या नफरत दिखती नहीं।

आवारा कुत्तों की संख्या न बढ़े, उन्हें एंटीरेबीज, एंटी डिस्टेम्पर टीके सही समय पर ल-इसके लिए स्थानीय निकाय लापरवाह हैं, वहीं समाज में बहुत से लोगों के लिए ऊंची नस्ल का कुत्ता स्टेट्स सिम्बल है लेकिन वे उससे एक फीसदी कम खर्चे में पलने वाले देशी कुत्तों को पालने को राजी नहीं हैं। विदित हो केंद्र सरकार ने देशी नस्ल के कुत्तों को सुरक्षा बलों में स्थान दे कर संदेश भी दिया है कि हमारे कुत्ते किसी से कम नहीं हैं।

इंसान की कुत्तों के प्रति बढ़ रही नफरत के मद्देनज़र उत्तराखंड हाई कोर्ट का जुलाई-2018 में दिया गया वह आदेश महत्वपूर्ण है जिसमें लिखा था-'जानवरों को भी इंसान की ही तरह जीने का हक है। वे भी सुरक्षा, स्वास्थ्य और क्रूरता के विरूद्ध इंसान जैसे ही अधिकार रखते हैं।' वैसे जब तक समाज के सभी वर्गों तक यह संदेश नहीं जाता कि प्रकृति ने धरती पर इंसान, वनस्पति और जीव जंतुओं को जीने का समान अधिकार दिया, तब तक उनके संरक्षण को इंसान अपना कर्तव्य नहीं मानेगा। यह सही है कि जीव-जंतु या वनस्पति अपने साथ हुए अन्याय का ना तो प्रतिरोध कर सकते हैं और ना ही अपना दर्द कह पाते है। कुत्ता भी इंसान और प्रकृति के बीच के चक्र का अनिवार्य अंग है। उसे नए तरह के शहर और इन्संके अनुरूप ढलने में समय लगेगा लेकिन तब तक इंसान को ही उसके प्रति संवेदनशीलता दिखानी होगी।

सोशल फोरम

मंझलों के दुख

जब पहलौटे (पहला बच्चा) दुनिया में आते हैं, तो शहनाइयां बजती हैं। मिठाई बांटी जाती है। उनकी हर किलकार हर अदा पर मां-बाप बलिहारी जाते हैं। उन्होंने पहला शब्द क्या बोला, पहली बार वे कौन सी तारीख को पैंया पैयां चले। दसियों श्रृंगार, सैकड़ो फोटो, हजारों चुंबन! वे राजकुमार होते हैं, जिन पर प्यार दुलार ही नहीं सारे साधन भी लुटाए जाते हैं। फिर एक दिन दूसरा बच्चा आता है। मंझला! अब तक सब कुछ एक बार हो चुका है। अब सब बासी है। महफिल में आ ही गए हो तो बैठ जाओ। मंझलों की जंग शुरू होती है। प्यार के लिए, ध्यान के लिए, साधनों के लिए। उनका मुकाबला उस बड़े भाई से है जो आकार में, दिमाग में, हुनर में बहुत बड़ा है। वे उससे जीत नहीं सकते। वे क्या करें? वे कैसे बताएं कि इस ज़मीं और आसमां के दरम्यां हम भी हैं।

संजय वर्मा
इंदौर

फिर वे तिकड़मी हो जाते हैं। या एक अलग दुनिया बसाते हैं। मोहल्ले में अपने जैसे बच्चों के साथ एक समानांतर परिवार बसा लेते हैं। जो प्यार और सम्मान घर पर नहीं मिला, वे इस नई दुनिया में ढूंढ लेते हैं। पर यह ब्लेसिंग इन डिसगाइज़ है.., आपदा में अवसर है। वे जीना, प्यार करना और देना सीखते है। उनके पास बड़कों के मुकाबले बेहतर और ज्यादा दोस्त होते हैं। पहलौटे बेशक तेज दिमाग, ज्यादा महत्वाकांक्षी, नियम अनुशासन वाले और बेहतर नेतृत्व करने वाले होते हैं। इसलिए अमेरिका के 44 राष्ट्रपतियों में से 28 पहलौटे थे। अंतरिक्ष में जाने वाले पहले 23 यात्रियों में से 21 पहलौटे थे। मंझले अंतरिक्ष नहीं गए। उन्होंने यहीं अपनी दुनिया बसाई। अपनी तिकड़मों, जुगाड़ों से अच्छे व्यापारी बने। जुगाड़ के लिए अगर कोई नोबल पुरस्कार होता तो वह किसी मंझले को ही मिलता। मगर दुनियावी सफलताओं के बावजूद मंझलों के मन में टीस उठती है। क्यों ऐसा हुआ कि बड़कों को सम्मान और छुटकों को सारा लाड़ मिला? उनके दर्द की कहानी अब कोई क्या ही लिखेगा? वैसे भी वे पृथ्वी पर कुछ आखिरी लोग बचे है। हम दो हमारे दो के बाद हम एक और हमारा एक राजकुमार की दुनिया में मंझले एक विलुप्त प्राय प्रजाति के सदस्य हैं। इसीलिए अब क्या ही फर्क पड़ता है।

-फेसबुक वॉल से

कोई तो है

डा. श्रीधर द्विवेदी
नई दिल्ली

किसने बनाया यह अद्भुत मानव शरीर। दी ऐसी सुगठित काया। बेजोड़ नर तन जिसमें अहर्निश कार्य करने वाला, कभी न थकने वाला हृदय -संचरण तंत्र है, सोचने-बूझने वाला सुपर संगणक मस्तिष्क है, आपाद मस्तक नाड़ी समूह सुषुम्ना है, निरंतर सांस लेने लिए के लिए अप्रतिम श्वसन तंत्र और खान-पान पाचन के लिए अतुलनीय पाचन तंत्र तथा उत्सर्जन के लिए अद्भुत उत्सर्जन अंग-प्रत्यंग वृक्क तंत्र हैं सब कुछ ऐसा व्यवस्थित और सुनियोजित कि उसका कोई तोड़ नहीं। प्रजनन शक्ति प्रदान करता है। त्वचा जैसी सुविस्तृत, सांगोपांग सुरक्षा देता है। ऐसी अद्भुत नैसर्गिक मानव मशीन किसकी संरचना है? देखने को आंखें, सुनने को कान, सूंघने को नाक, और स्वाद के लिए जिह्वा जो वाणी का भी काम करें। महाकवि सूरदास और स्वामी रामभद्राचार्य जैसे ज्ञानी पुरुषों को जिन्हें बहिर्चक्षु नहीं थे उन्हें अन्तर्चक्षु किसने प्रदान किए? गूंगे को वाचाल किसने बनाया? दिव्यांग अरुणिमा सिन्हा एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने की अदम्य शक्ति कौन देता है। निषाद पुत्र महर्षि वेदव्यास को महाभारत जैसा महाकाव्य लिखने की प्रेरणा किसने दी? कौन मछुआरे की संतान एपीजे कलाम को महान वैज्ञानिक और मिसाइल पुरुष बना देता है। आज से पांच-छह सौ वर्ष पूर्व निर्धन गिरमिटिया मजदूरों को स्वदेश से सुदूर फ़िजी, मारीशस, सूरीनाम, दक्षिणी अफ्रीका आदि स्थानों में अत्यंत विकट परिस्थितियों में गीता और रामायण के सहारे जीवन यापन किया। अपनी जड़ें जमाईं। किस लीला -शक्ति के सहारे उनकी आज की पीढ़ियां बिमान प्रसाद, उप प्रधानमंत्री फ़िजी, प्रवीन जगन्नाथ, प्रधानमंत्री, मारीशस तथा चंद्रिका प्रसाद संतोखी, राष्ट्रपति सूरीनाम के रूप में प्रतिष्ठित-सुशोभित हैं। आखिर किस अदृश्य शक्ति के बल पर?

प्रश्न यह है कि किसने निर्माण किया ऐसे अद्वतीय प्राणि जगत की। किसने रचना की इस अखिल ब्रह्मांड की। अनंत उर्जा का स्रोत सूर्य, सुधाकर, पुथ्वीपुत्र मंगल, सौंदर्य का प्रतीक बुध, गुरू बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु और केतु का रचयिता आखिर कौन सी वह शक्ति है? कौन है वह अदृश्य सृष्टि का निर्माता? दिखता तो नहीं पर उसका प्रभाव सर्वत्र विद्यमान है। असंख्य प्राणी, अनगिनत योनियां, इतनी सारी वनस्पतियां, आकाश गंगा, अंतरिक्ष पिंड, अगाध तारे, पर्वत श्रेणियां, जल प्रपात और महासागर इन सबका नियंता वह कौन सत्ता है? सबके सब अतिविशिष्ट और अनूठे। कौन सी वह अलौकिक शक्ति है? आस्तिक उसे ईश्वर कहता है। नास्तिक उसे प्रकृति का नाम देता है। कोई उस निर्माता को साकार स्वरूप मानता है और विविध नाम देता है तो कुछ दूसरे उसे निराकार, अव्यक्त, अलिखित, अकल्पनीय और निरपेक्ष विराट शक्ति। आखिर कौन है वह महिमामयी शक्तिपुंज जिसने यह सब निर्मित किया? कोई तो है। संभवतः उस असीम शक्ति का साक्षात दर्शन करने वाले और छहत्तर वर्ष की अवस्था में रामायण जैसे महाकाव्य की रचना करने वाले महाकवि तुलसी ने मेरी इस जिज्ञासा का समाधान इन शब्दों में व्यक्त कर दिया जब वह लिखते हैं- 'सब कर परम प्रकासक जोई, राम अनादि अवधपति सोई'। पद बिनु चलहिं सुनहिं बिनु काना। कर बिनु करम करही विधि नाना।।' आनन रहित सकल रस भोगी। बानी बिनु बकता बड़ जोगी।।' 'तन बिनु परस नयन बिनु देखा। ग्रहहि घ्राण बिनु बास बिसेखा 'अस सब भांति अलौकिक करनी। महिमा अमित जाहि नहीं बरनी।।' इन कालजयी, शास्वत पंक्तियों को पढ़ने के पश्चात् अब किसी संदेह की संभावना ही कहां रह गई थी कि 'कोई तो है'?

अर्थ संचय और धर्म की मर्यादा

'बजाओ ढोल स्वागत' वाला रामधुन अभी परवान चढ़ ही रहा है कि कुरूक्षेत्र वाले हुंकार और शंखनाद की आवाजें आने लगी हैं। भगवान राम, हम सभी के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप मे पूजनीय हैं। मर्यादा की रक्षा एवं लोकहित के लिए उन्होने न केवल राज्यसुख व वैभव का परित्याग किया, बल्कि अपनी अभिन्न प्रियतमा सीता का भी वियोग सहा। महाभारत मे लोकलाज व मर्यादा का कोई स्थान नही था। येन केन प्रकारेण स्वार्थ एवं राज्य लिप्सा की सिद्धि।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

साध्य ही सर्वोपरि रहा, एक से एक घटिया साधन अपनाए गए। परिणाम क्या रहा? गौरवशाली कुरूवंश, जिसमें कौरव और पांडव दोनों आते हैं, का लगभग समूल विनाश। एक एक करके सभी मर्यादाएं तार तार। पांचाली की बदजुबानी 'अंधे का पुत्र अंधा होता है' ने चीरहरण व महाभारत की नींव रखी। दुःशासन के रक्त से बेणी का श्रृंगार हुआ। नर व नारायण दोनों के लाडले अभिमन्यु के प्राणों की रक्षा न हो सकी। भगवान श्रीकृष्ण की, स्वयं की ही नारायणी सेना युद्धक्षेत्र में गुमनामी के अंधेरे मे खो गई। सभी पांडव पुत्र निद्रावस्था मे प्रतिशोध की हिंसा के शिकार हुए और मणिविहीन अश्वत्थामा लांछित होकर सदा के लिए दर दर भटकने को विवश हुआ। स्वर्गारोहण के समय सभी पांडव एक एक करके काल के ग्रास बने और धर्मराज युधिष्ठिर जब अकेले जीवित स्वर्ग पहुंचे तो सबसे पहले क्षण भर के लिए ही सही, नरक ही भोगना पड़ा। द्वापर का पलायन हुआ और कलिकाल का आधिपत्य। भगवान राम का जीवन हमें सीख लेने व उनका अनुकरण करने को प्रेरित करता है, महाभारत परोक्ष रूप से यह बताता है कि सर्वनाश से बचने के लिए हमें किन दोषों से दूर रहना चाहिए। काम और अर्थ का संचय धर्म की मर्यादा के अनुसार ही स्थायी और आनंददायी होता है।

एक नजर

छात्रा पर हमला करने का आरोपी साथी समेत गिरफ्तार

काशीपुर। कोचिंग के लिए जा रही छात्रा पर धारदार हथियार से हमला करने वाले आरोपी सहित दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक तमंचा और पाटल बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले का खुलासा करते हुए सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि सोमवार शाम खालसा निवासी एक युवती अपनी बहन व उसकी सहेली के साथ कोचिंग के लिए जा रही थी। तभी मोहल्ले के ही युवक फरदीन ने युवती पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे युवती के सिर व हाथ में गंभीर चोटें आईं। शोर होने पर आसपास के लोगों के एकत्र होने पर युवक वहां से भाग गया। जिसके खिलाफ युवती के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था और आरोपी की तलाश में पांच टीम लगाई गई थी।

पूर्व राज्यपाल कोश्यारी ने की भैरव मंदिर में पूजा अर्चना

बागेश्वर। बागेश्वर व पिथौरागढ़ जिले की सीमा पर स्थापित भैरव देवता मंदिर में माघी खिचड़ी व पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने ग्रामीणों से आत्मनिर्भर बनने के लिए आगे आने की अपील की। पूर्व राज्यपाल ने भैरव देवता के मंदिर में पूजा अर्चना की। कोश्यारी ने कहा कि देवभूमि में देवता सभी को आशीर्वाद देते हैं व बिना उनके आशीर्वाद के कुछ भी संभव नहीं है। कहा कि निरंतर जनसंख्या बढ़ने के कारण सरकारी रोजगार में कमी होने से सभी को आत्मनिर्भर बनना होगा।

मौसम का बदला मिजाज, आसमान में छाए बादल

बागेश्वर। एक सप्ताह की चटख धूप के बाद जिले का मौसम का मिजाज एकाएक बदल गया है। मंगलवार की सुबह से आसमान काले बादलों से घिरा रहा। जिले में एक बार फिर बर्फबारी व बारिश की संभावना बनी हुई है। हालांकि, किसानों का कहना है कि यदि बारिश व बर्फबारी हुई तो इससे रबी की फसल को फायदा होगा।

मलिक की तलाश तेज बिहार तक खोजबीन

हरियाणा से चुनाव लड़ चुका है, इसलिए वहां पैनी नजर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ **लगातार बंद चल रहा है मास्टर माइंड का मोबाइल**

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे का मास्टर माइंड बताया जा रहा अब्दुल मलिक अभी तक पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका है। पिछले चार दिनों से पुलिस उसे राज्य से लेकर दिल्ली और हरियाणा तक तलाश रही है। मलिक को लेकर पुलिस खास नजर हरियाणा पर है। उसकी वजह यह है कि मलिक हरियाणा के फरीदाबाद से लोस चुनाव लड़ चुका है और उसके वहां के कई राजनेताओं से गहरे ताल्लुकात भी हैं। इस बीच पुलिस ने मलिक की तालाशी का दायरा बढ़ा दिया है और बिहार में भी उसे ढूढ़ रही है।

पुलिस की परेशानी यह है कि मलिक मोबाइल पर भी किसी के संपर्क में नहीं है। इस कारण उसकी लोकेशन पकड़ में नहीं आ पा रही है। उसकी आखिरी लोकेशन दिल्ली में ही ट्रेस की गई थी। बताया जा रहा है कि उसने वहां एक वकील से इस प्रॉपर्टी को लेकर केस दायर करने के लिए संपर्क किया था। पुलिस ने दंगे से जुड़े 19 नामजद और 6 हजार अज्ञात दंगाइयों के खिलाफ 6 टीमें बनाईं हैं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने इनमें से एक टीम को मलिक की तलाश में ही लगाया हुआ है। पुलिस सूत्रों का कहना कि हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी यूपी के साथ बिहार में भी उसकी तलाश की जा रही है। दिल्ली के मुस्लिम बहुल इलाकों ही नहीं, बल्कि बिहार के किशनगंज, भागलपुर, सीवान, गोपालगंज आदि जिलों में उसके संपर्क तलाशे जा रहे हैं।

> हमारी टीम अब्दुल मलिक की तलाश कर रही है। सीडीआर के जरिये भी यह देखा जा रहा है कि वह किन-किन लोगों के संपर्क में था। इसे मामले से जुड़े किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। – **प्रह्लाद नारायण मीणा**, एसएसपी नैनीताल

रामनगर में बचेंगे केवल सात स्कूल

रामनगर। नई शिक्षा नीति के तहत अब हर 15 किलोमीटर के दायरे पर एक ही सरकारी स्कूल होगा। इस लिहाज से शासन ने रामनगर के 27 राजकीय इंटर कॉलेज में से सात विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालयों के लिए चयनित किया गया है। यानी बाकी राजकीय हाईस्कूल व इंटर कॉलेज इन सात स्कूलों में विलय होंगे। नई शिक्षा नीति के तहत रामनगर में जो विद्यालय उत्कृष्ट विद्यालय घोषित किए गए हैं उनमें राजकीय इंटर कॉलेज रामनगर, बालिका इंटर कॉलेज रामनगर, जीआईसी करनपुर, राइंका ढिकुली व पाटकोट, मालधन चौड़, देवीपुरा शामिल हैं। बताते चलें कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जहां नई शिक्षा नीति लागू की गई है। अब उत्तराखंड सरकार नए नियमों के तहत पाठ्यक्रम में बदलाव करने में लगी है। सूत्र बताते है कि नई शिक्षा नीति के तहत रामनगर में वर्तमान में चल रहे 27 हाईस्कूल और इंटर मीडियट कॉलेजों में से कुल सात ही स्कूल बचेंगे।

करोड़ों की ठगी करने वाला महाराष्ट्र से गिरफ्तार

उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में दर्ज हैं 159 मुकदमे

▸▸ **म्युचुअल फंड में निवेश का झांसा देकर करते थे ऑनलाइन ठगी**

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने एक बड़े हवाला ऑपरेटर को महाबलेश्वर (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया है। देश के कई राज्यों की पुलिस को इस आरोपी की तलाश थी। गिरफ्तार आरोपी के गिरोह पर देशभर में 159 मुकदमे दर्ज हैं। यह इस मामलें की तीसरी गिरफ्तारी है। इसके पहले इस मामलें में एसटीएफ ने केरल और कर्नाटक से दो लोगों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों के नाम एक और राष्ट्रीय घोटाले में शामिल है जिसमें लगभग 21 करोड़ की संदिग्ध राशि का लेन-देन हुआ।

कैसे पकड़े गए अपराधी : एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज करा कर बताया था कि एक अज्ञात व्यक्ति ने अपना नाम लिसा बताते हुए उसे एक वेबसाइट पर म्युचुअल फंड में धनराशि लगाकर लाभ कमाने का लालच दिया। इसके बाद उसनें पीड़ित से 1 करोड रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। काफी छानबीन के बाद साइबर टीम नें कई सबूत इकठ्ठे किए। इनके आधार पर आरोपी यूसुफ मिर्जा खान (46) पुत्र मिर्जा बुल्ला खान निवासी मुंबई को महाराष्ट्र के महाबलेश्वर से गिरफ्तार किया। इस मामले में पहले भी एसटीएफ टीम मोहम्मद शरीफ और वी. उन्नीकृष्णन् को गिरफ्तार कर चुकी है।

अपने जाल में इस तरह फंसाते थे अपराधी

गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि उन्होंने पहले पीड़ित को मलेशिया से व्हाट्सएप पर एक मैसेज कर अच्छा रिटर्न प्राप्त करने के लिए एक वेबसाइट पर म्युचुअल फंड में निवेश करने की सलाह दी थी। पीड़ित ने शुरू में पेटीएम के माध्यम से 10,000/- रुपये का निवेश किया। उसके बाद उन्होंने पीड़ित को और लालच देने के लिए भारतीय बैंकों का इस्तेमाल किया और धीरे-धीरे पीड़ित से लगभग 1 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। पूरी प्रक्रिया में जालसाजों ने फर्जी सिम और फर्जी आईडी कार्ड का इस्तेमाल किया। इन अपराधियों पर देश के सभी राज्यों में एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 159 मुकदमे एवं 3272 आपराधिक लिंकेज दर्ज हैं।

कहां कितने मुकदमे

उत्तर प्रदेश-19, उत्तराखंड- 02, महाराष्ट्र-02, तेलंगाना-62, दिल्ली-15, बिहार-07, तमिलनाडु-14, हरियाणा-08, कर्नाटक-15, गुजरात-06, आंध्र प्रदेश-03, छत्तीसगढ़-04, चंडीगढ़-02, उत्तराखंड-54 अन्य मामले

बनभूलपुरा दंगे में हुई छठी मौत, एसटीएच में था भर्ती

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ **8 फरवरी की रात घर के पास मारी थी दंगाइयों ने गोली**

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे में छठी मौत हो गई। बेटे के सामने ही दंगाइयों ने उसके पिता के सिर में गोली मार दी। वह पिछले चार दिन से सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती था। मंगलवार को उसकी मौत हो गई।

गफूर बस्ती वार्ड 24 किदवईनगर बनभूलपुरा निवासी मो. इसरार (53) पुत्र इकबाल अहमद छोटा हाथी चालक था। वह यहां पत्नी नसीमा, बच्चे गुलसफा, हिना, सुहैल, अमन, अलीशा और इल्मा के साथ रहते थे। छोटे बेटे अमन ने बताया कि जब इलाके में दंगा भड़का तो उन्होंने पिता को फोन कर घर आने के लिए कहा। जिस पर अमन घर से उन्हें लेने निकल पड़ा। घर से कुछ ही दूर उसे पिता आते दिखाई दिए। वह पिता के नजदीक ही पहुंचा था कि एक गोली चली और इसरार के सिर में लग गई। लहूलुहान इसरार वहीं गिर गया। गोली सिर के पीछे लगी थी। आनन-फानन में उन्हें पहले बेस और फिर एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उन्हें एसटीएच रेफर कर दिया गया। मंगलवार को उनकी मौत हो गई।

कुमाऊं को 2,217 करोड़ रुपयों की सड़कों की सौगात

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने 7 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया शिलान्यास, कहा- विश्व स्तरीय होंगी राज्य की सड़कें

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कुमाऊं मंडल को 2,217 करोड़ रुपये की सड़कों की सौगात दी। उन्होंने मंगलवार को यहां इन योजनाओं का शिलान्यास किया और इस अवसर पर गांधी मैदान में आयोजित जनसभा में कहा कि राज्य में सड़क निर्माण के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय सड़क निधि से उत्तराखंड को 300 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि दी जाएगी।

टनकपुर में दीप प्रज्ज्वलित कर विभिन्न सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास करते केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

उन्होंने दावा किया कि उत्तराखंड की सड़कें 2024 समाप्ति तक विश्व स्तरीय सड़कों में गिनी जाएंगी। वन भूमि में निर्माण की स्वीकृति के कारण रुकी पड़ी सड़कों के लिए स्वीकृति प्राप्त होते ही 10 हजार करोड़ की धनराशि स्वीकृत कराई जाएगी। गडकरी ने कहा कि इस वर्ष धनराशि को बढ़ाकर 2 लाख करोड़ किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट भी मौजूद रहे।

इन कार्यों का किया शिलान्यास

- काठगोदाम से नैनीताल मार्ग का 2 लेन पेव्ड शोल्डर सहित चौड़ीकरण का कार्य, लंबाई 33 किलोमीटर, लागत 710 करोड़। कंगारछीना से अल्मोड़ा मार्ग का 2 लेन चौड़ीकरण का कार्य, लंबाई 35 किलोमीटर लागत 451 करोड़। कांडा से बागेश्वर मार्ग का 2 लेन चौड़ीकरण कार्य, लंबाई 20 किलोमीटर, लागत 203 करोड़।
- काशीपुर से रामनगर मार्ग का 4 लेन चौड़ीकरण कार्य, 9, लंबाई 18 किलोमीटर, लागत 495 करोड़।
- उडयारी बैंड से कांडा मार्ग 2 लेन का चौड़ीकरण का कार्य, लंबाई 30 किलोमीटर, लागत 349 करोड़।
- बागेश्वर से सरयू नदी एवं गोमती नदी पर दो पुलों का सुदृणीकरण का कार्य, लागत 5 करोड़।
- राष्ट्रीय राजमार्ग- 109 पर क्षतिग्रस्त दीवारों का निर्माण कार्य, लागत 4 करोड़।

थाना फूंकने वाले तीन और दंगाई असलहों समेत गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ताबड़तोड़ दबिशों के बीच पुलिस ने बनभूलपुरा थाना फूंकने वाले तीन और दंगाइयों समेत कुल 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। दंगाइयों के पास से पुलिस को अवैध असलहे और कारतूस बरामद किए गए हैं। इस मामले में पुलिस अब तक 37 लोगों को जेल भेज चुकी है। इसके साथ जिनके लाइसेंस निरस्त किए गए थे, उनमें से 41 लाइसेंसी असलहे पुलिस जमा कर चुकी है।

कोतवाली सभागार में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि 8 फरवरी को बनभूलपुरा में अतिक्रमण हटाने के दौरान दंगाइयों ने पुलिस, प्रशासन, नगर निगम और मीडिया कर्मियों पर पथराव, आगजनी व गोलीबारी की थी। इस मामले में तीन मुकदमे दर्ज किए गए थे। पुलिस टीमों ने घटनास्थलों के पास के सीसीटीवी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटनास्थलों के आसपास घरों में दबिश दी। इस दौरान बनभूलपुरा थाना फूंकने की घटना में शामिल लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा निवासी 29 वर्षीय शोएब पुत्र बब्बू खां, वार्ड 24 बनभूलपुरा निवासी 28 वर्षीय भोला उर्फ सोहेल पुत्र मो. ताहिर के अलावा वार्ड 15 जवाहरनगर बनभूलपुरा निवासी 21 वर्षीय समीर पाशा पुत्र शमीम पाशा को 12 बोर के एक तमंचे, 3 कारतूस और 2 खोखे के साथ गिरफ्तार किया। जबकि मुखानी थाने की ओर से दर्ज मुकदमों में ताज मस्जिद बनभूलपुरा निवासी जुनैद उर्फ इब्राहिम पुत्र मो. असगर उर्फ सूफी को 315 बोर के एक तमंचे और 3 कारतूस के साथ पकड़ा।

तीसरे मुकदमे में पुलिस ने मलिक का बगीचा बनभूलपुरा निवासी 19 वर्षीय साहिल अंसारी पुत्र मतलूब अंसारी और 26 वर्षीय इंद्रानगर ठोकर बनभूलपुरा निवासी शहनवाज उर्फ शानू पुत्र सरफराज, अब्बू तस्लीम पुत्र मोहम्मद इब्राहिम निवासी लाइन नंबर10 को गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने बताया तीनों मुकदमों में अब 37 दंगाइयों से अवैध हथियार व कारतूस बरामद किए जा चुके हैं। बनभूलपुरा में शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाने के अब तक 41 शस्त्र जमा कराए हैं।

पुलिस द्वारा जमा कराए गए शस्त्र ।

▸▸ **कुल 7 दंगाई गिरफ्तार, 2 तमंचे, 6 कारतूस और दो खोखे बरामद, अब तक 37 दंगाइयों को पुलिस ने भेजा जेल, 41 लाइसेंसी असलहे जमा किए**

सरकार कण्वाश्रम को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध : महाराज

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : कण्वाश्रम, कोटद्वार को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। इसके पुर्णोद्धार के लिए शीघ्र ही योजनाएं धरातल पर उतारी जाएंगी। उक्त बात प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को चक्रवर्ती सम्राट भरत की जन्मभूमि, महर्षि कण्व की तपस्थली कण्वाश्रम में आयोजित कण्वाश्रम महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि कही।

कैबिनेट मंत्री ने बसंतोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत के प्राचीनतम विश्वविद्यालय व महर्षि कण्व की तपस्थली कण्वाश्रम कोटद्वार एक प्रमुख ऐतिहासिक व पौराणिक केंद्र है। यह शिवालिक की तलहटी में मालिनी नदी के दोनों तटों पर स्थित छोटे-छोटे आश्रमों का प्रख्यात विद्यापीठ रहा है। प्राचीन काल में यहां उच्च शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा थी। महाराज ने कहा कि कण्वाश्रम, कण्व ऋषि का वही आश्रम है, जहां हस्तिनापुर के राजा दुष्यन्त व शकुंतला के पुत्र भरत का जन्म हुआ था।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी को स्मृत चिन्ह देते कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज।

विविध

नोएडा में कार की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी की मौत, पांच साल की बेटी अस्पताल में भर्ती

नोएडा। मोटरसाइकिल और कार के बीच हुई भिड़ंत में बाइक सवार दंपत्ति की मौत हो गई जबकि उनकी पांच साल की बेटी घायल हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब दो बजे सेक्टर 24 थाना क्षेत्र के सेक्टर 31-25 चौराहे पर यह हादसा हुआ। जिसके बाद कार सवार फरार हो गया। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा "पुलिस को मोटरसाइकिल हीरो डीलक्स और कार हुंडई आई 20 के बीच दुर्घटना की सूचना मिली। मोटरसाइकिल पर रंजन कुमार (45), उनकी पत्नी रूबी (40) और उनकी बेटी मिल्की (5) सवार थे। घटना में तीनों घायल हो गए और स्थानीय लोग उन्हें सेक्टर 71 के एक निजी अस्पताल में ले गए।" प्रवक्ता ने कहा कि रंजन कुमार की रास्ते में मौत हो गई जबकि इलाज के दौरान उनकी पत्नी की भी मौत हो गई जबकि बेटी का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है और स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

किसानों ने किया दिल्ली कूच, पुलिस ने रोका- हंगामा

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ **संभल के चौधरी सराय चौराहा पर पहुंचे भाकियू के कार्यकर्ता**

▸▸ **पुलिस की किसानों से हुई नोकझोंक, एसडीएम और सीओ ने समझाया**

अमृत विचार : देश भर से किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान पर जनपद से भी किसानों ने ट्रैक्टरों पर सवार होकर दिल्ली कूच करने का प्रयास किया। भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसान संभल पहुंचे तो पुलिस ने रोक लिया। पुलिस की किसानों से जमकर नोकझोंक हुई। किसानों ने हंगामा करते हुए नारेबाजी की। एसडीएम और सीओ ने किसानों को समझाया लेकिन नहीं माने। मंडी समिति में रोके जाने पर सैकड़ों किसानों ने गिरफ्तारी दी। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर मांगें उठाई।

भारतीय किसान यूनियन असली से जुड़े किसान दो दर्जन से ज्यादा ट्रैक्टरों, कारों और बाइकों पर सवार होकर दिल्ली कूच के लिए रवाना हुए। किसान गवां मार्ग पर खिरनी से चलकर संभल के पास पेट्रोल पंप पर पहुंचे तो वहां पुलिस ने रोक लिया और आगे नहीं जाने की बात कही लेकिन किसान नहीं माने और नारेबाजी करते हुए चौधरी सराय तक आ पहुंचे। यहां भारी पुलिस ने किसानों को रोका तो भड़क गए। किसानों ने नारेबाजी शुरू करते हुए हंगामा किया। पुलिस की किसानों से नोकझोंक भी हुई। किसानों के हंगामा किए जाने की सूचना अधिकारियों को दी गई तो एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी, सीओ अनुज कुमार चौधरी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों को समझाते हुए हसनपुर मार्ग पर दिल्ली के लिए रवाना नहीं होने की अपील की लेकिन भाकियू नेता और किसान नहीं माने। किसी तरह किसानों को मंडी समिति परिसर में रोक लिया गया। यहां भाकियू असली के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने कहा कि पुलिस प्रशासन हठधर्मिता दिखाकर किसानों को दिल्ली जाने से रोक रहा है। इसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने सैकड़ों किसानों द्वारा गिरफ्तारी दिए जाने की बात कही। किसानों को मंडी समिति में बैठा दिया गया। शाम को यहीं पर एसडीएम दीपक चौधरी को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। किसानों के दिल्ली कूच को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर रही।

सरकार कर वसूली मामले में मधुमक्खियों से लें प्रेरणा

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कर चोरी के मामले में एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि चाणक्य ने अर्थशास्त्र में लिखा है कि सरकारों को कर इस तरह वसूलना चाहिए, जैसे मधुमक्खी फूल की पंखुड़ियों को छेड़े बिना उससे शहद इकट्ठा करती है। कर चोरी का इरादा उन मामलों में माना जा सकता है, जहां नियमों की पूरी तरह से अवहेलना हुई हो। सामान्य लिपिकीय त्रुटि को कर चोरी का आधार नहीं माना जा सकता है। तकनीकी त्रुटि के कारण याची पर कठोर जुर्माना लगाना नीति विरुद्ध है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर बी सर्राफ की पीठ ने मेजर्स हॉकिंस कुकर्स लिमिटेड की याचिका को स्वीकार कर आक्षेपित आदेशों को रद्द करते हुए किया। दरअसल याची प्रेशर कुकर के निर्माण और बिक्री के व्यवसाय में है। याची का मुख्य व्यावसायिक स्थान कानपुर है और फैक्ट्री जौनपुर में स्थित है। सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि निर्माण के लिए जौनपुर स्थित कारखाने में कच्चे माल की आवश्यकता होती है, जिसके लिए कंपनी अलग-अलग स्थानों से स्टॉक खरीदती है। ऐसे ही एक स्टॉक के साथ संबंधित चालान, बिल्टी दस्तावेज और ई-वे बिल मौजूद थे। आठ ई-वे बिलों में से केवल चार में गलत पता होने के कारण विभाग द्वारा याची पर टैक्स चोरी का आरोप लगाया गया। हालांकि कोर्ट ने कहा कि कर चोरी का इरादा वर्तमान मामले में नहीं बनता है क्योंकि यहां नियमों की पूरी तरह से अवहेलना नहीं हुई है बल्कि केवल तकनीकी त्रुटि के कारण चार बिलों में गलत पता अंकित हो गया था। अत: इसे कर चोरी का मामला नहीं माना जा सकता है।

फर्जीवाड़ा करने वाले सहायक शिक्षकों पर लगाया पांच हजार रुपये का जुर्माना

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 2018 में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 68500 सहायक शिक्षकों की भर्ती परीक्षा में अनियमितता के मामले में कहा कि निष्पक्षता किसी भी परीक्षा की आत्मा है। योग्यता के साथ कोई भी समझौता मेधावी उम्मीदवारों के विश्वास को हिला देता है और अगर परीक्षा प्रक्रिया में कुछ अनियमितता मिलती है तो न्याय के हित में तथा निष्पक्षता बनाए रखने के लिए उसे ठीक करने का प्रयास करना चाहिए।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की पीठ ने उर्वशी व अन्य की याचिका को खारिज करते हुए याचियों को पांच हजार रुपये का जुर्माना जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने आगे कहा के मेधावी उम्मीदवारों की कीमत पर कम मेधावी उम्मीदवारों को सेवा में बने रहने की अनुमति नहीं है और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए विभाग द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया को अवैध नहीं कहा जा सकता है। दरअसल याचियों को सितंबर 2018 में परीक्षा परिणाम के आधार पर सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त किया गया था और 1 वर्ष बाद यानी सितंबर 2019 में शासनादेश के तहत उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। जिसे वर्तमान याचिका में चुनौती दी गई है।

मांस से भरी कार जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ **सीतापुर से बेचने के लिए लाया गया था 50 किलो मांस**

अमृत विचार: थाना खीरी पुलिस ने भैंसे के मांस से भरी स्विफ्ट डिजायर कार खीरी रेलवे स्टेशन तिराहे के पास से जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। यह मांस लहरपुर (सीतापुर) से बिक्री करने के लिए लाया गया था। पुलिस ने कार सीज कर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मंगलवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि सोमवार को एसआई लल्ला गोस्वामी गश्त पर थे। एसआई ने सूचना पर स्टेशन तिराहे के पास स्विफ्ट डिजायर को रोककर तलाशी ली तो उसमें पिछली सीट पर रखी प्लास्टिक बोरी में करीब 50 किलोग्राम भैंसे का मांस बरामद किया। पुलिस ने मौके से चालक अरबाज निवासी मोहल्ला कटरा कस्बा व थाना लहरपुर जिला सीतापुर और कदीर आलम निवासी मोहल्ला सैय्यदवाडा कस्बा खीरी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि चोरी छिपे लहरपुर में भैंसा कटवाकर मांस बेचने के लिए लाये थे।

दो पैनकार्ड मामले में 21 को होगी सुनवाई

रामपुर। अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में एफआईआर लेखक को कोर्ट में आना था। लेकिन इस दौरान कोर्ट को जानकारी मिली कि उसकी मौत हो चुकी है। अब इस मामले में 21 फरवरी को सुनवाई होगी। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में विधायक आकाश सक्सेना ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की जांच पूरी कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है। अभियोजन की ओर से गवाही की प्रक्रिया चल रही है। मंगलवार को एफआईआर लेखक नंद किशोर को आना था, लेकिन कोर्ट को पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है।

तरह-तरह की चर्चाएं | पिता के काफिले पर हुआ हमला तो बेटी ने दिया था साथ, अब पिता के सामने हो सकता है संकट

बेटी पिता या पिता बेटी के साथ, टिकट की घोषणा का इंतजार

ऋषिदेव गंगवार, बदायूं

अमृत विचार : बदायूं लोकसभा के लिए सपा ने पत्ता खोल दिया है। पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। वहीं, सबसे बड़ा संकट भाजपा से वर्तमान सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य और उनके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य के बीच है कि लोकसभा चुनाव में बेटी पिता या पिता बेटी के साथ जाएंगे। सभी को टिकट की घोषणा का बेसब्री से इंतजार है। मंगलवार की शाम स्वामी प्रसाद मौर्य ने राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। जिसके बाद तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं मंगलवार की शाम तक रहे सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी डॉ. संघमित्रा भाजपा से बदायूं की सांसद हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने वर्ष 2022 में कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए थे। जिसे बड़ा सियासी झटका माना जा रहा था। फिर उन्होंने कुशीनगर की फाजिलनगर सीट से चुनाव लड़ा। चुनावी रैली के दौरान उनके काफिले पर हमला हुआ तो बेटी बदायूं सांसद भी वहां पहुंच गईं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी पर हमला करने का आरोप लगाते हुए सपा प्रत्याशी पिता को जिताने की अपील की थीं। उन्हें भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र कुशवाह से हार मिली थी। पिता को जरूरत हुई थी तो बेटी फाजिलनगर पहुंचीं थीं। अब लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। सपा से धर्मेंद्र यादव चुनाव मैदान में हैं। जनसभाएं भी होंगी, जिनमें स्वामी प्रसाद मौर्य को बुलाया जा सकता है। अगर भाजपा बदायूं लोकसभा सीट से डॉ. संघमित्रा मौर्य को टिकट देती है तो स्वामी प्रसाद मौर्य उनके खिलाफ सपा प्रत्याशी को जिताने का आह्वान करेंगे। ऐसे में पिता और बेटी के बीच धर्म संकट है। मंगलवार को स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफा देने के बाद से उनके भाजपा में शामिल होने जैसे चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

स्वामी प्रसाद भाजपा या संघमित्रा सपा में ?

स्वामी प्रसाद मौर्य सपा और डॉ. संघमित्रा भाजपा में हैं। अगर डॉ. संघमित्रा मौर्य का भाजपा से टिकट नहीं होता है तो वह हो सकता है सपा में चली जाएं या बेटी के लिए स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा ज्वाइन कर लें ? अभी सभी के पास सवाल हैं लेकिन जवाब नहीं। फिलहाल यह राजनीति है। पल-पल में बदलाव होते हैं।

बदायूं लोकसभा से उतर सकता है बड़ा चेहरा

भाजपा अक्सर नए चेहरे सामने लाकर चौका देती है। साल 2019 में लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इलाहाबाद निवासी डॉ. संघमित्रा मौर्य को उतारा था। जिन्होंने 18 हजार 454 वोट से सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव पर जीत हासिल की थीं। बताया जा रहा है कि भाजपा प्रदेश स्तर के बड़े चेहरे को प्रत्याशी बना सकती है। जिनके समर्थन में प्रधानमंत्री की जनसभा हो सकती है।

आंवला लोकसभा सीट को लेकर कशमकश

आंवला लोकसभा में बदायूं की दो विधानसभा दातागंज और शेखूपुर शामिल हैं। इस लोकसभा में लंबे समय से सपा हारती आई है। सपा जिताऊ प्रत्याशी की तलाश में है। सपा के राष्ट्रीय सचिव आबिद रजा भी सपा से आंवला सीट से टिकट मांग रहे हैं।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800।

चावल की कुछ किस्मों के लिए एचएसएन कोड विकसित करने पर विचार कर रही है सरकार

वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार चावल की कुछ किस्मों के लिए नए एचएसएन कोड विकसित करने पर विचार कर रही है ताकि उन किस्मों का निर्यात किया जा सके जिनका पारंपरिक रूप से देश में लोग उपभोग नहीं करते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

वर्तमान में गैर-बासमती सफेद चावल की सभी किस्मों के निर्यात पर प्रतिबंध है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की प्रस्तुति के अनुसार, लाल चावल, काले चावल और कालानमक चावल जैसी जीआई

(भौगोलिक संकेतक) दर्जे वाले चावल की किस्मों के लिए अलग-अलग एचएसएन कोड पर काम जारी है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की भाषा में प्रत्येक उत्पाद को एचएसएन कोड (हारमोनाइज्ड सिस्टम ऑफ नोमेनक्लेचर) के तहत वर्गीकृत किया जाता है। यह दुनिया भर में वस्तुओं के व्यवस्थित वर्गीकरण में मदद करता है।

वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि गैर-बासमती चावल की करीब 40-50 किस्में होती हैं। सरकार जब उसके निर्यात पर प्रतिबंध लगाती है, तो सोना मसूरी, गोविंद भोग, कालानमक या सामान्य सफेद गैर-बासमती चावल जैसी सभी किस्मों का निर्यात बंद हो जाता है। उन्होंने कहा कि चावल की कुछ अन्य किस्मों के लिए नया एचएसएन कोड उद्योग की मांग है, इसमें अंतर कैसे करें यह आंतरिक बहस का मुद्दा है। कहा-हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं ऐसा करने की जरूरत है या नहीं।

संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद निर्णय लेगा मंत्रालय

सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इसमें संतुलन बनाने की जरूरत है और यह निर्णय मंत्रालय संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद लेगा। वर्तमान में गैर-बासमती चावल के लिए छह एचएसएन कोड और बासमती चावल के लिए एक कोड है। चावल, चीनी और गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध के कारण कृषि-निर्यात में नौ प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एपीडा की पहल के बारे में उन्होंने कहा कि इससे निर्यात किए जाने वाले कृषि उत्पाद तथा उनके गंतव्यों का विस्तार हुआ है। भारत ने सिंघाड़े और मखाने जैसी वस्तुओं का निर्यात भी शुरू कर दिया है। अतिरिक्त सचिव ने कहा-यह कृषि क्षेत्र को काफी मजबूती देता है।

गोल्ड ईटीएफ की चमक जारी, जनवरी में 657 करोड़ रुपये का निवेश

नई दिल्ली। सोने में निवेश को लेकर आकर्षण बना हुआ है। इसका पता इस बात से चलता है कि गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में जनवरी में 657 करोड़ रुपये निवेश किए गए, जो इससे पिछले महीने की तुलना में सात गुना है। उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने यह जानकारी दी।

विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर जारी तनाव और अमेरिका में उच्च मुद्रास्फीति के बीच निवेश के लिए सोना एक सुरक्षित विकल्प है। उद्योग संगठन के आंकड़ों से पता चलता है कि इस निवेश के साथ जनवरी के अंत तक गोल्ड फंड की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) 1.6 प्रतिशत बढ़कर 27,778 करोड़ रुपये हो गई। यह राशि दिसंबर 2023 के अंत में 27,336 करोड़ रुपये थी।

शेयर बाजारों में रौनक लौटी सेंसेक्स 483 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी

- निफ्टी भी 127 अंक बढ़कर 21,743.25 अंक पर बंद

वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच बैंक, वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्र के शेयरों में खरीदारी से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में रौनक लौट आई और बीएसई सेंसेक्स 482 अंक से अधिक बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 482.70 अंक यानी 0.68 प्रतिशत बढ़कर 71,555.19 अंक पर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव से कारोबार के दौरान सेंसेक्स 71,662.74 अंक के ऊपरी और 70,924.30 अंक के निचले स्तर तक भी गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 127.20 अंक यानी 0.59 प्रतिशत बढ़कर 21,743.25 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 25 शेयर बढ़त लेने में सफल रहे जबकि निफ्टी के

50 में से 11 को छोड़कर बाकी सभी शेयरों में तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में सर्वाधिक 2.46 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक, विप्रो, कोटक महिंद्रा बैंक और एनटीपीसी भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजार काफी हद तक पिछले सत्र की गिरावट से उबर गए। इसके पीछे बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन की अहम भूमिका रही। जनवरी में कारोबारी धारणा को बल मिला है।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	73,100
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,100
गिन्नी (प्रति नग)	47,800-48,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,200
चांदी तैयार	74,300
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	720(अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,150
चांदी आभूषण	73,200।

एनसीएलटी ने गो फर्स्ट के दिवाला प्रक्रिया की समय सीमा बढ़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी

बंद पड़ी एयरलाइन गो फर्स्ट के समाधान की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समय सीमा 60 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को यह फैसला किया।

एनसीएलटी की दिल्ली स्थित दो सदस्यीय पीठ ने गो फर्स्ट के समाधान पेशेवर (आरपी) की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को पूरा करने के लिए समयसीमा बढ़ाने की मांग की गई थी। समाधान पेशेवर की ओर से पेश दिवाकर माहेश्वरी ने तर्क दिया कि अब तक तीन पक्षों ने गो फर्स्ट के लिए अपनी रुचि दिखाई है और बयाना राशि जमा की है। इन कंपनियों से गो फर्स्ट के लिए समाधान योजनाएं मिलने की उम्मीद है। कंपनी 10 मई, 2023 से समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। एनसीएलटी ने इससे पहले पिछले साल 23 नवंबर को 90 दिनों का विस्तार दिया था, जो 4 फरवरी को खत्म हो गया। वहीं स्पाइसजेट, शारजाह स्थित स्काई वन और अफ्रीकी महाद्वीप में केंद्रित कंपनी सैफ्रिक इन्वेस्टमेंट्स ने गो फर्स्ट को खरीदने में रुचि दिखाई है।

20 लाख करोड़ का बाजार पूंजीकरण हासिल करने वाली पहली कंपनी रिलायंस

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (आरआईएल) मंगलवार को 20 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण हासिल करने वाली देश की पहली कंपनी बन गई। शेयर बाजार में मजबूती के बीच मुकेश अंबानी की कंपनी का शेयर भी कारोबार के दौरान 52 सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गया। आरआईएल का शेयर बीएसई में 1.88 प्रतिशत उछलकर रिकॉर्ड 2957.80 रुपये प्रति इक्विटी पर पहुंच गया। बाद में यह 0.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,928.95 रुपये प्रति इक्विटी पर बंद हुआ।

विकसित देश बनने के लिए 7-8% की वृद्धि दर जरूरी

हैदराबाद, एजेंसी

- आरबीआई के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने कही बात

भारत को 2047 तक 13,000 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति आय के साथ विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सालाना सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने मंगलवार को यह बात कही।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व चेयरमैन ने यह भी कहा कि असमानता या गरीबी को कम करने के लिए नवाचार एकमात्र समाधान नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि तेज वृद्धि के अलावा, देश को नकदी और न्यूनतम आय जैसी

सब्सिडी के रूप में सामाजिक सुरक्षा जाल की भी जरूरत हो सकती है। रंगराजन ने कहा-मेरे हिसाब से 7-8 प्रतिशत के बीच की वास्तविक वृद्धि इसे विकसित अर्थव्यवस्था के करीब ले जाएगी। विकसित अर्थव्यवस्था की परिभाषा के अनुसार प्रति व्यक्ति आय 13,000 अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक है। भारत की प्रति व्यक्ति आय इस वक्त 2700 अमेरिकी डॉलर है। इसका मतलब है कि प्रति व्यक्ति आय बढ़ाकर पांच गुनी करनी होगी। रंगराजन ने कहा कि इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था की डॉलर के मूल्य में गणना वास्तविक वृद्धि, मुद्रास्फीति के स्तर और विनिमय दर पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के पूर्व महानिदेशक रघुनाथ अनंत माशेलकर ने आज आईसीएफएआई के 13वें स्थापना दिवस पर व्याख्यान दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति रंगराजन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जुड़कर समारोह की अध्यक्षता की।

राष्ट्रीय

एक नजर

हिंदू विरोधी टिप्पणी के लिए शिक्षिका बर्खास्त

मंगलुरु (कर्नाटक)। मंगलुरु के एक निजी स्कूल में छात्रों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में एक शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेंट गेरोसा हायर प्राइमरी स्कूल के प्रबंधन ने सातवीं कक्षा के छात्र के माता-पिता की शिकायत और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं के हंगामे के बाद यह कार्रवाई की। छात्र के माता-पिता ने सोमवार को मंगलुरु दक्षिण पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि शिक्षिका ने 'कार्य ही पूजा है' विषय पर कक्षा के दौरान हिंदू देवताओं के बारे में कथित रूप से आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया।

दिल्ली में ट्रेन के डिब्बे में अचानक लगी आग

नई दिल्ली। मध्य दिल्ली के पटेल नगर रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक खाली यात्री ट्रेन के एक डिब्बे में मंगलवार को दोपहर में अचानक आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विभाग को दोपहर एक बजकर 33 मिनट पर सूचना मिली और दमकल की पांच गाड़ियों को वहां भेजा गया। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा कि आग पर दोपहर दो बजकर 25 मिनट पर काबू पा लिया गया।

कोर्ट की जमीन पर 'आप' का दफ्तर हटाने का निर्देश

न्यायालय की जमीन पर सियासी दफ्तर होने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी

राउज़ एवेन्यू स्थित आम आदमी पार्टी के दफ्तर की जमीन पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। उच्चतम न्यायालय ने इस मुद्दे पर हैरानी जताते हुए कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट की जमीन पर एक राजनीतिक दल का दफ्तर चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी का कार्यालय बनाए जाने को संज्ञान में लेते हुए मंगलवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि सत्ताधारी पार्टी को अपना कार्यालय यहां से हटाना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली हाईकोर्ट को ये जमीन लौटाई जाए. दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और वित्त सचिव अगली तारीख से पहले हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल

के साथ एक बैठक हो और मामले का समाधान निकले। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कोई भी कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता है और कोई राजनीतिक दल किसी जमीन पर अपना कब्जा कैसे सकता है। जबकि हाईकोर्ट को जमीन कब्जा दिया जाना चाहिए। हाईकोर्ट इसका उपयोग केवल जनता और नागरिकों के लिए करेगा। हम निर्देश देते हैं कि दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और वित्त सचिव अगली तारीख से पहले हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के साथ एक बैठक बुलाएं। ताकि सभी मुद्दों का समाधान सुनिश्चित हो सके। सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे इस मामले को आगे के निर्देशों के लिए सोमवार को सुनवाई करेंगे।

क्या है पूरा मामला: दरअसल एमिकस क्यूरी के परमेश्वर ने बेंच को सूचित किया कि सरकार को एक पार्टी से कब्जा लेना था और इसे हमें देना था। अधिकारी कब्जा लेने गए तो उन्हें बताया गया कि यह कब्जा आम आदमी पार्टी के हाथ में है। अदालत ने देश भर में न्यायिक बुनियादी ढांचे से संबंधित एक मामले से निपटने के दौरान इस मुद्दे पर ध्यान दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ को एमिकस क्यूरी के परमेश्वर ने सूचित किया कि एक राजनीतिक दल का कार्यालय वहां बनाया गया है और वे जमीन वापस नहीं ले सके।

मुख्य न्यायाधीश ने दी चेतावनी

उच्चतम न्यायालय के नाराज मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील को चेतावनी दी कि जमीन उच्च न्यायालय को वापस कर दी जानी चाहिए। पिछली सुनवाई में, शीर्ष अदालत ने दिल्ली जिला न्यायपालिका में बुनियादी ढांचे के लिए धन उपलब्ध कराने के प्रति उदासीन रवैये के लिए दिल्ली सरकार की आलोचना की थी। उस समय, सीजेआई ने कहा था कि मार्च 2021 तक चार में से तीन परियोजनाओं के लिए मंजूरी दे दी गई थी। हालांकि, इन परियोजनाओं के लिए धन जारी किया जाना बाकी था।

आप ने दिल्ली में कांग्रेस के लिए एक लोकसभा सीट की पेशकश की

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली में छह सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है और कांग्रेस को सिर्फ एक सीट देने की इच्छुक है। पार्टी ने दावा किया विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में उसकी वरिष्ठ सहयोगी कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी में पिछले चुनावों में अपने प्रदर्शन को देखते हुए एक सीट की भी हकदार नहीं है।

आम आदमी पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने कहा कि वे दिल्ली के लिए सीट बंटवारे पर बातचीत फिर से शुरू होने के वास्ते एक महीने से अधिक समय से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभीत तक कोई संवाद नहीं हुआ है।

उत्तर प्रदेश में केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर रोक की अवधि बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा-कांग्रेस पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला

उच्चतम न्यायालय ने 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर अंतरिम रोक की अवधि मंगलवार को बढ़ा दी।

केजरीवाल ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसने सुलतानपुर की एक अधीनस्थ अदालत के समक्ष लंबित आपराधिक मामले में उन्हें आरोप मुक्त करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ केजरीवाल द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए राजी हो गई। पीठ ने कहा-अंतरिम आदेश बरकरार

रहने दीजिए। यह सब क्या है? ये सभी अप्रासंगिक मामले हैं। यह ऐसा मामला नहीं है जिस पर हम गौर करें। केजरीवाल पर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 125 के तहत चुनावों के संबंध में वर्गों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। केजरीवाल ने दो मई 2014 को प्रचार अभियान में कहा था, जो कांग्रेस को वोट देगा, .देश के साथ गद्दारी होगी... जो भाजपा को वोट देगा उसे खुदा भी माफ नहीं करेगा।

मणिपुर में फिर गोलीबारी, एक ग्रामीण की मौत

इंफाल। मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में दो समुदायों के बीच मंगलवार को हुई गोलीबारी में 25 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी की यह घटना कांगपोकपी जिले की सीमा से लगे पुखाओ शांतिपुर में हुई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान सगोलसेम लोया के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि उसे इंफाल के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। रविवार रात से पुखाओ और आसपास के पहाड़ी इलाकों में रुक-रुक कर गोलीबारी की घटनाएं सामने आ रही हैं। मणिपुर में पिछले साल तीन मई से कुकी और मेइती समुदाय के बीच भिड़की हिंसा में अब तक 180 लोगों की जान जा चुकी है।

कैदियों को भागने में मदद करने के आरोप में चार गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

जयपुर के बाल सुधार गृह से फरार होने का मामला

राजस्थान पुलिस ने बाल सुधार गृह से किशोर कैदियों के फरार होने के मामले में सुधार गृह के दो केयरटेकर (देखभाल करने वाले) और दो सुरक्षा कर्मियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि फरार हुए एक कैदी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है जो इस महीने बालिग हो गया है। जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बाल सुधार गृह से सोमवार को 23 किशोर कैदी खिड़की तोड़कर फरार हो गये थे। ट्रांसपोर्ट नगर थानाधिकारी जुल्फिकार ने बताया कि किशोर कैदियों को बाल सुधार गृह से भगाने में मदद करने के आरोप में दो केयरटेकर और दो सुरक्षा कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। जुल्फिकार ने कहा-सीसीटीवी फुटेज से घटना में दो सुरक्षा कर्मियों और दो केयरटेकर की संलिप्तता का पता चला है। चारों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जेल में बंद सेंथिल ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा

चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद कई महीनों तक बिना विभाग के मंत्री रहे वी. सेंथिल बालाजी ने एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। राजभवन की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल आर. एन. रवि ने इस संबंध में स्टालिन की सिफारिश स्वीकार कर ली है। राज्यपाल ने पहले बालाजी के मंत्रिमंडल में बने रहने का विरोध किया था। कहा गया है कि राज्य मंत्रिमंडल से सेंथिल बालाजी के इस्तीफे को स्वीकार करने की सिफारिश से संबंधित मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के 12 फरवरी के एक पत्र के आधार पर राज्यपाल आर. एन. रवि ने इसे मंजूरी दे दी। करूर से द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता बालाजी को 14 जून, 2023 को ईडी ने नौकरी के बदले नकदी घोटाले में गिरफ्तार किया था।

भाजपा समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प

संदेशखालि मामला

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के बशीरहाट में संदेशखालि ब्लॉक में महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन से पहले बशीरहाट के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आसपास लागू निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने का प्रयास करने वाले भाजपा समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प हुई।

अधिकारियों ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक निषेधाज्ञा

यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने को लेकर भाजपा के प्रदर्शन के दौरान पुलिस के अधिकारी लोगों से बातचीत करते हुए। ● एजेंसी

लागू की गई है। उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बशीरहाट में एसपी कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। संदेशखालि, बशीरहाट पुलिस जिले के दायरे में आता है। भाजपा की प्रदेश इकाई ने घोषणा की थी कि उसके नेता उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि की स्थिति के विरोध में मंगलवार को एसपी कार्यालय का घेराव करेंगे।

समीर वानखेड़े के खिलाफ जारी जांच दिल्ली स्थानांतरित

मुंबई। ईडी ने मंगलवार को बंबई उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के मुंबई जोन के पूर्व निदेशक समीर वानखेड़े के खिलाफ धनशोधन के मामले में जांच अपने दिल्ली कार्यालय को स्थानांतरित कर दी है। ईडी ने कहा कि वानखेड़े को उनके खिलाफ मामले को रद्द कराने के लिये बंबई उच्च न्यायालय की जगह दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करना चाहिए। अपने खिलाफ मामले को रद्द कराने के लिये पिछले हफ्ते बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाले वानखेड़े ने अपनी याचिका पर फैसला होने तक जांच पर अस्थायी रोक लगाने और दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा की मांग की है।

ईडी ने कोलकाता में कई स्थानों पर छापे मारे

कोलकाता, एजेंसी

- राशन घोटाले की जांच के संबंध में हुई कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन घोटाले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को सुबह कोलकाता में कई स्थानों पर छापेमारी शुरू की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ आए ईडी के दलों ने सॉल्ट लेक, कइखाली, मिर्जा गालिब स्ट्रीट, हावड़ा और कुछ अन्य स्थानों पर छापे मारे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों से पूछताछ की जा रही है उनमें कारोबारी और घोटाले में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों के करीबी लोग शामिल हैं।

ईडी के एक अधिकारी ने कहा-ये छापे राशन वितरण घोटाले से जुड़े हैं। हमें मामले में पहले ही गिरफ्तार हुए लोगों से पूछताछ करने के बाद इन लोगों की संलिप्तता के बारे में जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि उत्तर 24 परगना जिले के एक विदेशी मुद्रा कारोबारी समेत तीन लोगों के परिसरों पर तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया-इस घोटाले में पैसा विदेश में अलग-अलग खातों में भेजा गया। यह कारोबारी बनगांव से है और गिरफ्तार टीएमसी नेता शंकर आध्या से उसके अच्छे संबंध हैं।

आध्या बनगांव नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष हैं और केंद्रीय जांच एजेंसी ने पहले दावा किया था कि वह अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर पंजीकृत कम से कम 90 विदेशी मुद्रा व्यापार कंपनियों के मालिक हैं। अधिकारी ने बताया कि कारोबारी के सॉल्ट लेक के सेक्टर 5 में स्थित कार्यालय और ईएम बाईपास पर उसके दो फ्लैट में तलाशी ली जा रही है।

कर्नाटक, आंध्र प्रदेश में 31 लाख रुपये जब्त

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक धनशोधन मामले के सिलसिले में कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में कई स्थानों पर तलाशी के दौरान 31 लाख रुपये की 'बेहिसाब' नकदी जब्त की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि सूर्य नारायण रेड्डी और भरत रेड्डी नामक दो व्यक्तियों के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। बयान के अनुसार, धनशोधन का यह मामला कर्नाटक के बेल्लारी में दर्ज एक प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है और तलाशी 10 फरवरी को ली गई थी। इसमें कहा गया है कि एजेंसी को 'आपत्तिजनक साक्ष्य' मिले हैं, जो दर्शाते हैं कि भरत रेड्डी ने कथित तौर पर विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कुछ ही महीनों में लगभग 42 करोड़ रुपये नकद जुटाए और इस धन का इस्तेमाल 'गैरकानूनी लेनदेन' के लिए किया।

डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा, 1 जुलाई तक चुनाव के आदेश

चुनाव न होने पर 23 अगस्त को यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने किया था निलंबित, प्रदर्शनकारी पहलवानों से भेदभाव नहीं करने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्व कुश्ती की संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भारत पर लगाया अस्थाई निलंबन हटा दिया है, लेकिन राष्ट्रीय महासंघ को निर्देश दिया है कि वह प्रदर्शनकारी पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक के खिलाफ भेदभावपूर्ण कार्रवाई न करे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के समय पर चुनाव नहीं कराने पर गत वर्ष 23 अगस्त को उसे निलंबित किया था।

संस्था ने कहा कि यूडब्ल्यूडब्ल्यू ब्यूरो की निलंबन और अन्य विषयों पर चर्चा के लिए 9 फरवरी को बैठक हुई तथा तथ्यों पर गौर करने के बाद निलंबन हटाया गया। डब्ल्यूएफआई को यूडब्ल्यूडब्ल्यू को गारंटी देनी होगी कि वह की सभी स्पर्धाओं विशेष कर ओलंपिक खेलों के ट्रायल्स तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए बिना किसी भेदभाव के पहलवानों का चयन करेगा, जिनमें वह तीन पहलवान भी है जिन्होंने पूर्व अध्यक्ष (बृजभूषण शरण सिंह) के कथित गलत कामों के खिलाफ प्रदर्शन किया था। पिछले साल दिसंबर में डब्ल्यूएफआई के चुनाव हुए थे, जिसमें संजय सिंह को नया प्रमुख चुना गया था। खेल मंत्रालय ने हालांकि राष्ट्रीय खेल संहिता के उल्लंघन का हवाला देकर इसको निलंबित कर दिया था। देश में कुश्ती के संचालन के लिए तदर्थ समिति गठित हुई थी। डब्ल्यूएफआई ने हालांकि खेल मंत्रालय के फैसले को नामंजूर कर दिया था।

चुनाव में केवल खिलाड़ी ही होंगे मतदाता

विश्व संस्था ने डब्ल्यूएफआई से अपने एथलीट आयोग के चुनाव फिर से कराने के लिए कहा। संस्था ने बयान में कहा है कि इस आयोग में सक्रिय खिलाड़ी या फिर वे खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं, जिनको संन्यास लिए हुए 4 साल से अधिक का समय नहीं हुआ है। मतदाता केवल खिलाड़ी ही होंगे। इन चुनाव का आयोजन किसी भी सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान किया जा सकता है, लेकिन चुनाव 1 जुलाई 2024 से तक कराने होंगे। विश्व संस्था ने कहा कि वह पहलवानों के संपर्क में रहेगी और आगामी दिनों के घटनाक्रम पर उनसे बात करेगी।

जल्द आयोजित किए जाएंगे ट्रायल: संजय

संजय सिंह ने कहा कि तदर्थ समिति का अब कोई महत्व नहीं रह गया है क्योंकि हमें विश्व संस्था से मान्यता मिल गई है। यह ओलंपिक वर्ष है तथा हम जल्द ही ट्रायल्स आयोजित करेंगे। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं कि किसी भी पहलवान का भविष्य खराब ना हो। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने बताया कि किसी भी पहलवान से भेदभाव नहीं किया जाएगा तथा संजय सिंह सुलह करने के लिए प्रदर्शनकारी तीनों पहलवानों को जल्द पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा कि हमें इन तीनों पहलवानों से कोई शिकायत नहीं है। पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद भारतीय महासंघ को निलंबित कर दिया गया था। प्रतिबंध हटाने का मतलब है कि भारतीय पहलवान अब विश्व संस्था की अगली प्रतियोगिता में देश के ध्वज तले खेल पाएंगे।

भारत के सामने नीदरलैंड चुनौती

राउरकेला, एजेंसी

पिछले कुछ समय से खराब प्रदर्शन कर रही भारतीय महिला हॉकी टीम जब बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में अब तक अजेय रहे नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसके सामने लय हासिल करने की चुनौती होगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद से भारतीय टीम के प्रदर्शन में लगातार गिरावट आई है।

भुवनेश्वर और राउरकेला में जारी मौजूदा प्रो लीग में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। सविता पूनिया की कप्तानी में टीम मौजूदा सत्र में पांच मैचों में सिर्फ एक मुकाबला जीतने में सफल रही है। भारतीय टीम को अपने घरेलू मैदान में चीन (1-2), नीदरलैंड (1-3) और ऑस्ट्रेलिया (0-3) के खिलाफ लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है। टीम ने इसके बाद अमेरिका को 3-1 हराकर वापसी की, लेकिन सोमवार को उसे चीन से फिर से 1-2 की शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारत को अपने अगले मुकाबले में सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। नीदरलैंड की टीम नौ मैचों में 27 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

एफआईएच महिला प्रो-लीग

भारत इस समय नौ टीमों की लीग में पांच मैचों में केवल 3 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। भारतीय कप्तान सविता पूनिया ने कहा कि हमें वे परिणाम नहीं मिले जो हम चाहते थे, लेकिन मेरा मानना है कि हमारे पास अच्छा प्रदर्शन करने और कुछ अंक हासिल करने के लिए आवश्यक चीजें हैं। मुझे लगता है कि हम टुकड़ों में अच्छा खेल रहे हैं लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। भारतीय अग्रिम पंक्ति को अब तक आंशिक सफलता मिली है, जिसमें संगीता कुमारी, वंदना कटारिया, दीपिका, नवनीत कौर और सलीमा टेटे गोल करने में सफल रहे हैं।

खेल डायरी

आज राजधानी पहुंचेगी यूपी टीम, 16 से 19 फरवरी तक इकाना स्टेडियम में होगा रणजी मुकाबला

लखनऊ, अमृत विचार। यूपी टीम बुधवार सुबह लीग का आखिरी मुकाबला खेलने को लखनऊ पहुंचेगी। हालांकि रणजी ट्रॉफी में यूपी टीम नाकआउट चरण से बाहर हो चुकी है। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में 16 से 19 फरवरी तक होने वाले मुकाबले के लिए छत्तीसगढ़ टीम के भी बुधवार देर शाम तक आने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार यूपी टीम दोपहर के सत्र में बी ग्राउंड में अभ्यास करेंगी, जबकि छत्तीसगढ़ टीम का अभ्यास सत्र गुरुवार सुबह होगा। नीतीश राणा को कप्तान और भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर व मुख्य चयनकर्ता रहे सुनील जोशी को कोच बनाने के बावजूद यूपी टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। पिछले दो मुकाबलों में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को आराम देना समझ से परे रहा। आंध्र प्रदेश के खिलाफ मंगलवार को खत्म हुए मुकाबले में यूपी की टीम पहली पारी में पिछड़ने से ड्रॉ मैच में मात्र एक अंक ही पा सकी। लखनऊ में यूपी टीम का आखिरी मैच मात्र औपचारिकता है। 1934 से खेली जा रही रणजी ट्रॉफी में यूपी की टीम मात्र एक बार वर्ष 2005-06 में मो. कैफ की कप्तानी में खिताब जीत सकी है। 2007-08 तथा 2008-09 में यूपी टीम फाइनल तक पहुंचने में कामयाब हुई थी।

अर्जुन प्रसाद पहले दौर के बाद एकल बढ़त पर

कोलकाता, एजेंसी। दिल्ली के गोल्फर अर्जुन प्रसाद ने मंगलवार को यहां एक करोड रुपए इनामी पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप के पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ अंडर 62 का कार्ड खेला। सोमवार को अपना 25वां जन्मदिन मनाने वाले अर्जुन प्रसाद पहले दौर के बाद एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद दिल्ली के एक अन्य गोल्फर और मौजूदा चैंपियन सचिन बैसोया (63) का नंबर आता है। वह अर्जुन से एक शॉट पीछे हैं। चेक गणराज्य की स्टीपन दानेक तथा भारत के उदयन माने, करण प्रताप सिंह और मोहम्मद संजू ने 64 का कार्ड खेला। यह चारों खिलाड़ी संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। पीजीटीआई ऑर्डर का मेरिट के 2022 के चैंपियन मनु गंडास ने 65 का स्कोर बनाया तथा वह राहिल गंगजी और चार अन्य के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर हैं।

एसयूएफसी ने पुणे में 3 प्रशिक्षण केंद्र खोले

पुणे, एजेंसी। बेंगलुरु के निजी प्रोफेशनल फुटबॉल क्लब साउथ यूनाइटेड फुटबॉल क्लब (एसयूएफसी) ने पुणे में अकादमी के विस्तार की घोषणा की है। एसयूएफसी की प्रतिष्ठित अकादमी साउथ यूनाइटेड फुटबॉल अकादमी (एसयूएफए) ने हाल ही में पुणे में बावधन, खराड़ी और उंद्री में तीन केंद्रों का उद्घाटन किया है। पुणे में एसयूएफ तीन साल की उम्र से ही बच्चों को फुटबॉल यात्रा शुरू करने के लिए स्वागत करेगा। साउथ यूनाइटेड केंद्रों पर 3 कार्यक्रम चलाएगा, जिसमें उनका अद्वितीय शिशु विकास कार्यक्रम (3-5 वर्ष), उनका प्रमुख युवा विकास (5-18 वर्ष), और उनकी विशिष्ट युवा टीमें (अंडर 13, 15 और 17)) होंगी। जिसमें एथलीटों को क्लब से छात्रवृत्ति दी जाएगी।

यूपी की तीन बालिकायें क्वार्टर फाइनल में

लखनऊ, एजेंसी। एसआरजीआई अंडर-12 बालक व बालिका ऑल इंडिया आइटा टेनिस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की शुभी रंजन, लावण्या सिंह व सौंदर्या जायसवाल ने जीत के साथ बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश के कृष्णा सिंह, तेजस सिंह, अणर्व श्रीवास्तव ने अपने-अपने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते। गोमतीनगर स्थित कमलेश शुक्ला टेनिस अकादमी में आयोजित चैंपियनशिप में बालिका प्री क्वार्टर फाइनल में शुभी रंजन ने मध्य प्रदेश की अनाया खान को हराया। लावण्या सिंह ने मध्य प्रदेश की अहाना दोषी को और सौंदर्या जायसवाल ने यूपी की शिवान्या गौतम को मात दी। बालिका वर्ग के अन्य प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में मध्य प्रदेश की अनाया राठी ने मप्र की गीतिका बोथरा को, उप्र की अदित्रि सिंह ने उप्र की वाही पी.कौर को, उप्र की सिद्धि सिंह ने उप्र रीत पी. सिंह को, उप्र की आशी किरन ने उप्र की प्रणवी कश्यप को हराया। बालक वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में उप्र के कृष्णा सिंह ने उप्र के आरव पटेल को, उप्र के अणर्व श्रीवास्तव ने दिल्ली के सात्विक सिंह को, उप्र के तेजस सिंह ने उप्र के प्रणव शर्मा को, उप्र के आयुष्मान पाठक ने उप्र के शिवांश सिंह को, प. बंगाल के कबीर पारेख ने उप्र के अथर्व श्रीवास्तव को, उप्र के पवित्र सिंह ने उप्र के आरव शुक्ला को, उप्र के कबीर शर्मा ने उप्र के अथर्व गोयल को और दिल्ली के रेयांश भल्ला ने निकुंज अरोड़ा को मात दी।

जुरेल और सरफराज को मिल सकता है पदार्पण का मौका

गिल ने अभ्यास सत्र में नहीं लिया हिस्सा, दाहिने हाथ की अंगुली में लगी थी चोट

राजकोट, एजेंसी

खिलाड़ियों के चोटिल होने से परेशान भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की श्रृंखला के तीसरे मुकाबले में घरेलू दिग्गज सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को खेलने का मौका दे सकती है। श्रृंखला का तीसरा मैच 15 फरवरी से यहां खेला जाएगा। मैच से पहले टीम के अभ्यास सत्र को देखे तो सरफराज ने स्लिप और गली क्षेत्र में क्षेत्ररक्षण का अभ्यास किया जबकि जुरेल ने विकेटकीपिंग का। पिछले मैच की दूसरी पारी में शतक जड़ने वाले शुभमन गिल ने टीम के इस वैकल्पिक अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया।

गिल को विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में क्षेत्ररक्षण के दौरान दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली में चोट लग गई थी। उन्होंने इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान क्षेत्ररक्षण नहीं की लेकिन यह भी कहा कि उनकी चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। श्रेयस अय्यर के बाहर होने और केएल राहुल के चोट से उबरने में नाकाम रहने से सरफराज के लिए दरवाजे खुल गए हैं, जो कुछ वर्षों से रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वालों में से हैं। जुरेल को बेहतर बल्लेबाज होने के तमगे के कारण तरजीह मिल सकती है। भरत लगातार 7 टेस्ट मैचों में एक भी अर्धशतक बनाने में असफल रहे हैं। रजत पाटीदार, सरफराज और जुरेल चौथे से सातवें क्रम के बीच बल्लेबाजी करेंगे। मध्य क्रम के 4 खिलाड़ियों में से 3 (रविंद्र जडेजा को छोड़कर) कुल मिला कर एक टेस्ट के सामूहिक अनुभव के साथ मैच में उतरेंगे। पाटीदार ने विशाखापत्तनम में पदार्पण किया था। भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजरने को तैयार है, ऐसे में इस मैच को टीम के भविष्य की झलक देखने को मिलेगी। टीम के अभ्यास सत्र में पाटीदार और सरफराज दोनों को स्लिप क्षेत्ररक्षण में अभ्यास करते देखा गया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ यहां पिच का मुआयना करने के बाद लंबे समय तक गुफ्तगू करते दिखे। रोहित इसके बाद क्षेत्ररक्षण अभ्यास के लिए चले गए, लेकिन द्रविड़ मैदानकर्मियों से बात करते दिखे। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले जडेजा ने अभ्यास करते हुए सबसे ज्यादा समय बिताया। टीम के चारों स्पिनर भारतीय बल्लेबाजों के साथ अभ्यास करते दिखे।

जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा, लेकिन आगे टर्निंग विकेट देखने को मिल सकते हैं: कुलदीप

राजकोट, एजेंसी। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट श्रृंखला के मैचों में टर्निंग विकेट देखने को मिल सकते हैं, इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि पहले दो टेस्ट मैचों के लिए तैयार किए गए जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा है। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा टेस्ट मैच गुरुवार से सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) स्टेडियम में खेला जाएगा। कुलदीप ने भारतीय टीम के अभ्यास सत्र से पूर्व कहा कि कुल मिलाकर सभी चीज महत्वपूर्ण हैं। तेज गेंदबाज अपनी भूमिका निभा रहे हैं जैसे कि पिछले मैच में देखा होगा। इसलिए जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा होता है। लेकिन ऐसा नहीं है की आपको आगे टर्निंग विकेट देखने को नहीं मिलेंगे। उम्मीद है कि आपको आगे इस तरह के विकेट देखने को मिलेंगे। भारतीय टीम को अभी तक इंग्लैंड के आक्रामक खेल का सामना करना पड़ा है।

बेन स्टोक्स ने कई मामलों में क्रिकेट को बदल दिया: पोप

राजकोट, एजेंसी

इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने 100वां टेस्ट खेलने की तैयारी कर रहे कप्तान बेन स्टोक्स की तारीफ में कहा कि उन्होंने कई मामलों में क्रिकेट खेलने के तरीके को बदल दिया है। अपने खेल से बल्लेबाजी और गेंदबाजी में प्रभाव छोड़ने वाले स्टोक्स ने कप्तानी मिलने के बाद 'बैजबॉल' रणनीति से टेस्ट क्रिकेट खेलने का नजरिया बदल दिया। स्टोक्स 15 फरवरी को राजकोट में तीसरे टेस्ट मैच के लिए मैदान में उतरते ही इंग्लैंड के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो जाएंगे।

पोप ने एससीए स्टेडियम में मंगलवार को इंग्लैंड के अभ्यास सत्र के इतर कहा कि उन्होंने शायद खेल को कई मायनों में बदल दिया है। उनके पास वह तरीका है, जिससे वह जरूरत पड़ने पर टीम से उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवा सकते हैं। एशेज श्रृंखला के उस लॉर्ड्स टेस्ट को कौन भूल सकता है जब पूरी तरह से दबाव में होने के बाद भी उन्होंने टीम को जीत दिलाई।

पोप ने कहा कि अपने 99 टेस्ट के अब तक के कॅरियर में उन्होंने कई बार ऐसा किया है और यह अविश्वसनीय है। किसी के लिए भी 100 टेस्ट मैच खेलना शानदार है। जाहिर तौर पर उनके कॅरियर में उतार-चढ़ाव आए, लेकिन जब से वह कप्तान बने हैं तब से उनका प्रदर्शन अद्भुत रहा है। खिलाड़ियों का प्रबंध करने का स्टोक्स का तरीका उन्हें दूसरों से अलग बनाता है।

क्रिकेट में हजारे को टक्कर देने वाले बल्लेबाज थे दत्ताजीराव

नई दिल्ली, एजेंसी

किस्मत से भारतीय कप्तान बने दत्ताजीराव गायकवाड़ कवर ड्राइव के साथ अन्य शॉट खेलने के मामले में विजय हजारे को टक्कर देते थे लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वह अपनी प्रतिभा के साथ न्याय करने में विफल रहे। बड़ौदा के इस बल्लेबाज को 11 से अधिक टेस्ट खेलने चाहिए थे। दत्ताजीराव का मंगलवार को 95 वर्ष की आयु में उनके गृहनगर बड़ौदा में निधन हो गया। वह 2016 में दीपक शोधन की मृत्यु के बाद सबसे उम्रदराज जीवित भारतीय टेस्ट क्रिकेटर थे। अपने शानदार कवर ड्राइव से 1950 के दशक की बॉम्बे (अब मुंबई) की मजबूत टीम को परेशान करने वाले दत्ताजीराव का अंतर्राष्ट्रीय करियर घरेलू क्रिकेट जितना परवान नहीं चढ़ा। उन्हें 1952 से 1961 तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वैसी सफलता नहीं मिली। उनके बेटे अंशुमान ने 1970 से 80 के दशक तक 40 टेस्ट खेले।

उम्रदराज भारतीय टेस्ट क्रिकेटर

- दत्ताजीराव का 95 वर्ष की आयु में गृहनगर बड़ौदा में हुआ निधन

महिला वनडे रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचीं मंधाना

दुबई, एजेंसी

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। मुंबई की 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट का स्थान लिया जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला में लचर प्रदर्शन से पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं। इंग्लैंड की नेट साइवर ब्रंट, श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी बल्लेबाजी रैंकिंग में पहले तीन स्थान पर काबिज हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर दसवें स्थान पर बनी हुई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं, लेकिन ऑलराउंडर की सूची में वह एक पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की सोफी एक्लेसटोन शीर्ष पर बनी हुई हैं।

जोसेफ, एमी हंटर आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

दुबई, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शामर जोसेफ मंगलवार को आईसीसी मासिक पुरस्कार को जीतने वाले वेस्टइंडीज के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। आयरलैंड की आक्रामक युवा बल्लेबाज एमी हंटर जिम्बाब्वे के खिलाफ प्रदर्शन के बाद महिला वर्ग में यह खिताब जीतने में सफल रहीं। पिछले सप्ताह खिलाड़ियों की सूची की घोषणा के बाद आईसीसी ने जनवरी के लिए पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की।



'सेक्शन 108' में वकील बनेंगे नवाजुद्दीन

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आने वाली फिल्म 'सेक्शन 108' में वकील की भूमिका में नजर आएंगे। 'सेक्शन 108' का निर्देशन रसिख खान ने किया है और यह फिल्म सिनेमावाला प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन ने बीमा क्लेम करने वाले वकील ताहूर खान की भूमिका निभाई है। 'सेक्शन 108' के निर्माताओं ने बताया कि यह फिल्म एक मनोरम सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है, जिसमें नवाजुद्दीन एक बार फिर प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ अपने बहुमुखी अभिनय कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस फिल्म में अरबाज खान, रेजिना कैसेंड्रा, आसिफ खान, रूमी खान, सानंद वर्मा, अलीशा ओहरी और सहर्ष कुमार शुक्ला भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

सोरारई पोटरु का हिंदी रीमेक 'सरफिरा' में नजर आएंगे अक्षय

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म 'सरफिरा' में दिखाई देंगे। ये फिल्म दक्षिण भारतीय फिल्म सोरारई पोटरु का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में तमिल स्टारर सूर्या ने लीड रोल निभाया था। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'सरफिरा' का अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है। अक्षय कुमार ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर 'सरफिरा' का वीडियो शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने रिलीज डेट की जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, इतना बड़ा सपना देखों, वो तुम्हें पागल बुलाए 'सरफिरा' सिनेमाघरों में 12 जुलाई, 2024 को रिलीज हो रही है।

लाहौर 1947 में सनी देओल संग काम करेंगी प्रीति जिंटा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा फिल्म निर्देशक राजकुमार संतोषी की फिल्म लाहौर 1947 में नजर आएंगी। आमिर खान फिल्म लाहौर 1947 का निर्माण कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे है। लाहौर 1947 में सनी देओल की अहम भूमिका है। लाहौर 1947 मे अब प्रीति जिंटा का नाम भी जुड़ गया है। राजकुमार संतोषी ने बताया कि लंबे समय के बाद, प्रीति जिंटा फिर से सिल्वर स्क्रीन पर लाहौर 1947 के साथ एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वह वास्तव में हमारे इंडस्ट्री के एक बेहद प्रतिभाशाली बेहतरीन और सबसे स्वाभाविक अभिनेत्री हैं। प्रीति जो भी किरदार निभाती हैं, उसमें खुद को पूरी तरह से निवेश कर देती हैं और दर्शकों को यह महसूस कराती हैं कि वह उस किरदार के लिए ही बनी हैं। फिल्म 1947 की स्क्रिप्ट एक ऐसी जोड़ी की मांग करती है जो सनी और प्रीति की तरह सटीक हो।

भूल-भुलैया 3 में हुई विद्या की एंट्री

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन फिल्म 'भूल-भुलैया 3' में नजर आएंगी। फिल्म भूल भुलैया में विद्या बालन ने अहम भूमिका निभाई थी। भूल भुलैया 2 में विद्या बालन ने काम नहीं किया। 'भूल-भुलैया 3' में विद्या बालन की एंट्री हो गई है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर बताया कि भूल भुलैया 3 में विद्या बालन की एंट्री हो गई है। कार्तिक आर्यन ने कैप्शन में लिखा, 'और ये हो रहा है... ऑरिजनल मंजुलिका की दोबारा भूल भुलैया की दुनिया में एंट्री हो चुकी है। विद्या बालन का स्वागत करते हुए सुपर थ्रिल महसूस कर रहा हूं।' कार्तिक आर्यन के इस पोस्ट के बाद विद्या बालन ने सोशल मीडिया पर लिखा, मेरे ढोलना... आ रही है वापस, आपकी मंजुलिका, इस बार रूह बाबा कार्तिक आर्यन के साथ।

रश्मिका ने पुष्पा 2 के सेट से की तस्वीरें साझा

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म पुष्पा 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का निर्माण जोरों पर है और टीम इसकी सफलता में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इस दौरान मंदाना ने सेट से फिल्म निर्माता सुकुमार की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ये तस्वीर साझा की। मेकर्स ने हाल ही में फिल्म की रिलीज से पहले ओटीटी रिलीज की घोषणा की है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसकी जानकारी खुद ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है कि जल्द ही पुष्पा 2 नेटफ्लिक्स पर हिंदी, तमिल और तेलुगु में आएगी। हालांकि, फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट अभी तय नहीं हुई है। ये फिल्म दुनिया भर के सिनेमाघरों में कई भाषाओं में रिलीज होगी। सुकुमार द्वारा निर्देशित और माइथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित, पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन, रश्मिका और फहद फासिल मुख्य भूमिका में हैं। संगीत राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता देवी श्री प्रसाद ने दिया है।

माही और गोल्डी का गाना मरद बनाइब रंगदरवा के रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका गोल्डी यादव का गाना मरद बनाइब रंगदरवा के रिलीज हो गया है। 'मरद बनाइब रंगदरवा के' गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्डस भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। गाने में माही श्रीवास्तव कहती हैं कि 'तू ही कहा केहू से डेराई केहु के, खात बानी आपन लजाई काहे के... ढील देले बानी इयारवा के, राखेला सवख हथियरवा के, जाईब खिलाफ भले घरवा के, बाकी मरद बनाइब रंगदरवा के...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत मरद बनाइब रंगदरवा के' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने की सिंगर गोल्डी यादव हैं। इसके वीडियो में माही श्रीवास्तव हैं। गीतकार आशुतोष तिवारी हैं और संगीतकार प्रियांशु सिंह हैं। वीडियो डायरेक्टर विझेल, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, डीओपी राजन वर्मा हैं। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के पास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

किसानों ने लोहे और कंक्रीट के बैरिकेड्स तोड़े, चक्का जाम

तमिलनाडु के किसानों ने प्रदर्शन कर पंजाब-हरियाणा के किसानों को अपना समर्थन दिया है। किसानों की 'दिल्ली चलो' यात्रा को समर्थन देते हुए त्रिची के किसान सड़कों पर लेट गए। मांगो को लेकर कई किसान मोबाइल टावर पर चढ़ गए।

मंगलवार को टिकरी बॉर्डर पर लगे बैरिकेड्स और कंसर्टिना तार को हटाते किसान।

नई दिल्ली, एजेंसी

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी को लेकर कानून बनाने समेत विभिन्न मांगों के लिए पंजाब-हरियाणा और उत्तर प्रदेश समेत देश के कई हिस्सों में किसानों ने राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शन किया।

मंगलवार को दिल्ली से सटी सीमाओं पर भारी जाम रहा, किसानों ने लोहे और कंक्रीट के बैरिकेड्स तोड़े सड़कों पर प्रदर्शनकारियों के आंदोलन के चलते आम लोगों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

दिल्ली से जुड़े सोनीपत के कुंडली और बहादुरगढ़ के टीकरी बॉर्डर को दिल्ली पुलिस ने पूरी तरह से सील कर दिया है। हरियाणा के सात जिलों में 15 फरवरी तक इंटरनेट बंद हैं। दिल्ली पुलिस ने कई लेयर में बैरिकेड लगाकर दिल्ली की तरफ आने-जाने वाले दोनों रास्तों को बंद कर दिया है। टिकरी बॉर्डर से दिल्ली की तरफ जाने वाले अन्य रास्तों को भी बंद कर दिया गया है। सोनीपत में कुंडली बॉर्डर पर वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद करने के बाद केएमपी-केजीपी एक्सप्रेस वे के जीरो प्वाइंट से वाहनों को निकाला जा रहा है। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए दिल्ली-एनसीआर की सीमाओं पर बैरिकेडिंग की गई, लेकिन किसानों ने उन्हें भी तहस-नहस कर दिया। पुलिस और किसानों के बीच हुई इस झड़प में कई घायल हुए। तमिलनाडु में भी प्रदर्शन देखने को मिला है। एमएसपी की गारंटी को लेकर कानून बनाने समेत अपनी और कई मांगों को स्वीकार कराने के लिए विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।

शंभू बॉर्डर पर उग्र किसानों को काबू करने के लिए पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले।

किसान नेता नजरबंद

पुलिस ने हरियाणा के किसान नेताओं के घर पर दबिश दी और करीब एक दर्जन किसान नेताओं को उनके घरों में ही नजरबंद कर दिया गया। बापौली थाना पुलिस मंगलवार सुबह गांव गढ़ी भलौर में किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सूरजभान रावल के घर पहुंची। पुलिस ने उनको घर पर ही नजरबंद कर दिया है। इसके अलावा कई किसान नेता पुलिस की पकड़ से बचने अपने मोबाइल फोन बंद करके भूमिगत हो गए हैं।

मंगलवार को किसान आंदोलन की बजह से चक्का जाम हो गया, दिल्ली-एनसीआर में वाहन घंटों तक कतार में खड़े रहे। वहीं गाजीपुर बॉर्डर पर फंसे वाहन।

अन्य राज्यों से साधा संपर्क

गुरुग्राम, फरीदाबाद, मेवात, राजस्थान, नोएडा, फरीदाबाद व हरियाणा के पुलिस अधिकारियों से बात कर सहयोग लिया जा रहा है। हर वाहन को चेक करने के बाद ही दिल्ली में प्रवेश दिया जा रहा है। वहीं, पुलिस ने कुछ थानों में 15 से ज्यादा डिटेशन सेंटर बनाए हैं। जिस जगह पर किसान हिरासत में लिए जाएंगे, उस जगह के विपरीत उन्हें डिटेशन सेंटर में बंद किया जाएगा।

वार्ता में फिर शामिल हों, तोड़फोड़ समस्याओं का हल नहीं

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को प्रदर्शनकारी किसानों से अपनी मांगों को लेकर सरकार के साथ फिर से बातचीत में शामिल होने का आग्रह किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसी भी तरह की हिंसा या टकराव उनकी समस्याओं का समाधान नहीं है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार ने उन किसान संगठनों की कुछ मांगें मान ली हैं, जो बड़ी संख्या में नई दिल्ली की ओर मार्च कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के विश्व व्यापार संगठन से बाहर निकलने और मुक्त व्यापार समझौतों को रद करने जैसे मुद्दों पर व्यापक विचार-विमर्श की आवश्यकता होगी।

एक नजर

अमेरिका: न्यूयॉर्क में गोलीबारी एक की मौत, पांच लोग घायल

न्यूयॉर्क सिटी। अमेरिका के न्यूयॉर्क में सोमवार को ब्रोंक्स के एक सबवे स्टेशन पर छह लोगों को गोली मार दी गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य पांच घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि ये घटना शाम करीब 4:38 बजे हुई। सबवे स्टेशन पर गोलीबारी करने के बाद हमलावर भी फरार हो गया है। पुलिस ने कहा कि करीब 30 साल के एक व्यक्ति की फायरिंग में मौत हो गई है। स्थानीय मीडिया ने पुलिस सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि गोलीबारी में घायल हुए पांच लोगों को गंभीर रूप से चोटें आई हैं। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस गोलीबारी की घटना में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट नहीं बताा है कि गोलीबारी में घायल हुए लोगों की हालत कैसी है।

अमेरिका: दो भारतवंशियों पर वीजा धोखाधड़ी में लगाया अभियोग

न्यूयॉर्क। भारतीय मूल के दो युवकों पर फर्जी सशस्त्र डकैती करने और वीजा धोखाधड़ी की साजिश के लिए अभियोग लगाया गया है। रामभाई पटेल (36) और बलविंदर सिंह (39) पर धोखाधड़ी की साजिश रचने के आरोप है। रामभाई को पिछले साल दिसंबर में सिएटल में गिरफ्तार कर, मुकदमा लंबित रहने तक हिरासत में रखा गया था। बलविंदर सिंह को उसी समय यहां क्वींस में गिरफ्तार किया गया था और दिसंबर 2023 में प्रारंभिक उपस्थिति के बाद कुछ शर्तों पर रिहा कर दिया गया था।

श्रीनगर: पंजाब के दो श्रमिकों की हत्या करने वाला आतंकी गिरफ्तार

श्रीनगर। पिछले सप्ताह पंजाब के दो मजदूरों की हत्या करने वाले आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने बताया कि आतंकी के पास से एक पिस्तौल बरामद की गई है। उन्होंने कहा सात फरवरी को शहर के हब्बा कदल इलाके में पंजाब के दो मजदूरों पर गोलियां चलाने वाले आतंकवादी आदिल मंजूर लंगू को गिरफ्तार कर लिया गया है। कुमार ने कहा कि श्रीनगर में गिरफ्तार किए गए लंगू को सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान के आतंकियों द्वारा आतंकवादी गतिविधियों के लिए प्रेरित किया गया था।

ट्रंप ने चुनाव हस्तक्षेप केस स्थगित करने की कोर्ट से की मांग

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि उन्हें 2020 के चुनाव में हार को पलटने की साजिश रचने संबंधी आरोप में अभियोजन से छूट प्राप्त है और इसलिए उन पर चल रहे चुनाव हस्तक्षेप मुकदमे को स्थगित किया जाना चाहिए। उनके वकीलों ने सोमवार को अदालत में एक आपातकालीन अपील दायर की। इससे चार दिन पहले न्यायाधीशों ने इस बार के राष्ट्रपति चुनाव से उन्हें बाहर करने के प्रयासों से संबंधित मुकदमे में सुनवाई की थी। ट्रंप के वकीलों को संघीय अदालतों में अपनी अपील को लेकर अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

राष्ट्रपति चुनाव: विपक्ष के बाद अपने ही पार्टी के निशाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति

बाइडन की उम्र पार्टी के लिए चिंता का मुद्दा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन दोबारा राष्ट्रपति पद के लिए कमर कस चुके हैं, लेकिन बढ़ती उम्र का मुद्दा उनका पीछा नहीं छोड़ रहा है। अब अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री और पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पत्नी हिलेरी क्लिंटन ने एक साक्षात्कार में कहा है कि राष्ट्रपति बाइडन की उम्र डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए चिंता का मुद्दा है।

हिलेरी ने कहा है कि बाइडन भी इस मामले की गंभीरता को समझते हैं। सारा विवाद गोपनीय दस्तावेज से जुड़े केस में स्पेशल काउंसिल रॉबर्ट हर की रिपोर्ट से शुरू हुआ है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया कि बाइडन इतने बुजुर्ग हो गए हैं कि उन्हें ओबामा सरकार में 2015 में बेटे ब्यू की कैंसर से मौत की तारीख तक याद नहीं। इस रिपोर्ट पर बाइडन ने कहा कि मेरी याद्दाश्त सही है। लेकिन, कुछ मिनट बाद बाइडन ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी को मैक्सिको का राष्ट्रपति कह दिया।

बाइडन-ट्रंप में कौन लोकप्रिय

42 फीसदी बाइडन (81)
18 अगस्त को शिकागो में डेमोक्रेटिक कंवेंशन, जो बाइडन औपचारिक रूप से डेमोकेट प्रत्याशी घोषित होंगे।

45 फीसदी ट्रंप (77)
15 जुलाई को मिलवाकी में रिपब्लिकन कंवेंशन होगा, जिसमें औपचारिक रूप से राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति प्रत्याशी चुना जाएगा।



बाइडन को दी जा सकती है चुनौती

नए उम्मीदवार को अगस्त में होने वाले शिकागो के डेमोक्रेटिक सम्मेलन (डीएनसी) में 3936 डेलीगेट्स में से 1969 का समर्थन पाना होगा।

बाइडन खुद हटें तो होगी बैठक

डीएनसी को आपात बैठक बुलानी होगी, इसमें 500 डेमोक्रेटिक डेलीगेट्स राष्ट्रपति पद के नए उम्मीदवार के बारे में बहुमत से फैसला करेंगे।

चिंता: 73% डेमोक्रेट समर्थक भी मानते हैं बाइडन की उम्र ज्यादा

बाइडन की उम्र से डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए चिंता का विषय है क्योंकि अमेरिकी मतदाता मानते हैं कि राष्ट्रपति पद के लिए बाइडन मानसिक रूप से फिट नहीं है। हाल ही में एबीसी/इप्सोस के एक सर्वे में सामने आया है कि 86 फीसदी अमेरिकी मतदाता मानते हैं कि राष्ट्रपति पद के दूसरे कार्यकाल के लिए बाइडन की उम्र काफी ज्यादा है। वहीं, 73 फीसदी डेमोक्रेट मतदाता भी बाइडन को बुजुर्ग मानते हैं। काउंसिल की रिपोर्ट के बाद बाइडन के डिमेंशिया टेस्ट की मांग भी जोर पकड़ रही है।

उपलब्धि: अर्थव्यवस्था-रोजगार के मुद्दे पर बाइडन का पलड़ा भारी

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बाइडन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को तब गर्त से बाहर निकाला, जब दुनिया दो बड़े युद्धों का सामना कर रही थी। रूस-यूक्रेन और इजराइल हमास युद्ध के बावजूद बाइडन के दौर में अमेरिकी अर्थव्यवस्था में वेतन बढ़ता और बेरोजगारी कम होते देखी है। बाइडन ने पिछले महीने 3.53 लाख नई नौकरियां जोड़ीं। लाखों छात्रों को शिक्षा लोन के बोझ से मुक्त कराया है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक नहीं पहुंचे ईडी कार्यालय

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला आज श्रीनगर में ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि श्रीनगर पहुंचने के बाद ही ईडी कार्यालय में जाऊंगा।

उन्होंने कहा मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है मैंने कोई गलत कार्य नहीं किया है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि इससे पहले ईडी मुझे पहले भी दो बार पूछताछ कर चुकी है। ईडी इस मामले में फारूक से पहले भी तीन बार बुला चुकी है। वह सिर्फ 11 जनवरी 2024 को ईडी के बुलाने पर नहीं गए थे। उससे पहले उन्हें जब भी बुलाया गया, वह पूछताछ के लिए पहुंचे हैं। शुरू में इस मामले की जांच जम्मू कश्मीर पुलिस की अपराध शाखा ने की, इसके बाद में जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया। सीबीआई ने अपनी जांच में घोटाले की पुष्टी करते हुए 11 जुलाई 2018 को अदालत में आरोपपत्र दायर किया था।

हर माह 300 यूनिट मुफ्त मिलेगी बिजली, पीएम मोदी ने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से 1 करोड़ घरों को मिलेगा लाभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के लोगों को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने के लिए मंगलवार को पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना की घोषणा की। उन्होंने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, सतत विकास और लोगों की भलाई के लिए, हम पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना शुरू कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, 75,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली इस परियोजना का लक्ष्य हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके 1 करोड़ घरों को रोशन करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों के बैंक खातों में सीधे दी जाने वाली पर्याप्त सब्सिडी से लेकर भारी रियायती बैंक ऋण तक, केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि लोगों पर लागत का कोई बोझ न पड़े।

उन्होंने कहा, सभी हितधारकों को एक राष्ट्रीय ऑनलाइन पोर्टल के साथ समेकित किया जाएगा जो और भी सहूलियतों को बढ़ाएगा।

मोदी ने कहा कि जमीनी स्तर पर इस योजना को लोकप्रिय बनाने के लिए शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को अपने अधिकार क्षेत्र में रूफटॉप सौर प्रणालियों (छतों पर सौर ऊर्जा) को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

उन्होंने कहा,साथ ही, इस योजना से लोगों के लिए अधिक आय, कम बिजली बिल और रोजगार सृजन होगा। प्रधानमंत्री ने सौर ऊर्जा और सतत प्रगति को बढ़ावा देने के लिए सभी आवासीय उपभोक्ताओं, विशेषकर युवाओं से आग्रह किया कि वे 'पीएमसूर्यघर डॉट जीओवी डॉट इन' पर आवेदन करके पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना को मजबूत करें।

चुनाव आयोग के फैसले को शरद पवार ने दी चुनौती, शीर्ष कोर्ट में दायर की याचिका

मुंबई। शरद पवार गुट ने चुनाव आयोग के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। दरअसल, शरद पवार गुट ने भारत के चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसमें अजीत पवार समूह को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के रूप में मान्यता दी गई थी।



यह याचिका शरद पवार ने वकील अभिषेक जेबराज के माध्यम से सोमवार शाम को दायर की थी। उनसे पहले, अजीत पवार गुट ने वकील अभिकल्प प्रताप सिंह के माध्यम से एक कैविएट दायर की थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अगर शरद पवार समूह शीर्ष अदालत में जाता है, तो उसके पक्ष में कोई एकतरफा आदेश पारित न किया जाए। 6 फरवरी को चुनाव आयोग ने घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली एनसीपी है, जिससे पार्टी संस्थापक शरद पवार को बड़ा झटका लगा।

बिलावल पीएम पद की रेस से बाहर, नवाज का समर्थन करेंगे

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनावी नतीजे आने के बाद सरकार बनाने के लिए बैठकों का दौर जारी है। बिलावल भुट्टो जरदारी मंगलवार को प्रधानमंत्री पद की रेस हट गए और कहा कि उनकी पार्टी सरकार का हिस्सा बने बिना प्रधानमंत्री पद के लिए पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के उम्मीदवार का समर्थन करेगी।

बिलावल का फैसला पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा मंगलवार को दोहराए जाने के कुछ घंटों बाद आया कि पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। बिलावल ने अपनी अध्यक्षता में हुई पीपीपी की उच्चाधिकार प्राप्त केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक के बाद कहा कि उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाने के लिए जनादेश प्राप्त करने में विफल रही। पीपीपी के नेता फैसल करीम ने धमकी दी कि अगर बिलावल को पीएम नहीं बनाया गया तो पीपीपी विपक्ष में बैठने को तैयार है।

पीटीआई ने भी ठोकी सत्ता पर दावेदारी

इमरान की पार्टी पीटीआई ने भी सरकार बनाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। पार्टी ने कई विशेष समीतियों का गठन किया है, जो केंद्र में, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा राज्य में पीटीआई की सरकार बनाने की रणनीति बनाएंगी। चुनाव नतीजों के बाद पीटीआई की कोर कमेटी की बैठक हुई, जिसमें सरकार और संसदीय पदों पर लोगों की नामांकन प्रक्रिया को जल्द पूरा करने पर सहमति बनी। पाकिस्तान आम चुनाव में पीटीआई समर्थित 101 निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं और पीटीआई सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

मूर्तियों को संवारने में मग्न मूर्तिकार ...

गुवाहाटी: बसंत पंचमी आज है। बुधवार को मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। ऐसे में पूजा की तैयारी जोरों पर है। पूजा स्थल की साज-सज्जा की जा रही है। मूर्तिकार ऑर्डर के अनुरूप मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। तैयार मूर्तियों को आयोजक ले जा रहे हैं। गुवाहाटी में मां सरस्वती की कई फीट ऊंची मूर्तियां बनाईं गई, अंतिम रूप देने के बाद संवारने में मग्न मूर्तिकार। ● एजेंसी

कोर्ट ने हत्या मामले में विपक्षी विधायक को उम्रकैद की सजा सुनाई

आरा (बिहार)। महागठबंधन के एक विधायक को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। भोजपुर के अगिआंव विधायक से माले विधायक मनोज मंजिल को हत्या में मामले में सजा सुनाई गई है।

आरा सिविल कोर्ट इस मामले में सुनवाई कर रही थी। मंगलवार को एडीजे तीन की अदालत ने मनोज मंजिल को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही अर्थ दंड भी लगाया। दरअसल, 2015 विधानसभा चुनाव के समय जेपी सिंह नाम के व्यक्ति की हुई थी। इसका आरोप मनोज मंजिल पर लगा था। मंगलवार को तरारी से माले विधायक सुदामा प्रसाद भी आरोपी विधायक से मिलने पहुंचे।

कनाडा में आतंकी पन्नू के करीबी के घर पर फायरिंग, जांच जारी

टोरंटो। कनाडा के ओंटारियो प्रांत में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के करीबी के घर पर फायरिंग की घटना सामने आई है। द गार्जियन के अनुसार, ब्रैम्पटन में आतंकी के करीबी इंद्रजीत सिंह गोसल के घर की खिड़की पर गोली का छेद मिला है। हालांकि, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

पुलिस ने इससे इनकार नहीं किया है कि घर पर और कई राउंड फायरिंग हुई हों। इंद्रजीत सिंह ने हाल ही में घोषणा की थी कि टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर वह 17 फरवरी को खालिस्तान समर्थक रैली निकालेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, उसने पन्नू के साथ कार्य किया है। गौरतलब है कि यह घटना आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के करीबी के घर पर की गई फायरिंग के कुछ दिन बाद सामने आई है।

विज्ञान इंग्लैंड के सेंट्रल लंकाशायर विवि के वैज्ञानिकों ने की खोज, ग्रहों के गोल आकार की अवधारणा बदली

पहली बार हुई चपटे आकार के एक्सोप्लैनेट ग्रह की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : माना जाता रहा है कि ब्रह्मांड में तारों की परिक्रमा करते ग्रहों का आकार गोल होता है। मगर हाल में खोजे गए एक बाहरी ग्रह (एक्सोप्लैनेट) ने इस अवधारणा पर विराम लगा दिया है। इंग्लैंड में सेंट्रल लंकाशायर विश्वविद्यालय (यूसीएलएन) के वैज्ञानिकों की एक टीम ने यह खोज की है।

उन्होंने दूर अंतरिक्ष में एक ग्रह को युवा तारे की परिक्रमा करते हुए देखा। मगर उसका आकार गोलाकार के विपरीत चपटा था। जिसे देखकर वैज्ञानिक हैरान हो गए और इसकी वास्तविकता को जानने के लिये अध्ययन क्षेत्र का विस्तार करना पड़ा। अंत में कंप्यूटर सिमुलेशन का उपयोग करना। इस अध्ययन में चपटी आकृतियाँ सामने आई।

पहली बार खोजा गया चपटा ग्रह।

वैज्ञानिकों का यह दल लंबे समय से बाहरी ग्रहों की खोज कर रहे हैं, लेकिन पहले कभी सिमुलेशन के जरिए ग्रहों के आकार की जांच करने की जरूरत नही पड़ी। मगर इस खोज में पहली बार इसका सहारा लेना पड़ा।

खोजकर्ता टीम के वैज्ञानिक दिमित्रिस स्टैमाटेलोस का कहना है कि हम बहुत आश्चर्यचकित थे कि जिसे हम गोलाकार समझ रहे थे, वह चपटा निकला। वैज्ञानिक इस ग्रह को स्मार्टीज़ चॉकलेट नाम से पुकार रहे हैं। सर्वविदित है कि नेस्ले कंपनी चौकलेट बनाती है। जिसका आकार चपटा होता है। यह खोज एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स लेटर्स जर्नल में प्रकाशित होने जा रही है।

ग्रहों के निर्माण की जानकारी देगा ग्रह

इस बाहरी ग्रह का आकार भविष्य चपटा रहेगा या गोलाकार में परिवर्तित होगा, इस बारे में अभी निश्चित कुछ नही कहा जा सकता। बहरहाल खगोलविद इस ग्रह पर निरंतर नजर रखेंगे और इ सका अध्ययन जारी रखेंगे। इससे कई जानकारियां मिल सकती हैं। जिनमें सबसे बड़ी जानकारी ग्रहों के निर्माण व विकास से जुड़ी होगी।

अमेरिका में उड़ान के बीच गिरा विमान का दरवाजा, आपात लैंडिंग

चीकटोवागा। अमेरिका में उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद एक छोटे विमान का पिछला दरवाजा गिर गया। इस दौरान विमान एयरपोर्ट से दक्षिण में कुछ दूरी पर चीकटोवागा के ऊपर उड़ान भर रहा था, जिसके बाद इसकी आपात लैंडिंग करानी पड़ी।

मीडिया के मुताबिक, विमान में दो लोग सवार थे। विमान को बफेलो नियाग्रा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया। इस घटना में संपत्ति के नुकसान या किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विमान के दरवाजे की तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया है। इससे पहले भी इस तरह का एक मामला सामने आ चुका है। अलास्का एयरलाइंस की एक फ्लाइट की खिड़की उड़ान के दौरान 16 हजार फीट की ऊंचाई पर अचानक निकल गई थी।

इजराइल को हथियारों की आपूर्ती रोके अमेरिका : यूरोपीय संघ

वाशिंगटन, एजेंसी

राफा शहर पर हमले के बाद इजराइल पर दुनियाभर से दबाव पड़ना शुरू हो गया है। यूरोपीय संघ की विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल ने मांग की है कि इजराइल के सहयोगी खासकर अमेरिका, इजराइल को हथियारों की आपूर्ती करना बंद करे। बोरेल ने कहा कि गाजा में बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं।

बीते हफ्ते ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि इजराइल की सैन्य कार्रवाई चरम पर पहुंच चुकी है। बोरेल ने बाइडन के उस बयान का हवाला देते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि लोग मारे जा रहे हैं तो आपको कम मात्रा में हथियार देने चाहिए ताकि कई लोगों को मरने से बचाया जा सके। ब्रुसेल्स में मीडिया से बात करते हुए बोरेल ने कहा कि अमेरिका का युद्ध पर चिंता जताना और इस्राइल को हथियारों की आपूर्ती जारी रखना सही नहीं है। बोरेल ने कहा कि 'कितनी बार प्रमुख देशों के नेताओं और विदेश मंत्रियों ने लोगों के मारे जाने पर चिंता जतायी है। अगर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को लगता है कि नरसंहार हो रहा है और लोग मारे जा रहे हैं तो हमें शायद हथियारों के बारे में सोचने की जरूरत है।

युद्धविराम का समर्थन के लिए तैयार: क्रेमलिन

मॉस्को। क्रेमलिन ने मंगलवार को कहा कि वह इजराइली बंधकों की रिहाई और गाजा में युद्धविराम के लिए किसी भी कार्रवाई का समर्थन करने के लिए तैयार है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, हमारा मानना है कि कार्रवाई रचनात्मक होनी चाहिए, जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय कानून और पहले से अपनाई गई सुरक्षा के ढांचे के भीतर समस्या का व्यापक समाधान करना हो। पेसकोव इजराइल और हमास के साथ अमेरिकी वार्ता पर टिप्पणी कर रहे थे।